या देवी सर्वभूतेषु माँ कालरात्रि रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

नवरात्रि का सातवां दिन
मां कालरात्रि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
ॐ देवी कालरात्र्यै नमः ॥

रांची, सोमवार, 15 अप्रैल 2024, वर्ष : 15, अंक : 62, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,244.90 | -793.25 (-1.06%) |
| निफ्टी | 22,519.40 | -234.40 (-1.03%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 22 carat | 66,500.00 |
| चांदी | | 855.00 |

## एक झलक

### गहरी खाई में गिरी कार, चार की मौत

**देहरादून** : उत्तराखंड के बागेश्वर में रविवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। बालीघाट धरमघर मोटर मार्ग पर एक कार नदी में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाल लिया है। हालांकि, अभी मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पायी है। मृतकों की उम्र 35 से 40 वर्ष के बीच है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और फायर सर्विस की टीम खाई में उतर कर नदी तक पहुंची, जहां चार शव पड़े मिले। शवों को खाई से रेस्क्यू कर बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना सुबह लगभग चार बजे की बतायी जा रही है।

### अमरनाथ यात्रा 29 जून से होगी शुरू

**जम्मू** : वार्षिक अमरनाथ यात्रा इस साल 29 जून से शुरू होगी। अमरनाथ यात्रा का पंजीकरण सोमवार से शुरू होगा। अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने रविवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा 2024 इस साल 29 जून से शुरू होगी। इसमें कहा गया कि 50 दिवसीय यात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी, जबकि पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होगा।

### कार-ट्रक की टक्कर में छह लोग जिन्दा जले

**चूरू** : सीकर के फतेहपुर पुलिस थाना क्षेत्र के चूरू-सालासर हाईवे पर रविवार को तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गयी। हादसे के बाद कार और ट्रक में आग लग गयी। आग से कार सवार छह लोग जिन्दा जल गये। पुलिस के मुताबिक मरनेवालों में दो बच्चे, महिलाएं और पुरुष शामिल हैं। हादसा आशीर्वाद पुलिया पर चढ़ते ही 200 मीटर दूरी पर हुआ। आगे चलते ट्रक से कार पीछे से टकरायी। ट्रक में रूई भरी हुई थी। कार यूपी नम्बर की बतायी जा रही है। हालांकि, मृतकों की संख्या के बारे में प्रशासन की ओर से अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है।

### राजनयिकों ने लगायी बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी

**वाराणसी** : मॉरीशस, श्रीलंका, सेशेल्स और मोलडोव समेत कई देशों के राजनयिकों ने रविवार शाम श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगायी। दरबार में सभी विदेशी राजदूतों ने दर्शन-पूजन किया। दर्शन-पूजन के बाद राजदूत आह्लादित दिखे। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने सभी राजनयिकों एवं उनके परिजनों का श्री विश्वनाथ दुपट्टा एवं प्रसाद देकर स्वागत किया।
श्री काशी विश्वनाथ मंदिर प्रबंधन के मुताबिक दर्शन-पूजन के बाद राजनयिकों ने मंदिर गेट के समक्ष फोटो भी खिंचवाया।

## अंदर के पन्नों पर

3 मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए करें प्रेरित...
5 'संविधान बचाओ तानाशाही हटाओ' आरम्भ...
7 बाबा साहेब के त्याग, बलिदान व परिश्रम की देन है...
9 डॉ. भीमराव अम्बेदकर की मनायी गयी 133वीं जयंती...
10 आईपीएल 2024 : आरसीबी और सनराइजर्स का...

# झारखंड में 04 लोकसभा सीटों के लिए 18 से शुरू होगा नामांकन, उम्मीदवारों का जनसम्पर्क तेज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : राज्य में इस बार लोकसभा की 14 सीटों के लिए चुनाव चार चरणों में होंगे। पहले चरण में चार सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया 18 अप्रैल से शुरू होगी और 13 मई को वोट डाले जायेंगे।
राज्य की 14 लोकसभा सीटों में एनडीए, इंडी गठबंधन और अन्य दल अब तक 34 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुके हैं। घोषित प्रत्याशी गर्मी की तपिश में पसीना बहा रहे हैं। लगातार प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है। झारखंड में पहले चरण में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीट के लिए चुनाव होंगे। इसके लिए 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होगी और उसी तारीख से नामांकन शुरू हो जायेगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, नामांकन पत्रों की जांच की तिथि 26 अप्रैल, नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल और मतदान की तारीख 13 मई है।
पहले चरण के लिए एनडीए, इंडी गठबंधन, झापा और सीपीआई ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। एनडीए ने झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। जबकि, इंडी गठबंधन ने अब तक केवल नौ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। पांच सीटों पर अब भी प्रत्याशियों की घोषणा बाकी है। सीपीआई और जेबीकेएस ने भी कुछ सीटों पर प्रत्याशियों की




घोषणा की है। अब तक न तो एनडीए ने और न ही इंडी गठबंधन ने झारखंड के लिए स्टार प्रचारकों की घोषणा की है। हालांकि, घोषित प्रत्याशी बिना स्टार प्रचारकों के ही अपने स्तर से जनसम्पर्क और छोटी-छोटी सभाएं कर रहे हैं। पार्टी के नेताओं से सम्पर्क और नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने की भी कोशिशें कर रहे हैं। प्रत्याशी गांव-गांव, चौक-चौराहों पर जाकर लोगों से मिल रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रचार सोशल मीडिया पर हो रहा है। प्रत्याशी अपनी रोजाना की गतिविधियां सोशल मीडिया पर डालते हैं।
इंडी गठबंधन का प्रचार अभियान 21 अप्रैल से विधिवत शुरू हो जायेगा। इस दिन रांची के प्रभात तारा मैदान में झामुमो ने न्याय उलगुलान रैली का आयोजन किया है। उस रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, वाम नेता दीपांकर भट्टाचार्य, आप नेता,पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, बिहार के नेता तेजस्वी यादव, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल सहित अन्य इंडी गठबंधन के दिग्गजों का जमावड़ा होगा। उसी दिन से इंडिया गठबंधन का प्रचार अभियान भी जोर पकड़ेगा। इस पूरे कार्यक्रम की बागडोर पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के कंधों पर है। वह बीच-बीच में बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा भी ले रही हैं।
उल्लेखनीय है कि सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में पहले चरण में 13 मई, दूसरे चरण में 20 मई को चतरा, कोडरमा और हजारीबाग, तीसरे चरण 25 मई को गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर और चौथे चरण 01 जून को राजमहल, दुमका और गोड्डा लोकसभा सीटों का चुनाव होगा। मतगणना 04 जून को होगी।

## भारतीय जनता पार्टी ने जारी किया चुनावी वादों का संकलन

# संकल्प पत्र में अनेक संकल्प

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को संकल्प पत्र नाम से पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संकल्प पत्र का लोकार्पण किया।

**एक साथ चुनाव और समान नागरिक संहिता का वादा**

प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने संकल्प पत्र को 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने का मिशन बताया। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र युवा, नारी, गरीब और किसान को सशक्त करने की हमारी सोच से प्रेरित है। भाजपा लोगों को सम्मान के साथ गुणवत्तापूर्ण जीवन और नये अवसर देना चाहती है। उन्होंने एकसाथ राज्यों एवं केन्द्र में चुनाव और समान नागरिक संहिता पर जोर देते हुए अपने अगले कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई की गारंटी दी।
इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्रियों, पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और मीडिया को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराया। संकल्प पत्र में उल्लेखित गारंटियों को जिक्र करते हुए उन्होंने देश के समाजिक, डिजिटल और भौतिक ढांचागत सुविधाओं को विस्तार देने की अपनी सरकार ● शेष पृष्ठ 11 पर



### 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 05 लाख तक मुफ्त इलाज

**प्रधानमंत्री** ने वर्तमान में जारी सरकार की योजनाओं को आगे भी जारी रखने और विस्तार देने की गारंटी दी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना का लाभ 70 वर्ष के अधिक आयु के बुजुर्गों को दिया जायेगा। योजना के तहत 05 लाख तक का मुफ्त इलाज कराया जा सकता है। तीन करोड़ नये घर बनाये जायेंगे। लोगों के घरों तक सस्ती पाइप के माध्यम से गैस पहुंचायी जायेगी। मुद्रा ऋण को दोगुना यानी 20 लाख किया जायेगा। तीन करोड़ लखपति दीदी बनायी जायेंगी। महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, जनजातीय गौरव दिवस, एकलव्य स्कूल, तमिल भाषा को बढ़ावा दिया जायेगा। लोगों को 80 प्रतिशत कम कीमतों पर जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी और गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त राशन दिया जाना जारी रहेगा।

**भाजपा के संकल्प पत्र में क्या-क्या**

- एक राष्ट्र, एक चुनाव
- समान नागरिक संहिता
- पाइप से रसोई गैस सप्लाई
- 3 करोड़ लखपति दीदी
- बुलेट, वंदे भारत जैसी ट्रेनों का विस्तार
- टिकटों की वेटिंग लिस्ट में कमी
- काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर परियोजनाएं




# चुनावी सभाओं में जम कर झूठ बोल रहे प्रधानमंत्री : प्रियंका गांधी

एजेंसी

**जयपुर** : कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को पश्चिमी राजस्थान के जालोर की धरती पर केन्द्र की मोदी सरकार व भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन दिनों चुनावी सभाओं में जम कर झूठ बोल रहे हैं। प्रियंका ने कहा कि मोदी जी देश की जनता से दूर हो चुके हैं। वह कभी भी महंगाई और आम आदमी की समस्याओं पर बात नहीं करते हैं।
प्रियंका गांधी वाड्रा रविवार को पार्टी उम्मीदवार वैभव गहलोत के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने राज्य की भजनलाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस की ओर से चलायी



गयीं जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने पर लगी है। इस सरकार को जनता के हित से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदीजी आजकल बहकी-बहकी बातें कर रहे हैं। कभी झूठी वीरता दिखाते हैं, कभी गटर से गैस बनाते हैं, कभी बादल में मिसाइल छोड़ते हैं, कभी हवा में उड़ते हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि करना क्या है।
प्रियंका ने कहा कि वह असल में देश की जनता से कट चुके हैं। महंगाई और आम आदमी की समस्या पर बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल आपको कुछ देने का प्रचार किया जा रहा है, लेकिन आपको कुछ मिल नहीं रहा है। कांग्रेस की सरकार ने करोड़ों लोगों को गरीबी से निकाला, लेकिन भाजपा की सरकार ने करोड़ों लोगों को गरीबी में धकेला है। भाजपा की सरकार फिर से आयी, तो कुछ बदलेगा नहीं। यह देश किसी जी-20 से या बड़े-बड़े इवेंट्स से आगे नहीं बढ़ सकता। प्रियंका ने कहा कि अब साफ-साफ दिख रहा है कि मोदीजी गरीब के संघर्ष को पहचानने का तैयार नहीं हैं। भ्रष्टाचार ● शेष पृष्ठ 11 पर

### अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग

**नयी दिल्ली** : फिल्म अभिनेता सलमान खान के मुंबई में बांद्रा स्थित आवास के बाहर रविवार सुबह तकरीबन पांच बजे दो अज्ञात बदमाश फायरिंग कर फरार हो गये। घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मुम्बई पुलिस ने सलमान खान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। घटना के समय सलमान खान घर पर ही थे। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब 05 बजे दो अज्ञात बदमाश दोपहिया वाहन पर बांद्रा पश्चिम में स्थित सलमान खान के घर के बाहर पहुंचे और फायरिंग की। बदमाशों ने लगातार 04 राउंड फायरिंग की। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## ट्रैक्टर के पलटने से 25 लोग घायल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बुढ़मू** : सरहुल मिलन समारोह में शामिल होने के बाद ट्रैक्टर से घर लौटने के दौरान जमगाई मोड़ के पास ट्रैक्टर के पलटने से ट्रैक्टर में सवार 25 लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार मुरुपीरी गांव के ग्रामीण सरहुल मिलन समारोह में शामिल होकर ट्रैक्टर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान जमगाई मोड़ के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गयी, जिसमें दो दर्जन से अधिक ग्रामीण घायल हो गये। प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को सीएचसी बुढ़मू लाया गया। गम्भीर रूप से 07 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। शेष घायलों का इलाज सीएचसी



बुढ़मू में चल रहा है।
घायलों में रोशनी कुमारी, बसंती देवी, मुनी देवी, उमेश उरांव, विवेक भगत, हीरामुनी देवी, रिया कुमारी, सुषमा देवी, दीपीका कुमारी, मनिता कुमारी, अमन कुमार, रंजन कुमार, प्रीति कुमारी, आरती कुमारी, आशामुनी कुमारी, पूजा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, फागु उरांव, खुशवा मुंडा, विनीता कुमारी आदि के नाम शामिल हैं।

# भाजपा ने बाबा साहब के योगदान को नयी पहचान दी : नरेन्द्र मोदी

एजेंसी

**नर्मदापुरम** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के होशंगाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने विगत 10 वर्षों में भाजपा सरकार द्वारा किये गये जन कल्याणकारी कार्यों और योजनाओं को रेखांकित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर के योगदानों का अपमान किया, मगर भाजपा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर का सम्मान किया और



उनके योगदान को नई पहचान दी। प्रधानमंत्री ने बारिश जैसी विषम परिस्थिति में भी दूर-सुदूर क्षेत्रों से आकर जनसभा के लिए प्रदेश की जनता और भाजपा कार्यकताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश से उठी लहर पूरे देश में फैल चुकी है। पूरा देश आज फिर एक बार मोदी सरकार के नारों से गुंजायमान हो उठा है। आज संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर की जयंती है और उनकी जन्म स्थली महू यहां से ज्यादा दूर नहीं है। महू में बाबा साहब के घर से लेकर देश-विदेश में वह जहां-जहां भी रहे, भाजपा सरकार उन स्थानों को पंचतीर्थ ● शेष पृष्ठ 11 पर

### नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने, तो छत्तीसगढ़ होगा नक्सलमुक्त राज्य : अमित शाह

**खैरागढ़/रायपुर** : केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के खैरागढ़ में एक जनसभा में केन्द्र सरकार की उपलब्धियों और नीतियों का बखान किया। वह यहां भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडेय के समर्थन में एक सभा को सम्बोधित कर रहे थे। शाह ने कांग्रेस पर कई तीखे प्रहार किये। उन्होंने राज्य की जनता को नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त राज्य बनाने का भरोसा

# जो लोग खुद ही बेल पर हों, वे क्या मोदी जी को जेल में भेजेंगे : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**पटना** : केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को बिहार के जमुई और बांका में जनसभा को सम्बोधित किया। इन दोनों लोकसभा क्षेत्र में चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग खुद ही बेल पर हों, वह क्या मोदी जी को जेल में भेजेंगे? उन्होंने कहा कि राजद का अहंकार इस हद तक बढ़ गया है कि कहते हैं



हमारी सरकार बनेगी, तो पीएम मोदी को जेल में डाल देंगे। किसने मां का दूध पिया है, जो मोदी जी को जेल में डालेगा।
जमुई लोकसभा क्षेत्र के श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम में आयोजित जनसभा में राजग से चिराग रामविलास की पार्टी के उम्मीदवार अरुण भारती के पक्ष में वोट मांगते हुए उन्होंने कहा कि चिराग पासवान एनडीए की पिच के रन हिटर हैं। जितने रन बनाने की जरूरत होगी, उतनी रन बनाने की क्षमता चिराग पासवान रखते हैं। आज मैं पूरी तरह से आश्वस्त हूं कि रामविलास पासवान जी का जो सपना था, उसे वह निश्चित रूप से साकार करेंगे। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# नयी सरकार बनते ही भारत को मिलेंगे नये थल सेना, वायु सेना और नौसेना प्रमुख

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : यह चुनावी वर्ष न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के लिए महत्त्वपूर्ण है, बल्कि तीनों सेनाओं को नये चेहरे मिलने के लिहाज से भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए भी अहम है। आनेवाले दिनों में भारत को थल सेना, वायु सेना और नौसेना के नए प्रमुखों के साथ-साथ देश की प्रमुख रक्षा एजेंसी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के लिए भी नया अध्यक्ष मिलेगा।
फिलहाल नौसेना, थल सेना और डीआरडीओ के लिए नये प्रमुखों को लाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। अगले वायु सेना प्रमुख का चयन बाद में किया जायेगा। खास

- एक ही एनडीए बैच के 'दोस्तों' की 'तिकड़ी' के पास है तीनों भारतीय सेनाओं की कमान
- नये डीआरडीओ प्रमुख की भी तलाश, स्क्रीनिंग कमेटी ने तीन वैज्ञानिकों के नाम सुझाये

बात यह है कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और एडमिरल आर. हरि कुमार 61वें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पाठ्यक्रम में बैचमेट हैं। यह देश के लिए लगातार दूसरा



मौका है जब एक ही एनडीए बैच के 'तीन दोस्तों' के हाथों में देश की तीनों सेनाओं की कमान है। इससे पहले भारतीय सशस्त्र बलों का नेतृत्व करनेवाली 'तिकड़ी' में एडमिरल करमबीर सिंह, एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया और सेना प्रमुख एमएम नरवणे भी 56वें एनडीए बैच के साथी थे। रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अप्रैल के अंत ● शेष पृष्ठ 11 पर

# सेना के साथ परीक्षण में भी खरी उतरी मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल

**रक्षा** अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सेना की मौजूदगी में परीक्षण किया है। इस दौरान मिसाइल और वारहेड के प्रदर्शन मानक के अनुरूप पाये गये। परीक्षण का लक्ष्य एक डमी टैंक था, जिसे मिसाइल ने सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया था। इस परीक्षण ने सेना के लिए तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी मैन पोर्टबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हासिल करने का रास्ता बना दिया है। डीआरडीओ ने रविवार को एक बयान में बताया कि आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने और भारतीय सेना को मजबूत करने के लिए 13 अप्रैल को थर्मल साइट के साथ मैन पोर्टेबल ट्राइपॉड से मिसाइल दागी गयी और इसके निशाने पर एक नकली सक्रिय टैंक था। मिसाइल ने टॉप अटैक मोड में लक्ष्य को निशाना बनाकर इसे पूरी तरह से नष्ट कर दिया। इस दौरान मिशन के सभी उद्देश्य हासिल किए गए। डीआरडीओ ने कहा कि परीक्षण के दौरान इस मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा कर लिया गया। बयान में बताया गया कि इस मिसाइल का अधिकतम सीमा तक उड़ान का परीक्षण सफलतापूर्वक किया जा चुका है।

**मिसाइल ने लक्ष्य बना कर रखे गये टैंक पर सटीक हमला करके नष्ट कर दिया**

**सेना के लिए तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी मिसाइल हासिल करने का रास्ता साफ**

## एक झलक

### पुलिस ने अधेड़ का शव बरामद किया

**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के ब्राम्बे ढंवठा टोली के समीप ब्राम्बे ठाकुरगांव मुख्य सड़क के किनारे एक व्यक्ति का शव ग्रामीणों ने पड़ा हुआ देखा जिसकी सूचना मांडर पुलिस को दी ,पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया मृतक की पहचान ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के जाड़ी निवासी रामवृत्त सिंह के रूप मे की गई ,पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया और सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रही थी।

### श्री श्री महावीर मंदिर बनतारा के समिति का किया गठन

**गोला(रामगढ़)।** शनिवार देर शाम श्री श्री महावीर मंदिर समिति बनतारा गोला डेली मार्केट में रामनवमी पूजा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में मंदिर समिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में नवीन कुमार को नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष अमर गोस्वामी, सचिन सचिन कुमार, सहसचिव राकेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार, सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद, संयोजक सेवा प्रजापति, संरक्षक के रूप में भीम नायक और भागीरथ पोद्दार का चयन किया गया। समिति में बतौर सदस्य कुंदन कुमार, अमन कुमार, राजा सोनी, जयकुमार, रितेश पोद्दार, नर्सिंग प्रजापति, रॉकी साहब, श्याम कुमार, पंकजश्री, संजय कुमार, अजीत प्रजापति को बनाया गया।

### मुरी रेलवे में अंबेडकर जयंती व सरहुल महोत्सव धुमधाम से मनाया

**मुरी।** मुरी सरहुल बगीचा में रविवार को सरहुल महोत्सव बहुत ही धुमधाम से मनाया गया। पाहन द्वारा विधिवत पुजा अर्चना किया गया। महिलाएं एवं पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा नगाड़े एवं मांदर के थाप पर थिरकते रहे। रेलवे डॉक्टर जे कच्छप जी के मार्गदर्शन में सरहुल बागान मुरी में आदिवासी रेलवे परिवार के तत्वावधान में सरहुल महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सुदेश महतो जी ने प्रतिनिधि मंडल भेज कर सरहुल की बधाई दी। इस कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका आर. खेस, निरंजन बाघवार, राजू, विष्णु, कुसुम,ए के भगत, शिबू पहान, सनातन, डी के बड़ाईक, अमित, संदीप के साथ आदिवासी रेलवे परिवार के साथ रउ/रळ एसोसिएशन, मुरी ए आइ एल आर एस,मेन्स कांग्रेस, मेन्स यूनियन के प्रतिनिधियोन के कर्मठ कार्यकर्तागण मौजूद रहे। सरहुल महोत्सव में अतिथियों के रूप में केंद्रीय सरना समिति, सिल्ली, मोदीडीह, अनगड़ा, उर्सलीन स्कूल की प्रचार्या,सहायक सिस्टर, सिल्ली मुखिया, मोडीडीह मुखिया, सरना पार्थना सभा से महिलाएं शामिल हुए और ढोल मांदर की थाप पर खुब झुमे ।कार्यक्रम का संचालन निरंजन बाघवार जी के द्वारा किया गया। अरुण भगत शिबू पहान के द्वारा प्रस्तुत सरहुल गीत से सभी आगन्तुक व स्कूली बच्चे खुब झूमे। सभी अतिथियों को मंच पर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर लालू राम उरांव,भरत मुंडा, निरंजन बाघवार, काशीनाथ मांझी,गोंदुरा उरांव, गौतम कृष्ण साहु, अरविंद कुमार, लक्ष्मण महतो समेत सरना समिति के लोग मौजूद थे।

### हथियार के साथ एक नशा कारोबारी गिरफ्तार

**रांची।** रांची के मांडर थाना पुलिस ने हथियार के साथ नशा कारोबारी विजय कुमार बॉबी को गिरफ्तार किया है। वह मांडर थाना क्षेत्र के मुड़मा का रहने वाला है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को बताया कि सूचना मिली कि मांडर थाना क्षेत्र के मुड़मा गांव के निवासी विजय कुमार बॉबी अपने घर में रख कर अफीम का व्यवसाय कर रहे हैं। पिछले वर्ष भी हरियाणा पुलिस के जरिये अवैध रूप से अफीम बिकी करने के आरोप में उसे गिरफ्तार किया गया था। सूचना के बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में गठित टीम ने विजय कुमार बॉबी के घर पर जाकर तलाशी ली।

---

### डीएवी स्कूल मे मनाई गई बाबा साहब की जयंती

# गरीबों, पिछड़ों के लिए बाबा साहेब ने सदैव संघर्ष किया: पूनम दूबे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी।** डीएवी स्कूल मुन्ना पतरा ओरमांझी में संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्या पूनम दूबे ने संविधान शिल्पी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहब सभी वर्ग के प्रिय थे।उन्होंने सर्वजन के उत्थान के लिए कार्य किया। शोषितों, पीड़ितों वंचितों एवं दलितों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे। हम सब उनके महान व्यक्तित्व एवं जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लें।इस अवसर पर चित्रांकन, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीन से कक्षा दस तक के छात्रों ने बड़े उत्साह से हिस्सा लिया। छात्रों ने जहां एक ओर अपनी रचनात्मक कल्पना की विभिन्न पहलुओं को कैनवस पर उतारकर जीवंत कर दिया वहीं अपने निबंध एवं भाषणों के माध्यम से बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सैद्धांतिक जीवन मूल्यों को उजागर कर, जन-जन को जागरूक करने एवं उनके पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को भारतीय प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई।



## सौंदाडी में धूमधाम से मनी बाबा साहब डॉ. अंबेडकर जयंती



**भुरकुंडा।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती रविवार को सौंदाडी अंबेडकर भवन के प्रांगण में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रूदल कुमार और संचालन संजय यादव ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सौंदा ह्यडीह्य परियोजना पदाधिकारी रामेश्वर मुंडा, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम और भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र देकर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। अवसर पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर सभी नतमस्तक हुए। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामेश्वर मुंडा ने कहा किभीम राव अंबेडकर एक महान दार्शनिक और राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने दलित और शोषित वर्ग को सशक्त बनाने का काम किया। उन्होंने समाज में समानता और समरसता की नींव रखी। उनके विचार हमेशा लोगों के लिए प्रेरणादायक रहेंगे।

## भाजपाईयों ने डॉ. अंबेडकर को दी श्रदांजलि



**पतरातू।** भारतीय जनता पार्टी ग्राम पंचायत कटिया बस्ती पतरातु ने पीटीपीएस अंबेडकर मैदान में भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पतरातू मंडल उपाध्यक्ष सह मुखिया किशोर कुमार महतो तथा संचालन रणधीर कपूर के द्वारा किया गया। मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं थे, वह एक संकल्प का दूसरा नाम थे, वह हर पीड़ित और शोषित की प्रखर आवाज थे। प्रिया रंजन, कुमार स्वामी विवेकानंद, कुमार मुरली मनोहर सहित अन्य मौजूद थे।

## महाप्रबंधक कार्यालय में डॉ. अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**उरीमारी।** सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय में रविवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। महाप्रबंधक अजय सिंह ने बाबा साहेब की पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। वहीं समारोह में उपस्थित अधिकारियों, यूनियन प्रतिनिधियों और कर्मचारियों के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर परियोजना पदाधिकारी,सीसीएल कल्याण समिति सदस्य सुखदेव प्रसाद, क्षेत्रीय सलाहकार समिति सदस्य देवेंद्र सिंह सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

## बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनायी



**सिल्ली।** अंबेडकर ग्राम विकास समिति सिल्ली के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर रैली निकाली गई। यह रैली सिल्ली ग्राम विकास स्कूल से सिल्ली अंबेडकर पार्क तक पहुंची। रैली का नेतृत्व समाज के सभी लोगों ने किया। इससे पहले बाबा सहब के नाम का टोपी वितरित किया गया रैली में जय भीम,जय भीम,के नारे लगाए गए। अंबेडकर पार्क में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक सुदेश कुमार महतो ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रध्दा सुमन अर्पित किया साथ ही आए हुए अतिथियों ने बारी बारी से माल्यार्पण किया। रैली में आए सभी उपस्थित लोगों को बताया गया कि बाबा साहब पहले कानूनमंत्री थे। सबसे ज्यादा पढ़े लिखे थे। जात पात के घोर विरोधी थे। बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा सो दहाड़ेगा। इसलिए उन्होंने शिक्षा पर सबसे ज्यादा जोर दिया था। इस कार्यक्रम के मंच पर स्कुली बच्चों को सम्मानित किया गया साथ ही पत्रकारों को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीडीओ रेणु बाला, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक,जयपाल सिंह, ब्रजेश प्रसाद,हेमंत, ललन, राजा पुष्पेन्द्र नाथ सिंह देव, मोहम्मद फारुख, समेत समाज के सरकारी गैर सरकारी लोग महिलाएं उपस्थित थे।

## डॉ.भीमराव अंबेडकर निर्भय कांतिवीर थे : सुधीर मंगलेश



**दुलमी(रामगढ़)।** दुलमी प्रखंड के बुधबाजार सिरू में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर निर्भय कांति वीर थे। भारत की भूमि पर भारत माता की कोख से अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर का उनमें एक महत्वपूर्ण स्थान है। महान विचारक, कर्मयोगी तथा मन से, वचन से, कृति से निरंतर संघर्ष डॉक्टर साहब की गणना ऐसे पुरुषों में होती है जिनके व्यक्तित्व कृतित्व ना केवल इतिहास में अपना स्थान बनाया बल्कि उस काल की घटना चक्र को भी एक निश्चित दिशा दी। डॉ. अंबेडकर ने अछूत और निम्न वर्ग के मानव को उसकी क्षमता के लिए समाज में एक चिंगारी प्रकट की। बाबासाहेब अंबेडकर भारत के खंड खंड में व्याप्त कुरीतियों से उन्हें दलित समाज को ऊपर उठाया था परंतु किसी बदले की भावना से नहीं उन्होंने दूसरों को मार काट कर बड़ा होने की बात कभी नहीं की। बाबासाहेब एक ऐसे व्यक्ति थे जो वंचितों के लिए लड़ते थे वह दलितों के अधिकार के लिए लड़ते थे, वे समानता के लिए जीते थे। दलितों के बीच बैठकर उन्हें कड़वी से कड़वी कठोर से कठोर बात कोई कह सकता था ऐसे बाबा साहेब थे। जिन्होंने डॉ. अंबेडकर के बारे में अध्ययन किया होगा (उन्हें इस बातों का ज्ञान होगा।

## भाजपा मंडल कार्यसमिति बैठक संपन्न



**अनगड़ा।** रविवार को गोंदली पोखर स्कूल सभागार में भाजपा अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो के अध्यक्षता में मंडल कार्यसमिति बैठक संपन्न हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु बूथ मे मजबूती कैसे मिले कार्यकर्ताओं को सचेत करते हुए रणनीति बनाई गई। इस बैठक में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, अमरनाथ चौधरी, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, मनकी राजेंद्र शाही, रोशनी खलखो, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, बालक पाहन, सुनील महतो, संतोष महतो, नरेश साहू, संजय नायक, कामेश्वर महतो, अजय महतो, राजेंद्र महतो, अजय सिंह भोगता, हरिहर महतो, पुसनाथ मुंडा, गौरीशंकर मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

## हनुमान मंदिर वभगवती मंदिर का प्रण प्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू।** गौरतलब है कि विगत माह उमेडंडा में उक्त तीनों मंदिरों में स्थापित मुर्तियों को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित कर दिया गया था। महावीर मंडल के सौजन्य से बजरंगबली की नई प्रतिमा मंदिर में स्थापित की गई है साथ ही अन्य दो मंदिरों का जीर्णोद्धार करते हुए दो दिवसीय समारोह का भव्य शुभारंभ रविवार को हुआ। सुबोधकांत हुए शामिल इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सहाय,सुरेश बैठा,भैरो सिंह ने उपस्थित होकर कलश वितरण किया साथ ही लोगों को रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं दी ।सहाय ने अपने संदेश में कहा कि रामनवमी महापर्व आपसी भाईचारा एवं स्नेह का प्रतीक है। उन्होंने कलश यात्रा में शामिल महिला-पुरुष श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। कलश यात्रा स्थानीय तालाब से जल लेकर नगर भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर में लौटकर समाप्त हुआ इस दौरान जय श्री राम,हर हर महादेव के उदघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। वहीं, सोमवार को प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भंडारा का आयोजन के साथ यज्ञ का समापन किया जायेगा। समारोह के सफल आयोजन में महावीर मंडल उमेडंडा के अध्यक्ष रतन सिंह, संरक्षक मनोज मिश्रा, महामंत्री सुनील कुमार साहू, सचिव मोहन जायसवाल, अरुण यादव, कुलदीप साहू, चंद्र दीप साहू, अनिमेष मिश्रा सहित अन्य सदस्यों एवं श्रद्धालुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।, मौके पर जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू, प्रमुख सत्य नारायण मुंडा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी, सारले मुखिया सुमित्रा देवी, विनोद मुंडा, बलराम साहू, सदन साहू समेत अन्य उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर बुढ़मू में भी नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी ।यहां भी पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत भक्तों के साथ झूमते नाचते कलश यात्रा में शामिल हुए।



## अस्ताचलगामी सूर्य को दिया पहला अर्घ्य

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के आसपास के गांवों में तेज गर्मी के बावजूद सूर्य उपासना के पर्व चैती छठ में व्रतियों का उत्साह चरम पर है। जहां रविवार की शाम छठ व्रतियां और श्रद्धालु डुकु तालाब के छठ घाट में पहुंचे और अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। वही कई श्रद्धालुओं ने अपने घरों में ही छठ व्रत करके छतों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। इधर चार दिवसीय अनुष्ठान के अंतिम दिन सोमवार की सुबह भी व्रतीं घाटों व अपनी-अपनी छतों से उगते आदित्य को अर्घ्य देंगे। इसके बाद पारण के साथ लोक आस्थ का महापर्व संपन्न हो जाएगा। वही छठ व्रत को लेकर महावीर चौक में पूजन सामग्री व फल की खरीदारी किया।

## बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करंगे बाबूलाल मरांडी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में सोमवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भाजपा के मांडर विधानसभा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करंगे। जिसमें प्रदेश व बूथ स्तर सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं को शामिल होने की अपील की है।उक्त जानकारी लोहरदगा लोकसभा सह संयोजक सन्नी टोप्पो ने दी।

## अस्ताचल गामी सूर्य को छठ ब्रत्तियों ने दिया अर्घ्य



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा(रामगढ़)।** रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र में चैत्र मास में होने वाले छठ व्रत का विधि विधान से श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना किया। इस मौके पर रविवार को देर शाम विभिन्न छठ घाट, नदी, नाला, तालाब में डूबते हुए सूर्य को पहला अर्घ दिया गया, छठ मैया की महिमा अपरंपार है, 36 घंटा तक निर्जला उपवास चलने वाला इस उपासना के त्यौहार मे छठब्रतियों द्वारा छठ मैया की विधि विधान से पूजा अर्चना किया। पूजन सामग्री को लेकर सूप, नारियल, सेव, नाशपाती, अदरख ,मुली, केला,ईख के अलावे फूल बेलपत्र धूप अगरबत्ती सहित कई तरह के पूजन सामग्री का चढ़ावा कर छठ मैया से अपनी मनोकामना की कामना की। रजरप्पा आवासीय कॉलोनी के' भैरवी नदी बाभन धरा नाला पर मुरुबांदा तालाब सुकरी गड़ा, लारी, बड़की पोना,चितरपुर, मरगमर्चा, रजरप्पा मंदिर के दामोदर भैरवी संगम स्थल पर भी कई श्रद्धालुओं ने किया पूजा अर्चना। दर्जनों गांव में आस्था, विश्वास और उपासना का त्यौहार पर अस्ताचल गामी सूर्य देवता को श्रद्धालुओं ने अर्घ्य दिया तथा सोमवार सुबह भगवान भास्कर को दूसरा अर्घ्य दिया जाएगा।

## झारखंड के 14 सीटों पर खिलेगा कमल : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के होटल ला मेरिटल में रविवार को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ विधानसभा और बड़कागांव विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामगढ़ प्रवीण मेहता और संचालन रंजीत पांडेय ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर किया गया। अवसर पर वरीष्ठ नेताओं ने चुनाव को लेकर कार्यकताओं को टिप्स दिए। अपने संबोधन में प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि बूथ जीतने से जीत तय होती है। कार्यकर्ता एक-एक बूथ पर ध्यान दें और हर एक व्यक्ति को केंद्र सरकार की नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराये। झारखंड के सभी 14 सीटों पर कमल खिलाना है। हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी मनीष जायसवाल को बड़े अंतर से जीत दिलाना है। केंद्र में भारी बहुमत से फिर एक बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनानी है। मौके पर हजारीबाग लोकसभा चुनाव प्रभारी शशीभूषण भगत, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, टुन्नू गोप, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, प्रो. संजय सिंह, दीनबंधु पोद्दार, डॉ. संजय सिंह, चंद्रशेखर चैधरी, अनिल मिश्रा दीनदयाल कुमार, राजू चतुवेर्दी, रंजन फौजी दिलीप सिंह, आनंद बेदिया, सागर दांगी, राजेश ठाकुर, वरूण सिंह, संतोष शर्मा, संतन सिंह, सन्नी कुशवाहा, अवितेश कुमार सहित कई मौजूद थे।



## धार्मिक तोरण द्वार में असामाजिक तत्वों ने लगाई आग, छावनी में तब्दील गांव

# एसडीओ और एसडीपीओ के नेतृत्व में चार थानों की पुलिस ने किया कैंप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ।** जिले के कुजू ओपी क्षेत्र में रविवार को असामाजिक तत्वों के द्वारा एक धार्मिक तोरण द्वारा में आग लगा दी गई। दिग्वार गांव के मुख्य चौक पर हुई इस वारदात के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस को जैसे ही इसकी खबर लगी कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में चार थानों की पुलिस ने यहां कैंप लगा लिया। धार्मिक कार्यक्रम के लिए लगाए गए तोरण द्वार में आग की घटना से गांव के अलावा आसपास के कई इलाकों में दहशत का माहौल बन गया। उत्पन्न तनाव के कारण वहां की दुकानें भी नहीं खुली। हर व्यक्ति अपने घर में दुबका था। उन्हें ऐसा लग रहा था कि कभी भी यहां शांति व्यवस्था भंग हो सकती है। लेकिन रामगढ़ पुलिस की सूझबूझ से किसी भी प्रकार की ना तो हिंसा हुई और ना ही किसी भी समुदाय के लोग सड़क पर उतरे। रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने सभी वर्गों के साथ वार्ता कर उस असामाजिक तत्व को पकड़ने में मदद करने की अपील की जिसने सामाजिक सौहार्द को बिगड़ने की कोशिश की है। खंगाले गए सीसीटीवी कैमरे दिग्वार चौक पर जहां धार्मिक तोरण द्वार लगाया गया था वहीं पर कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। पुलिस के द्वारा सभी सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाल गया, ताकि वारदात को अंजाम देने वाले व्यक्ति की पहचान हो सके। इसके अलावा आसपास के घरों की भी तलाशी ली गई। साथ ही घटना को अंजाम देकर उपद्रवी किस तरफ निकला होगा इसकी छानबीन भी की गई। भ्रामक खबरों पर ना दें ध्यान, सुरक्षा में तैनात हैं अधिकारी : एसडीओ कुजू ओपी क्षेत्र में फैले तनाव को कम करने के लिए रामगढ़ एसडीओ आशीष गंगवार भी उस इलाके में पहुंचे। पूरे गांव में घूम-घूम कर उन्होंने लोगों से बात की।उन्होंने इसके बाद शांति समिति की बैठक बुलाई। इस बैठक में दिग्वार, पोचरा के आसपास के इलाकों के प्रबुद्ध नागरिकों, रामनवमी पूजा समिति व अन्य धार्मिक अनुष्ठान करने वाले लोगों के साथ-साथ विभिन्न समुदायों के लोगों को शामिल किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि कोई भी भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान ना दें। सुरक्षा में पदाधिकारी तैनात किए गए हैं और सामाजिक तत्वों का पता लगाया जा रहा है।



## एक झलक

### भगतसिंह चौक व बिरसा चौक में मनी अम्बेदकर जयंती

**रांची :** रविवार को भगतसिंह चौक राहे व बिरसा चौक नुरू में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर संविधान बचाओ दिवस मनाया गया, संविधान, लोकतंत्र,व देश की रक्षा का शपथ लिया गया। भीमराव अम्बेडकर अमर रहे, भारतीय संविधान अमर रहे आदि नारे लग रहे थे। भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने डा भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कहा अम्बेडकर के रास्ते ही खुशहाल भारत का सपना पूरा किया जा सकता है,समानता, सद्भाव,भा?ईचार , लोकतंत्र की बहाली संभव है। आज संविधान की रक्षा सर्वोपरि है। करोड़ों का चुनावी बंड का घोटाला दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला है। इस अवसर पर श्रवन मुंडा, पुसु मुंडा, कालो कुम्हार, मनोरंजन शेखर, रनजीत सिंह, ब्यास लोहरा, बलदेव लोहरा, रामू लोहरा, सुकरा कुम्हार, संतोष गोंझू संदीप मुंडा, चमरू मुंडा, सुखराम मुंडा, समल मुंडा, बुद्धदेव मुंडा प्रकाश मुंडा आदि उपस्थित थे।

### अम्बेदकर जी ने बोलने का हमें अधिकार दिया : देवेंद्र नाथ महतो

**रांची :** संविधान के रचयिता बाबा साहेब अंबेडकर का आज जन्मदिन हर्ष-उल्लास के साथ पुरे झारखंड में मनाया गया। बाबा साहेब के नक्शे कदम में चलने शपथ लिया गया। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की ओर रांची लोकसभा के प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो द्वारा टाटीसिलवे, आम बागान में बाबा साहेब की जयंती को मनाया गया। श्री महतो ने कहा की अंबेडकर साहब का ही देन है की आज हम स्वतंत्रता से अपने बातों को रख पा रहे हैं। बाबासाहेब शोषित वर्ग में पैदा लेने वाले एक ऐसा महा मानव थे जिन्होंने शिक्षा के उच्चतम शीर्ष को प्राप्त करते हुए देश के प्रथम कानून मंत्री बने। देश के सबसे बड़ा ग्रंथ संविधान को लिख डाले। जिसके आधार पर आज हम अपने हक-अधिकार के लड़ाई को लड पा रहे हैं। टाटीसिल्वे में हुए इस जयंती समारोह के दौरान विमल महतो, विराट बाबू, राजू महतो, फलिंदर करमाली, मार्शल, सूरज, खतियाणी सुमित, योगेश मुंडा, लखींद्र, रामपोदो, हेमंत कुमार, वीरेंद्र कुमार, रीना देवी, अमृता देवी आदि सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

### पुलिस की छापेमारी में होटल से शराब बरामद

**रांची :** चान्हो थाना क्षेत्र के बीजूपाड़ा स्थित संतोष लाइन होटल में छापामारी कर 15 पेटी अंग्रेजी शराब पुलिस ने बरामद किया है। मामले में होटल संचालक संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी मुख्यालय अमर कुमार पांडेय ने रविवार को बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार अवैध रूप से नशा कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर होटल में छापेमारी की गयी।

### झामुमो ने अम्बेदकर जयंती पर किया धरना प्रदर्शन

**रांची :** बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती पर संविधान बचाओ देश बचाओ एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का रविवार को आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झामुमो ने रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के सामने आयोजित किया। केंद्र सरकार और भाजपा के संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ यह धरना आयोजित हुआ। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबा साहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर को हम लोग याद करते हैं क्योंकि भारत का जो अपना संविधान है नियम है, कानून है और उसी के तहत लोकतंत्र है। इस वक्त मे बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि जो है वो इस संविधान में दिए गए अधिकार, बोलने का अधिकार जीने का अधिकार और उसके साथ जो लगातार खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश का जो सत्ता पक्ष है वो इस संविधान को खत्म करना चाहते है, जिसके विरोध में हम यहां शांतिपूर्वक लोकतांत्रिक तरीके से धरना पर बैठे हैं। संविधान विरोधियों के लिए यह धरना प्रतिवाद है।

# मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए करें प्रेरित : के. रवि कुमार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सुनीता देवी कहती हैं, 'इस बार के चुनाव में किसी प्रलोभन में न आकर अपनी समझ से सही उम्मीदवार को चुनना है। पैसा, शराब या किसी अन्य प्रकार के लुभावन अथवा बहकावे में आकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल नहीं करना, बल्कि सोच-समझ कर अपने मत का इस्तेमाल करना है।' सुनीता देवी गुमला, सिसई के राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय लावागंई, चेगरी स्थित मतदान केन्द्र के बूथ लेवल अवेरनेस ग्रुप से जुड़ी हैं। रविवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार इस मतदान केन्द्र का जायजा लेने पहुंचे थे। वह जानना चाहते थे कि सुनीता लोगों को नैतिक मतदान (Ethical Voting) के विषय में क्या जानकारी दे रही हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोक सभा निर्वाचन के समय काफी गर्मी रहनेवाली है। इसे देखते हुए मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पेयजल, शौचालय, रनिंग वाटर, बिजली, शेड जैसी न्यूनतम सुविद्याएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही, सभी मतदान केन्द्रों पर वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए वॉलेंटियर नियुक्त किये गये हैं। उन्होंने कहा कि नैतिक मतदान को बढ़ावा देने के लिए बूथ लेवल अवेरनेस ग्रुप भी बनाया गया है। वह रविवार को सिसई के राज्यकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुसरी स्थित मतदान केन्द्र संख्या 20 एवं 21, राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय



लावागंई चेगरी स्थित मतदान केन्द्र संख्या 22 एवं 23, बिशुनपुर के सामुदायिक भवन बोरांग स्थित मतदान केंद्र संख्या 109 एवं बिशुनपुर के राजकीय मध्य विद्यालय कटिया स्थित मतदान केन्द्र संख्या 108 के निरीक्षण के क्रम में बूथ अवेयरनेस ग्रुप, वॉलेंटियर्स एवं बीएलओ से मिलकर उनके निर्वाचन सम्बन्धित जबाबदेहियों से अवगत कराते हुए उनका संवेदीकरण कर रहे थे। बोरांग ग्राम प्रधान दिलेशर उरांव ने बताया कि पहले यहां के लोग बानालात स्थित मतदान केन्द्र जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते थे जिस वजह से बूढ़े बुजुर्ग लोग अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित रह जाते थे। इस बार अपने गांव में मतदान केन्द्र बन जाने से हम सब अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर पायेंगे। दिलेशर उरांव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार द्वारा गुमला बिशुनपुर के सामुदायिक भवन बोरांग स्थित मतदान केन्द्र संख्या 109 के निरीक्षण के क्रम में कहा। ज्ञातव्य है कि पहले के निर्वाचनों में नक्सल प्रभावित एवं सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण आस पास के 08 मतदान केन्द्रों के मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए बानालात जाया करते थे। मतदान केन्द्र 108 के निरीक्षण के दौरान 87 वर्षीय दिव्यांग भूखली देवी की जानकारी प्राप्त हुई, जिनके मतदान हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने होम वोटिंग कराने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के समय के बारे में मतदान केन्द्र संख्या 22 की बीएलओ ओकिला देवी से पूछा, तब उन्होंने बताया कि इस बार सुबह 07 बजे से शाम के 05 बजे तक मतदान रहेगा। पहले 03 बजे ही खत्म हो जाता था। हमलोग 05 बजे तक इस बार मतदान करायेंगे और जो 05 बजे तक लाइन में खड़े हो जायेंगे, उनका भी हमें मतदान कराना है। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सम्बन्धित मतदान केन्द्रों की मतदाता सूची से क्रमवार मतदाताओं के विषय में बीएलओ से जानकारी मांगी। सभी बीएलओ द्वारा आपने क्षेत्र के मतदाताओं की समुचित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को दी गयी। उन्होंने मतदान दिवस , फॉर्म 6 कब तक भरे जा सकते हैं, क्षेत्र में आयीं नयी बहुओं को मतदाता सूची में जोड़े जाने की प्रक्रिया, ईवीएम/वीवीपैट आदि मतदान से जुड़े विभिन्न विषयों पर बीएलओ की जानकारी से अवगत हुए। इस अवसर पर बीएलओ द्वारा दिये गये जवाबों से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पूर्णतः संतुष्ट हुए। उन्होंने इस अवसर पर मतदान के दिन नियुक्त वॉलेंटियर से भी बात की एवं उनके कार्यों के विषय में उन्हें पूरी संवेदनशीलता के साथ सजग रहने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी, उप निर्वाचन पदाधिकारी गुमला सहित गुमला जिला के निर्वाचन से सम्बन्धित पदाधिकारीगण एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## रांची समर्पण शाखा ने की मतदान जागरुकता अभियान की शुरुआत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची समर्पण शाखा द्वारा आज मतदान जागरूकता अभियान की शुरूआत की गयी, एक यादगार एवं गौरवपूर्ण अनुभूति से भरा समय क्यूंकि इस अभियान की शुरूवात की गयी है राजेश्वरी मोदी (राज दीदी) जी के द्वारा जो नारायण रेकी सत्संग परिवार की संस्थापक है, उनके आयोजित कार्यकम में समर्पण शाखा को यह अवसर मिला और उपस्तिथ करीब 1000 लोगों के बीच राज दीदी ने युवा मंच, अध्यक्ष विनीता सिंघानियां एवं समर्पण शाखा के द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की एवं इस जन उपयोगी अभियान के लिए समर्पण शाखा को शुभकामनाये दी। सेशन समाप्त होने के उपरांत करीब 2 घंटे चले इस अभियान में 500 से अधिक लोगो ने अपनी सहभागिता निभाई एवं इस नेक कार्य के लीये समर्पण शाखा को बधाई दी। इस अवसर पर अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, प्रांतीय संयोजिका राजनैतिक चेतना श्रीमती मीना टाईवाला, शाखा उपाध्यक्ष सपना सिंघानिया, पूर्वे अध्यक्ष मीनू अग्रवाल, कविता सोमानी, रंजू मालपानी, रश्मि मालपनी, आशा सराफ, निकिता जालान, डॉली बंसल उपसित्थ थे।

## विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि प्रदान करेगा भाजपा का संकल्प पत्र

## पूरी होंगी देश की आकांक्षाएं व जरूरतें : संजय सेठ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के द्वारा जारी किए गए संकल्प पत्र पर रांची के सांसद सह भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि यह संकल्प पत्र भारत की आकांक्षाओं, सपनों और जरूरत को पूरा करने वाला संकल्प पत्र है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर तैयार हुए इस संकल्प पत्र में देश के हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। इसमें कई ऐसी बातें हैं, जिससे सीधा झारखंड का कनेक्शन है। श्री सेठ ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने पर्यटन और होम स्टे जैसी चीजों को बढ़ावा देने की बात कही है। विशेष रूप से झारखंड और रांची जैसे क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। होम स्टे जैसी चीजों को बढ़ावा देने से न सिर्फ लोग



हमारी संस्कृति को जान सकेंगे, बल्कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे आदिवासी परिवारों के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। इसके अलावे पेपर लीक जैसी घटनाओं पर कड़ा कानून बनाने से उन युवाओं का भविष्य सुरक्षित होगा, जो अपने भविष्य के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। झारखंड जैसे राज्य में हाल फिलहाल में पेपर लीक जितनी घटनाएं हुई है, उससे युवाओं का मनोबल टूटा है। यह संकल्प पत्र युवाओं के मनोबल को भी बढ़ाएगी। उनका भविष्य सुरक्षित करेगा। भाजपा के संकल्प पत्र में कैंसर जैसी बीमारी से जूझ रही महिलाओं के इलाज की बात कही गई है। 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को आयुष्मान जैसी योजना से जोड़ने का संकल्प लिया गया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के बीच बाबा साहब की जयंती कार्यक्रम का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के बीच आज बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, रांची लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ, रांची के विधायक सी पी सिंह, सिमरिया विधायक सह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। वहीं मौके पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के



शिक्षित बनो के मूल मंत्र से ही भारत विश्व गुरु के रूप में विश्व में स्थापित हो सकता है। क्योंकि शिक्षा एकमात्र मार्ग है जो किसी भी परिस्थिति से बाहर आने की ताकत रखता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के कारण ही आज हम सभी हर 05 वर्ष में अपने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, नेता, मंत्री आदि को चुन सकते हैं। यदि उन्होंने संविधान निर्माण में अपनी अहम भूमिका नहीं निभाती तो शायद भारत आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतंत्र के रूप में विकसित नहीं हो सकता।

## भूखे को भोजन खिलाने से बड़ा कोई भी पुण्य का कार्य नहीं

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** संस्था की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल ने संजय अग्रवाल को जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे मंदिर मे श्री राज श्यामा जी ( राधा-कृष्ण) भगवान के सामने चंदन का तिलक कर अंग वस्त्र, मेटल का राधा कृष्ण भगवान का हार उपहार स्वरूप देकर सम्मान किया। उसके पश्चात 144 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद भगवान श्री राज श्यामा जी एवं गुरू महाराज को अर्पित कर 1400 श्रद्धालुओ के बीच वितरण किया गया। मंदिर परिसर मे आये हुए सभी धर्म प्रेमीजनो एव श्रद्धालुओ ने शांती पूर्वक कतार मे लगकर 144वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी



महाराज एवं परमहंस भागवत भास्कर संत शिरोमणी डाक्टर श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 143 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। रविवार को 143वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपने पति संजय अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनकी धर्म पत्नी निशी अग्रवाल पुत्र आकर्ष अग्रवाल पुत्री सोनल अग्रवाल एव अग्रवाल परिवार के सौजन्य से की गई। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 52 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में आज रविवार दिनांक 14 अप्रैल 2024 को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण मे (श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर) पुंदाग T.O.P. के पीछे, पुंदाग, रांची के प्रांगण संजय अग्रवाल एव निशी अग्रवाल, आकर्ष एव सोनल अग्रवाल के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आस पास के रहने वाले लगभग 1400 श्रद्धालुओ, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 144 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे के प्रसाद में पुडी, कचोडी,आलु काबुली चना टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव एवम मिठाई में केसरीया खीर गर्म केसरीया जलेबी, बदाम ठण्डई, आलु चिप्स एवं 1 लीटर का बोतलबंद मिनरल वाटर की 1, 1 बोतल पानी सभी आये हुए श्रद्धालुओको विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया।

## गुरु नानक सेवक जत्था का 26 को निकलेगा नगर कीर्तन, 27-28 को सजेगा विशेष दीवान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा संचालित गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा दो दिवसीय आठवां महान गुरमत समागम 27 एवं 28 अप्रैल को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा में आयोजित किया जा रहा है। समागम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा आज चौदह अप्रैल, रविवार को गुरुनानक भवन परिसर में दोपहर एक बजे एक विशेष बैठक बुलाई गई।सूरज झंडई की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से बनी रूपरेखा के अनुसार समागम की शुरूआत 26 अप्रैल को सुबह 5:00 बजे से



8:00 बजे तक भव्य नगर कीर्तन से होगी,जिसमें पुष्प सवारी पर विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को पांच प्यारे एवं पांच निशानची की अगुवाई में कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण कराया जाएगा।इस नगर कीर्तन में सत्संग सभा की कीर्तन मंडली द्वारा रास्ते भर शबद गायन होगा। नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिउड़ी गेट से आरंभ होकर कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित विजय कटारिया और सुनील गेरा के चौक,झंडा चौक,गोपाल दास सरदाना के चौक से होकर डॉ. अजय छावड़ा के क्लिनिक होते हुए भगत सिंह मिढ़ा के आवास, बबलू गांधी, सुभाष मिढ़ा, जीतू काठपाल, राज कुमार सुखीजा, अशोक मिढ़ा के चौक होते हुए सेंट्रल बैंक गली और भगवान सिंह बेदी, रमेश पपनेजा, नरेश पपनेजा, हरविंदर सिंह बेदी,द्वारकादास मुंजाल,सुनील मिढ़ा, प्रेम खत्री, बलबीर काठपाल, मनीष सरदाना, श्याम लाल गाबा, होला राम तेहरी के चौक, विवेकानंद अस्पताल तथा सुंदर लाल मिढ़ा के चौक एवं शहीद भगत सिंह चौक होते हुए दर्शन दिउड़ी गेट वापस पहुंचकर सुबह आठ बजे अरदास के साथ विसर्जित हो जाएगी।

## मोदी जी का लक्ष्य अंत्योदय के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे : संजय सेठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** ओरमांझी के सरस्वती शिशु मंदिर में आज एक बैठक आयोजित की गई बैठक में सांसद सेठ ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण से लेकर राष्ट्रीय नव निर्माण तक हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुए हैं। मोदी जी का लक्ष्य है अंतोदय के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे इसी के तहत मोदी जी ने लगातार गरीबों को मुफ्त में अनाज उज्वला योजना के तहत गैस का कनेक्शन शौचालय प्रधानमंत्री आवास योजना जनधन खाता के माध्यम से बैंकों में खाता खोलना आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख तक मुफ्त में इलाज सहित कई ऐसे कार्य किए जा रहे हैं देश में पहली बार महिलाओं को मिला सम्मान मोदी जी ने देश की महिलाओं को एक बड़ा उपहार दिया है 33 % आरक्षण के रूप में अब संसद में पुरुषों के बराबर में महिलाएं सांसद बनेगी देश के हर पदों पर महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

## मारवाड़ी युवा मंच शाखा का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा की ओर से सत्र 2024-2025 के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन अग्रसेन पथ अपर बाजार स्थित अग्रसेन भवन मे किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद श्री संजय सेठ, विशेष अतिथि पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय एवं झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अरुण गुप्ता, झारखंड प्रांत मंडलीय उपाध्यक्ष श्रीमती विनीता सिंघानिया ने द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया। सभी अतिथियों को दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह के रूप मे पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के 10 पूर्व अध्यक्ष सुभाष पटवारी, मुकेश




जालान, प्रभात साबू, राहुल अग्रवाल, मुकेश काबरा, राजकुमार अग्रवाल, मुकेश जाजोदिया, विशाल पाडिया, मनीष लोधा, दीपक गोयनका, श्री विकाश अग्रवाल एवं निवर्तमान अध्यक्ष अमित चौधरी विशेष रूप से उपस्थित थे। साथ ही शहर की अन्य कई सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष एवं सचिव भी मौजूद थी। इस शपथ ग्रहण समारोह का संचालन मुख्य रूप से सुभाष पटवारी ने किया। इस समारोह में युवा आशीष अग्रवाल को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गयी। युवा सोनित अग्रवाल को सचिव एवं युवा स्पर्श चौधरी को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गयी। नीरज अग्रवाल, उमंग सुल्तानिया, विकास अग्रवाल को उपाध्यक्ष पद की एवं अभिषेक जालान और निकुंज पोद्दार को सह सचिव पद की शपथ दिलाई गयी। इसके साथ ही 16 अन्य सदस्यों को नई कार्यकारिणी के रूप में शपथ दिलाई गयी।

## श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति का भव्य पूजा पंडाल उद्घाटन आज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रविवार को श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा एक प्रेस वार्ता की गयी जिसमें पूजा के संबंध में निम्न बाते बताई गई। इस प्रेस वार्ता में मुख्य संरक्षक श्री उदय साहू, राजकुमार गुप्ता, अध्यक्ष शंकर दुबे महामंत्री गोपाल पारीक कोषाध्यक्ष श्री संजय सिंह (लल्लू सिंह), प्रवक्ता नमन भारतीय शामिल थे। श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुतहा तालाब षष्ठी (बेलवरन) 14.04.2024 आमंत्रण 04.40 बजे शाम में 15.04.2024 को नवपत्रिका आगमन एवं सुबह 7:35 बजे सर्वदेव पूजन एवं माता की प्राण प्रतिष्ठा, पूजा पंडाल का पट पदाधिकारीयों की



उपस्थिति में सुबह 9:30 बजे सभी के लिए खोल दिया जाएगा। 16.04.2024 महाष्टमी पूजन, संधि बलि, पुष्पांजलि एवं नवकन्या पूजन 501 किलो लड्डू एवं भजन मंडली के साथ रात्रि 08:00 बजे महावीर चौक हनुमान मन्दिर की ओर प्रस्थान करेगी। 17.04.2024 प्रातः 9:00 बजे नवमी पूजन एवं रामनवमी शोभायात्रा में महासमिति के सदस्य श्री महावीर मंडल के पदाधिकारीयों के साथ प्रस्थान करेगी।

# झारखंड में पहली बार अब घर बैठे दूर होगी कान की समस्या

## पॉल ऑप्टिकल्स में लॉन्च हुई हियरिंग ऐड क्लिनिक की अत्याधुनिक पेशकश 'ईयरकार्ट ओम्नी'

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड की राजधानी राँची में आज बंगाली नव वर्ष के अवसर को खास बनाते हुए शहर की प्रतिष्ठित पॉल ऑप्टिकल्स ने अपने ऑप्टिकल्स सेगमेंट में आज हियरिंग ऐड की सर्विस जोड़कर एक और उपलब्धि की शुरूआत की है। अपने दूसरे वर्षगाँठ पर पॉल ऑप्टिकल्स के संचालक संजय पॉल ने अपने तीस वर्षों के अनुभव को साझा किया और बताया कि शहर का यह एकमात्र प्रतिष्ठान है जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर की आँखों की जाँच के साथ साथ कानों की वैज्ञानिक जाँच और सुनने की समस्या का भी समाधान किया जायेगा। श्री पॉल ने कहा कि वर्षगांठ के अवसर पर अगले तीन महीनों तक वैसे लोग जिन्हें कम सुनाई देती है, उनका अत्याधुनिक मशीन 'ईयरकार्ट ओम्नी' से निःशुल्क जांच किया जाएगा। इसके लिए देश की अग्रणी कंपनी ईयरकार्ट के साथ पॉल ऑप्टिकल्स ने एक नई शुरूआत की है। लोग इस सुविधा का घर बैठे भी लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह झारखंड का पहला स्टोर है जहां चश्मा और हियरिंग ऐड पर फ्री



इंश्योरेंस दिया जाता है। चस्मों पर एक साल का फ्री इन्शुरन्स मिलता है। एस्सिलर लक्सोटिका किसी भी तरह का नुकसान के लिए भुगतान करेगा। गरीबों का ख़्याल रखते हुए उन्होंने गरीबों को मुफ़्त सेवा देने का भी वादा किया। आपको बता दें कि पॉल ऑप्टिकल्स शहर का एकमात्र एस्सिलर एक्सपर्ट स्टोर है। लेंस और फ्रेम की दुनिया में एक प्रतिष्ठित मुकाम हासिल किए इस कंपनी ने झारखंड में पहले एस्सिलर एक्सपर्ट स्टोर के रूप में पॉल्स ऑप्टिकल (गोकुल स्वीटके ऑपोजिट, कांके रोड, रांची) का चयन किया है। 'ईयरकार्ट की एदऋ' एक अत्याधुनिक हियरिंग ऐड 16 चैनल की डीजिटल मशीन है जो ब्लू टूथ से कनेक्ट हो जाता है। ये रिचार्जेबल मशीन बार बार बैटरी बदलने के झंझट से मुक्ति दिलाती है आज के फैशनेबल दौर को भी ध्यान में रखते हुए इसे अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सुविधायुक्त और आकर्षक बनाया गया। इस मशीन को मोबाइल की मदद से प्रोग्राम कर सकते हैं और बार बार सेटिंग बदलने के लिए नहीं जाना पड़ेगा।

### जन्म से बहरेपन का भी समाधान सम्भव

**मोनिका** मिश्रा ने बताया कि जन्मजात बहरेपन से जूझ रहे बच्चों को बोलने में भी समस्या होती है, क्योंकि जब तक उन्हें कोई ध्वनि नहीं सुनाई देती है तब तक उसका बोल पाना कठिन होता है। ऐसे बच्चों के लिए ईयरकार्ट कंपनी 'लिसनिंग ईयर' सेंटर के माध्यम से स्पीच थेरेपी की सुविधा भी देती है। मौके पर उपस्थित ईयरकार्ट की वाईस प्रेसिडेंट मोनिका मिश्रा ने बताया कि ईयरकार्ट के संस्थापक रोहित मिश्रा ने देश में लोगों की कान की समस्या को देखते हुए 2021 में इस कंपनी की स्थापना की थी।

## वाहन चेकिंग के दौरान 11.45 लाख बरामद



**रांची :** रांची के लालपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान प्लाजा चौक के समीप से रविवार को एक स्कूटी से 11 लाख 45 हजार रुपया बरामद किया है। पुलिस ने स्कूटी सवार व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि पंडरा के व्यवसायी का पैसा है। मामले की जानकारी मिलते ही आईटी की टीम भी मामले की जांच करने पहुंची है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## एक झलक

### पूरे रामनवमी जुलूस पर ड्रोन से रखी जायेगी नजर : आईजी



**हजारीबाग :** हजारीबाग के ख्याति प्राप्त रामनवमी उत्सव को लेकर हजारीबाग में बोकारो रेंज के आईजी एस माइकल राज के नेतृत्व में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में डीआईजी सुनील भास्कर, पुलिस कप्तान अरविंद कुमार सिंह समेत जिले भर के डीएसपी और एसडीपीओ शामिल हुए। बैठक में शांतिपूर्ण ढंग से कैसे रामनवमी संपन्न कराया जाए इसे लेकर चर्चा की गई साथ ही कई दिशा निर्देश भी निर्गत किए गए। बोकारो रेंज के आईजी एस माइकल राज ने कहा कि पर्याप्त सुरक्षा बल रामनवमी के दौरान उपलब्ध कराए गए हैं। एसडीपीओ के साथ बैठक किया गया है इस वर्ष चुनाव को लेकर विशेष सावधानी भी बरती जा रही है 107 की कार्रवाई अत्यधिक की गई है। वहीं रामनवमी जूलूस के दौरान पर्याप्त संख्या में ड्रोन से नजर रखी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 10 सालों में जितने लोग सांप्रदायिक मामले में जेल गए और बेल पर है उन सभी को नोटिस निर्गत किया है। शराब के गोरख धंधे करने वालों के ऊपर भी नजर रखी गई है। आर्म्स एक्ट को लेकर पिछले 10 सालों में जो जेल गए हैं उन सभी को नोटिस जारी किया गया है।

### बिजली विभाग ने की अधिसूचना जारी

**हजारीबाग :** रविवार को सिंदूर पावर हाउस में रामनवमी मेंटेनेंस के लिए डीवीसी का सर्किट नंबर 4 एवं 5 बंद किया जाएगा जिसका समय सुबह 10:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक रहेगा सिंदूर पावर हाउस से निकलने वाले 33 केवि मिशन, हीराबाग, लोहसिंघना एवं उक्त पी एस एस से संबंधित सभी 11 केवि और 11 केवि जबरा, टाउन 1, टाउन 2, टाउन 3, इचाक, नया छडवा पुराना छडवा फिडरो कि विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी कार्यपालक विद्युत अभियंता अंगेश कुमार ने दी और साथ ही सहायक विद्युत अभियंताओं द्वारा इस बात को बताया गया।

### शतचंडी महायज्ञ नगर भ्रमण में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बरकट्ठा :** प्रखंड के कोनहारा कला में आयोजित श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी जय माता दी और जय श्री राम के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा कोनहारा कला के सभी गली मोहल्ले से गुजरते हुए बरकट्ठा अडवार से वापसी कर यज्ञ स्थल पर पहुंचकर शोभायात्रा का समापन किया गया। यज्ञाचार्य गंगाधर शास्त्री और यज्ञाधिष बिरेन्द्र शास्त्री के मुताबिक नगर भ्रमण के दौरान माता आदिशक्ति प्रत्येक श्रद्धालु के घर पहुंचती है। और सभी मानो कामना पूर्ण करती है। नगर भ्रमण के दौरान वैदिक अभिषेक शास्त्री, मुकेश शास्त्री, पप्पू शास्त्री,अनिल शास्त्री, यज्ञ समिति अध्यक्ष ईश्वर यादव,जीवन यादव,राम अवतार यादव, श्यामलाल सिंह, महावीर यादव, मुकेश सोनी, सरयू प्रजापति, अरविंद यादव, नरेश यादव, मुकेश यादव, मनी यादव, टेकन प्रजापति, विनोद दास, छोटी दास, प्रकाश यादव, आशीष यादव, रामजी पासवान, प्रदीप पासवान, द्वारिका यादव, राजेश यादव, विकास यादव समेत आदि लोग शामिल थे।

### झारखंड की संस्कृति में मंडा पूजा पर्व का महत्त्व बेहद अहम

**चरही/चुरचू :** प्रखंड के सरबाहा गाव मे धूमधाम से मना मंडा पूजा झारखंड की संस्कृति में मंडा पूजा पर्व का महत्व बेहद अहम सरबाहा गांव मंडा पूजा अध्यक्ष नीलकंठ महतो, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, सचिव खुशीलाल महतो, कोषाध्यक्ष नरेश विश्वकर्मा पूजा का इतिहास काफी प्राचीन है, बड़े बुजुर्ग बताते हैंकि इस परंपरा की शुरूआत नागवंशी राजाओं के काल में हुईथी। पूरे झारखंड में मनाए जाने वाला मंडा पर्व भगवान भोलेशंकर की पहली पत्नी सती के बलिदान की याद के रूप मेंमनाई जाती है। शिव भक्त भगवान भोले शंकर को प्रसन्न करने के लिए दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर भक्ति की कठिन परीक्षा देते हैं।

# संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती मनी

समारोह



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव के अध्यक्षता में डिस्ट्रिक बोर्ड चौक पर संविधान के निर्माता डॉ.भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और गगनभेदी नारो के साथ 133वीं जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा की भारत रत्न भीमराव अंबेडकर जयंती सिर्फ एक महान नेता के जन्म को याद करने का दिन नहीं है बल्कि उनके द्वारा समर्थित मूल्यों और भारतीय समाज पर उनके परिवर्तनकारी प्रभाव को मनाने का भी दिन है। डॉ. बी.आर. अंबेडकर का जीवन और कार्य भारत एवं दुनिया भर में लाखों लोगों को सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करता रहता है। जैसा कि हम अंबेडकर स्मृति दिवस को मना रहें हैं, आइए हम उनके द्वारा समर्थित आदर्शों के लिए स्वयं को फिर से प्रतिबद्ध करें और एक समावेशी एवं समानता पर आधारित भारत को उनके सपने को साकार करने की दिशा में कार्य करें इस अवसर पर लोकसभा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा की अम्बेडकर उस प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे जिसने संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।संविधान का प्रारूप प्रस्तुत करने, उस पर उठे विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देने तथा संविधान सभा के सुझावों के अनुसार आवश्यक परिवर्तन करने का कार्य डॉ. अम्बेडकर ने संभाला। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, अशोक देव, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, बिनोद सिंह, लालबिहारी सिंह, सजिद हुसैन, जिला उपाध्यक्ष निसार खान, परवेज अहमद, रीतलाल मंडल, केडी सिंह, दिलीप रवि, मो मुस्ताक,मुंगेश्वर चौधरी, प्रदेश ओबीसी सचिव रेणु कुमारी, महिला जिला अध्यक्ष बेबी देवी, सुमित्रा देवी, साबिर अली, विजय सिंह, अमृतेश रंजन, अनिल भुईया, सलीम रजा, ओमप्रकाश कुमार, कोमल राज, बाबर अंसारी, मो रब्बानी, भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष कन्हैया कुमार, अनुसूचित जाति अधिकार मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पासवान,खलील अंसारी, जयप्रकाश रविदास आदि सेकड़ो कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## विष्णुगढ़ में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनी



**विष्णुगढ़ :** प्रखंड अंतर्गत विष्णुगढ़ पंचायत के नीचे हरिजन टोला एवं चेड़रा पंचायत के अम्बेडकर चौक मे डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पूरे धूमधाम से मनाई गई जयंती अवसर पर विष्णुगढ़ पंचायत के नीचे हरिजन टोला में डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष अपने माथे में नीली पट्टी बांधकर रैली निकाली।वहीं चेड़रा पंचायत के अम्बेडकर चौक मे डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर पंचायत चेड़रा समिति सदस्य मुन्नी देवी ने पुष्पांजलि देकर एवं माला अर्पण कर नमन किया। इस दौरान सभी डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन से सम्बन्धित अपने अपने विचार प्रस्तुत किए।इस अवसर पर विष्णुगढ़ पंचायत मुखिया पूनम कुमारी दास,पंचायत चेड़रा समिति सदस्य मुन्नी देवी,खोललाल राम, सुधीर राम, रोहित राम, सुरेश राम, अनिल राम, बबलू राम, रिंकू राम, उमेश राम, विशाल कुमार, शिवा कुमार, शंकर कुमार, राकेश कुमार, दीपक कुमार, बलदेव राम, रविंद्र राम, राजन कुमार, गणेश कुमार, सागर कुमार, सानू कुमार समेत काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## अम्बेडकर नगर में बाबा साहेब की निकाली गयी झांकी



**इचाक :** प्रखंड के अम्बेडकर नगर में बाबा साहेब आंबेडकर का महारैली निकाली गई। शोभा यात्रा में प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि मौजूद हुए। शोभा यात्रा को आंबेडकर नगर से इचाक बाजार होते हुए परियोजना स्कूल के आंबेडकर भवन होते हुए इचाक थाना से गुजरते हुए वापस आंबेडकर नगर पहुंची। इस शोभा यात्रा में लोगों को बाबा साहेब आंबेडकर की जीवनगाथा को याद किया गया और इनके दिए गए विचारो को हरेक लोगो को अपनी जीवन में उतारने तथा संविधान को पढ़कर अपनी हक और अधिकार को लेने के लिए जागरूक की गई। शोभा यात्रा भव्य तरीके से आयोजन किया गया था जिसमे महिलाए और पुरुषों ने समान पोशाक पहनकर गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ पुरी झांकी में उत्साह पूर्वक झूमते नाचते नजर आए। झांकी शान्ति पूर्वक तरीके से निकाली गई जिसमे संयोजक रहे। परासी पंचायत के मुखिया अशोक कपरदार, पुराना इचाक पंचायत के पूर्व मुखिया निर्मल कपरदार, युवा नेता गौतम कुमार,पंचायत समिति सदस्य विक्की धवन, पुराना इचाक पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रणजीत कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, कांग्रेस नेता दिगंबर मेहता, हदारी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि उमेश रविदास, विधायक प्रतिनिधि सचिदानंद अग्रवाल, झांकी के मंडली संयोजक नेमधारी राम, पंकज कुमार, संजय रविदास, उमेश रविदास, रमेश, अशोक रविदास, आदि सैकडो रविदास परिवार झांकी को निकालते हुए बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती को धूमधाम से मनाया।

## चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को अस्त्र-सस्त्र परिचालन प्रतियोगिता-2024 का ओरिया में हुआ भव्य आयोजन



**हजारीबाग :** चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया शिवमंदिर प्रांगण में दिन रविवार को सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति ओरिया द्वारा अस्त्र- सस्त्र परिचालन प्रतियोगिता-2024 का भव्य आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में कई स्थानीय प्रतिभागी तलवार भांजन, लाठी भांजन एवं मुगदर भांजन में भाग लिया। अस्त्र-सस्त्र परिचालन प्रतियोगिता का शुभारंभ अध्यक्ष हीरालाल कुमार ने लाठी भांजकर किया। निर्णायक के रूप में अध्यक्ष हीरालाल कुमार एवं उपाध्यक्ष फिरोज राम ने अपना सरहानीय योगदान दिया। अस्त्र- सस्त्र परिचालन प्रतियोगिता का संचालन विजय यादव ने किया। मुगदर भांजन में प्रथम स्थान बबलू यादव, द्वितीय स्थान बादल रावत एवं तृतीय स्थान गोविन्द यादव रहे। तलवार भांजन में प्रथम स्थान रोहित कुमार, द्वितीय स्थान अनिमेष कुमार एवं तृतीय स्थान अंश कुमार रहे। लाठी भांजन में प्रथम स्थान राजेश यादव, द्वितीय स्थान काली यादव एवं तृतीय स्थान रॉकी कुमार रहे। जोडा लाठी भांजन प्रदर्शन में प्रथम स्थान मयंक कुमार व आदित्य कुमार, द्वितीय स्थान गणपति राम व बिट्टू यादव एवं तृतीय स्थान तृषा कुमारी व लक्ष्मी कुमारी रही। मौके पर रामनवमी समिति के अध्यक्ष हीरालाल कुमार ने कहा कि अस्त्र- सस्त्र प्रतियोगिता से शरीर चुस्त दुरस्त रहता है। हमें राजा राम की तरह पुरुषोत्तम बनने का संकल्प लेने की जरूरत है तभी समाज में एकता कायम रहेगी और राम राज्य की परिकल्पना सफल होगा। मौके पर विशेष रूप से रामनवमी समिति अध्यक्ष हीरालाल कुमार, उपाध्यक्ष फिरोज राम, सचिव संजय यादव, उपसचिव टिंकु कुमार, महासचिव जितेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष घनश्याम कुमार, उपकोषाध्यक्ष गणपति राम, पूजा मंत्री संजय रविदास, दिलीप कुमार साव, विजय साव, राहुल कुमार, गोविन्द यादव, बादल रावत, धर्मेन्द्र कुमार, जुलुस मंत्री हरीश कुमार गुप्ता, बादल पासवान, अनिल यादव, अमरजीत कुमार, राकेश कुमार, प्रकाश कुमार राणा, राजन पासवान, शैलेश पासवान, शीतल रजक, राजदीप , पोखराज राणा, रवि कुमार, गुड्डी कुमार एवं अंशु कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

## इचाक में मतदाता जागरूकता को लेकर मैराथन दौड़ का आयोजन

- लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मतदाताओं की भूमिका अहम : बीडीओ



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**इचाक :** प्रखंड में मतदाता जागरूकता को लेकर लक्ष्य नवयुवक संघ के पहल पर कैरियर स्टडी प्वाइंट के सहभागिता से रन फोर वोट एंड रन फोर हेल्थ नामक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, सीआई लवकेश सिंह, बीपीओ राजीव आनंद, अंचल बडा बाबू ओम प्रकाश, बीपीएम जेएसएलपीएस समेत कई पदाधिकारी, पत्रकार, यूवक युवतियों और स्कूली बच्चों ने भाग लिया। रनिंग के बाद संघ के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने उपस्थित लोगो को मतदान के प्रति शपथ दिलवाया। मैराथन दौड़ परियोजना बालिका उच्च विद्यालय से प्रारंभ होकर खत्री मोहल्ला, कुंजारा मुहल्ला, थाना रोड होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। इस दौरान बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीडीओ सन्तोष कुमार ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का अपील किया। कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मतदाताओं की भूमिका अहम होती है। उन्होने जानकारी देते हुए कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में इचाक का मतदान प्रतिशत 64.15 प्रतिशत था जो अभी के औसत मतदान की तुलना में काफी कम है। जागरूकता का अभाव अथवा पलायन के कारण अधिक लोग मतदान नहीं कर सकते ऐसे में लक्ष्य नवयुवक संघ और कैरियर स्टडी प्वाइंट ने मैराथन दौड़ के जरिए लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया जो एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि युवा मतदाता आगे आएं और 18 वर्ष से अधिक उम्र के जिन युवाओं का मतदाता सूची में नाम नही है वे आंगनबाड़ी सेविका जो बीएलओ का काम कर रही है, उनसे संपर्क कर 23 अप्रैल तक फॉर्म-6 भर कर मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित कर लें। हमारे पदाधिकारी मतदाता सूची में व्याप्त कमियों को दूर करने में लगे हैं। हम होम टू वोट के तहत फॉर्म-12 भरकर दिव्यांग, वृद्ध अथवा लाचार मतदाता के घर जाकर मतदान कराएंगे। कुछ लाचार मतदाताओं के लिए वाहन की भी व्यवस्था होगी। बीपीओ राजीव आनंद ने कहा कि मैराथन दौड़ का उद्देश्य प्रखंड में मतदाता प्रतिशत को बढ़ाना है।

## अफीम व डोडा ले जा रहे तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** चौपारण थाना क्षेत्र से बिहार ले जाया जा रहा लगभग एक करोड़ रुपए का अफीम और डोडा बरामद किया गया। इस दौरान एक व्यक्ति भी गिरफ्तार हुआ है जबकि एक अन्य भागने में सफल रहा। यह जानकारी जिले के पुलिस कप्तान अरविंद कुमार सिंह ने पत्रकार वार्ता कर बताया। उन्होंने यह भी बताया की गुप्त सूचना मिली थी की चौपारण थाना क्षेत्र से 2 व्यक्ति मोटरसाईकिल से अफीम एवं डोडा तस्करी करने के उद्देश्य से बिहार ले जाने वाले हैं। इसी को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही सुरजीत कुमार एवं चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। दोनों पदाधिकारियों के अलावे चौपारण थाना में पदस्थापित सुबीन्द्र राम, दिव्य प्रकाश, निलेश कुमार रंजन एवं सशस्त्र बल शामिल थे। प्राप्त सूचना पर करवाई को चोरदाहा चेकपोस्ट में चेकिंग अभियान चलाकर मोटरसाईकिल से अफीम एवं डोडा ले जा रहे एक व्यक्ति रामवृक्ष यादव, पिता स्व. सोमर यादव को पकड़ लिया गया तथा मोटरसाईकिल पर सवार एक अन्य व्यक्ति कृष्णा यादव, पिता कुमारी यादव ग्राम-बैजनाथपुर थाना- सिद्धगढ़ (मोहनपुर) जिला -गया (बिहार) मोटरसाईकिल से कूदकर भागने में सफल हो गया। पकड़े गए रामवृक्ष यादव और फरार हुए कृष्ण यादव यह दोनों बिहार के ही रहने वाले हैं।

## पूरे शहर को साज-सज्जा के साथ कर दिया जायेगा भगवामय

प्रेस वार्ता



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी को परंपरागत तरीके से रामनवमी के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए महासमिति के अध्यक्ष जीतू यादव के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें प्रेस वार्ता में रामनवमी महासमिति 2024 के अध्यक्ष के अलावा सम्मानित सदस्य अखाड़ाधारियों के लोग मौजूद रहे। रामनवमी महासमिति अध्यक्ष जीतू यादव ने का कहा कि श्री श्री चैत्र रामनवमी महासमिति द्वारा सप्तमी को बड़ा अखाड़ा प्रांगण में अस्त्र शस्त्र परिचालन का प्रतियोगिता रखा जाएगा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कई अखाड़ा के लोग के साथ साथ हजारीबाग के भाग लेने वाले प्रतिभागी को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को पुरस्कृत भी किया जायेगा। साथ ही रामनवमी जुलूस के मार्ग के साथ-साथ पूरे शहर को महावीर पताखा से भगवामय कर सुसज्जित कर दिया जाएगा। वहीं सभी हजारीबागवासियो के रामभक्तों से अपील किया कि सभी लोग सौहार्दपूर्ण वातावरण में बिना किसी आपसी विवाद के नशा मुक्त होकर रामनवमी को सफलतापूर्वक संपन्न कराना है। वहीं कहा कि सभी लोग सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल कायम करते हुए रामनवमी को सफल बनाने में सभी लोग बढ़ चढ़ कर सहयोग करें। वहीं कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अष्टमी के दिन पूजन के पश्चात सभी अखाड़ाधारियों व पूर्व महासमिति के अध्यक्षों के बीच लाठी डंडा व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया जायेगा। नवमी के दिन सभी अखाडाधारियों के बीच जा कर हरेक क्लब को शांतिपूर्ण और सौहाद्रपूर्ण वातावरण में रामनवमी को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु अपील किया जायेगा। दशमी से एकादशी तक चलने वाले रामनवमी जुलूस के लिए विभिन्न जगहों पर महासमिति का स्टॉल लगाया जायेगा, जो कि जुलूस में शामिल लोगों के लिए काफी लाभान्वित साबित होगा।

## मनीष जायसवाल को क्षेत्र में मिल रहा है अपार जनसमर्थन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल टिकट कंफर्म होने के उपरांत 3 मार्च से निरंतर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता के बीच बने हुए हैं। टिकट मिलते ही उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का ताबड़तोड़ दौर शुरू किया। एक बार तुफानी दौरा लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख स्थलों का करने के बाद उन्होंने भाजपा के सभी मंडलों के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। जिसके बाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक 34 भाजपा मंडलों में एक दिन करके जनसंपर्क अभियान शुरू किया। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान पहले सुबह से लेकर देर शाम तक प्रतिदिन करीब एक दर्जन पंचायत के दर्जनों गांव का सघन दौरा कर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं और जनता से सीधे संवाद कर रहे हैं। इस दौरान मनीष जायसवाल प्रतिदिन करीब 14 घंटे तक का समय चुनावी जनसंपर्क में बिता रहे हैं। जनसंपर्क शुरू होने के पूर्व और थमने के बाद भी वे रुकते नहीं बल्कि क्षेत्र के विभिन्न व्यक्ति, सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित होकर जनता के बीच बने रहते हैं। महज 4 घण्टे की नींद लेकर बाकी समय चुनावी अभियान में खपाते हुए कड़ी मेहनत कर रहें हैं। उनका दौरा प्रतिदिन करीब 250- 300 किमी का होता है। जिसने। हर दिन करीब 5-6 किमी पदयात्रा के माध्यम से जनसंपर्क कर समर्थन मांग रहें हैं। मनीष जायसवाल के इसी मेहनत का प्रतिफल है कि हर गांव में प्रचंड गर्मी और कड़ाके की धूप हो या अंधी- तूफान या बारिश हर मौसम में, हर समय उनके स्वागत को जनसैलाब उमड़ रहा है।

## बाबा साहब ने सामजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था : विकास राणा

आस्था



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** रविवार को आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा के नेतृत्व में आजसू पार्टी कार्यकताओं ने डॉ बाबासाहब भीम राव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर जिला परिषद् चौक, हजारीबाग स्थित उनकी प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। केन्द्रीय प्रवक्ता सह जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि डॉ॰ बाबासाहब भीम राव आम्बेडकर लोकप्रिय, भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निमार्ताओं में से एक थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केन्द्रीय समिति सदस्य आनन्द सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, अधिवक्ता संघ के प्रमोद कुमार वर्मा, नगर अध्यक्ष आफताब आलम, नगर सचिव अविनाश कुमार, कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष अवध किशोर साव, विशाल कुमार प्रजापति, दिनेश प्रजापति, रुपेश राणा सहित अन्य लोग शामिल थे।

## बाबा साहेब की 133वीं जयंती मनी

**इचाक :** देवकुली एंव अलौंजा खुर्द के रविदास विकास समिति की ओर से बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर का 133वीं जयंती बड़े ही धूमझधाम से मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्वती देवी प्रमुख इचाक एवं प्रखंड रविदास महासभा इचाक के अध्यक्ष बालेश्वर राम एवं पदाधिकारी गण प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर दास, गंदोरी राम, सेवा राम, केशव राम, डा सुनील दास, जितेंद्र दास, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम पूर्व प्रमुख सरिता देवी ने संयुक्त रूप केक काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मंच का संचालन शिक्षक अर्जुन कुमार दास ने किए, सबों ने बाबा साहब के विचारों को बढ़ाने की बात कही। देवकुली चौक मे पूर्व मुखिया परमेश्वर रविदास, उप मुखिया करुणा राम, पंचायत समिति सदस्य मनोहर, सहित कई गणमान्य लोगों ने बाबा भीम राव के आदम कद प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर जयंती मनाई।

## डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का हुआ आयोजन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत के महंत अखाड़ा चौक स्थित एंबिशन पब्लिक स्कूल में स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन हजारीबाग के सौजन्य से बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल 2024 दिन रविवार को डॉ॰ बी॰ आर॰ अंबेडकर ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसके तहत विष्णुगढ़ प्रखंड में कक्षा तीन से इंटरमीडिएट तक के लगभग 215 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा में सम्मिलित हुए सभी परीक्षार्थी उत्साहित नजर आए। इस परीक्षा के सफल आयोजन हेतु परीक्षा केंद्र में केंद्राधीक्षक, परीक्षा नियंत्रक, शाखा पदाधिकारी और वीक्षकों की नियुक्ति की गई थी। परीक्षा केंद्र एंबिशन पब्लिक स्कूल के लिए उमेश कुमार को केंद्राधीक्षक बनाया गया था। डॉ॰ बी॰ आर॰ अंबेडकर ज्ञान प्रतियोगिता एससीपीएल ब्लॉक मैनेजर उमेश कुमार ने बताया कि इस परीक्षा में कक्षा समूह वार प्रथम, द्वितीय, तृतीय और शीर्ष दस आने वाले छात्र-छात्राओं को स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन के तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर छात्रवृत्ति, लैपटॉप, टैब, एंड्राइड मोबाइल, डिजिटल वॉच, बैग, मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र इत्यादि देकर सम्मानित किया जायेगा। इस प्रतियोगिता परीक्षा का रिजल्ट 22 अप्रैल 2024 को प्रकाशित किया जाएगा और 28 अप्रैल 2024 को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजन किया जायेगा। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु एंबिशन पब्लिक स्कूल के संचालक विवेक कुमार, परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार मंडल, सुशांत कुमार पाठक, सुष्मिता प्रिया, राजेश रजक, रोहित वर्मा, रीता देवी, कोमल कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, बादल कुमार के अलावा सैंकड़ों की संख्या में विद्यार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

# कोयलांचल में धूमधाम से मनायी गयी अम्बेदकर जयंती



**चरही/चुरचू :** चरही चूरचू प्रखंड में भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी की 133वें जयंती चुरचू प्रखण्ड मुख्यालय सहित कोयलांचल इलाके क्षेत्रो में डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती हर्षोउल्लास व धूमधाम के साथ मनाई गई। प्रखण्ड मुख्यालय में स्थापित डॉ भीम राव अम्बेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर मनाई गई। वहीं, चरही पंचायत के श्यामपट्टी में भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण व फूल अर्पित कर शुभारंभ किया गया। इसके अलावे आदर्श ग्राम पंचायत के विभिन्न इलाके में डॉ भीम राव अम्बेडकर जयंती मनाई गई। इसके अलावे कई कार्यक्रम स्थल पर रंगारंग गीत-संगीत कार्यक्रम डॉ भीम राव अम्बेडकर पर आधारित आयोजन का किया गया। प्रखण्ड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अथिति मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल की धर्मपत्नी ललीता देवी, विशिष्ट अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ललीत राम, प्रखण्ड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, उप प्रमुख संजय कुमार सिंह, चुरचू थाना प्रभारी शम्भू शरण दास, आंगो थाना प्रभारी जानू कुमार, चिकित्सा स्वास्थ्य प्रभारी डॉ अशोक राम, रिटायर्ड स्वास्थ्य कर्मी जागेश्वर राम, आंगो पंचायत मुखिया सीतामुनी देवी, पूर्व मुखिया धानेश्वर सिंह, चुरचू पंचायत मुखिया पूनम बेसरा, समाजसेवी कामेश्वर राम, सहित कई लोगो के द्वारा सामूहिक रूप से फूल माला पहनाकर शुभारंभ किया गया। वहीं, अम्बेडकर क्लब चुरचू के द्वारा नगड़ी, चुरचू, बोदरा, के कई गली, मुहल्ला सहित चरही श्यामपट्टी कार्यक्रम स्थल से होते हुए चरही-घाटो मोड़ व NH33 के रास्ते से होते हुए सीसीएल क्लब के रास्ते से कार्यक्रम स्थल पर कार्यक्रम में तब्दील का आयोजन किया।

## बाबा साहब भीमराव अम्बेदकर की जयंती मनी



**हजारीबाग :** रविवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इसमें हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने माल्यार्पण किया और कहा कि देश का लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में है। स्वाधीनता धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद। संविधान में सभी धर्म। एवं मजहब के लोगों को समान अधिकार प्राप्त है। लेकिन। केंद्र की सरकार संविधान को छेड़छाड़। करने पर तुली हुई है। संविधान का मूल मंत्र है। दलित पिछड़े एवं उसके अधिकार को खत्म करने पर लगी हुई है और कर रही है। से भी खत्म करने की साजिश बीजेपी रच रही है। श्री मेहता ने कहा बाबा साहब के 123 जयंती में संकल्प लेने की जरूरत है। किसी भी हालत में संविधान को छेड़छाड़ नहीं करने देंगे। एवं लोकतंत्र की रक्षा करेंगे। साथ में साथी निजाम अंसारी। शादाब अंसारी, महेंद्र राम, समीम खान आदि मौजूद थे।

## ताजपुर में भारत रत्न भीमराव अम्बेदकर की 133 वीं जयंती धूमधाम से मनी



**चौपारण :** संत रविदास भवन ताजपुर चौपारण में भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती बहुत धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित गणमान्य लोगों के द्वारा बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविदास महासभा चौपारण प्रखंड अध्यक्ष बिराज रविदास और संचालन शिक्षक राजकुमार रविदास ने की। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि और गणमान्य लोगों ने बाबासाहेब के जीवनी, विचारों और आदर्शों पर विस्तारपूर्वक अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बैजू गहलौत, रामस्वरूप पासवान, गुलाब रजक, अजय ठाकुर, मुखिया कृष्णा रविदास, प्रो व्यास रजक, सुरेंद्र कुमार दास, अशोक रविदास, राजकुमार रविदास, कामदेव दास, बालेश्वर रविदास, मानकी रविदास, संतोष रविदास, अजय रविदास, धनेश्वर रविदास सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## एक झलक

### धातु के कस्टमाइज्ड उत्पादन के लिए अत्याधुनिक वायर आर्क एडिटिव मैन्यूफैक्चरिंग सेटअप हो रहा है तैयार

**सिन्दरी (धनबाद):** वायर आर्क एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग (वाम) कम लागत और मशीन की आसान स्थापना के कारण सबसे अधिक चलन वाली मेटल 3 डी प्रिंटिंग तकनीक के रुप में उभरी है। यह तकनीक वेल्डिंग तकनीक से परत दर परत धातु जमा करके एक ही बार में बड़े और जटिल धातु उत्पादों को विकसित करने के सबसे प्रभावी तरीका है। रविवार को बीआईटी सिंदरी के प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर मुकेश चंद्रा ने कहा कि हमारे पास रोबोटिक वेल्डिंग तकनीक है जिसे हम अत्याधुनिक वाम तकनीक में बदलने की कोशिश कर रहे हैं। उत्पादन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर मुकेश चंद्रा और प्रो. काशिफ हसन काजमी ने अब अल्यूमीनियम मिश्र धातु के लिए वाम में उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया को आप्टिमाइजेशन इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का उपयोग कर रहे हैं, इनके द्वारा सेंसरों का उपयोग करके एक इन-सीटू मानिटरिंग सिस्टम के विकास पर भी काम किया जा रहा है, जो वाम के निर्माण प्रक्रिया में विसंगतियों का पता लगाने में मदद करेगा। भविष्य में वाम की मदद से डिफेंस, स्पेस, आटोमोबाइल, और निर्माण उद्योग में उपयोग किए जाने वाले अनुकूलित भागों के निर्माण की काफी संभावनाएं हैं। प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग के एचओडी प्रकाश कुमार के निर्देशन में वाम सेटअप तैयार हो रहा है।

### बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब ठाकुर कुल्ही ने मनाया बांग्ला नव वर्ष

**धनबाद:** पहला वैशाख के शुभ अवसर पर ठाकुर कुल्ही स्थित नवनिर्मित स्टेडियम मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब ठाकुर कुल्ही के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सादगी से बांग्ला नव वर्ष मनाया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में क्लब के पूर्व कोच स्वर्गीय अभिजीत गांगुली की आत्मा के शांति के लिए वहां पर उपस्थित सभी खिलाड़ियों ने 2 मिनट का मौन रखा। बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष राजेश सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि पूर्व कोच स्वर्गीय अभिजीत गांगुली एक सच्चे खेल प्रेमी थे जो नि:शुल्क ग्रामीण क्षेत्र के लड़के और लड़कियों को प्रशिक्षण दिया करते थे। वर्ष 2018 में इसी मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में प्रशिक्षण के दौरान वज्रपात के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी। इसलिए इस कार्यक्रम की शुरूआत में उनकी आत्मा के शांति हेतु 2 मिनट का मौन रख कर उन्हें सभी खिलाड़ियों ने श्रद्धांजलि दी।

### नवाडीह बगुला बस्ती उत्क्रमित मध्य विद्यालय में लगाया स्वस्थ दांत जागरूकता कैम्प

**बाघमारा (धनबाद) :** नावाडीह प्रखंड धनबाद के बगुला बस्ती स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रविवार को स्वस्थ दांत जागरूकता कैंप का शिविर लगाया गया। जिसमें मध्य विद्यालय के बच्चों के दांतों का नि:शुल्क जांच किया गया। प्रथम चरण के इस जागरूकता शिविर में स्कूल के लगभग 60 से 70 बच्चों के दांतों का निशुल्क चेकअप डॉक्टर चित्रांगदा सिंह ने किया। डॉक्टर चित्रांगदा सिंह ने मीडिया को बताया कि भारत में बच्चों के ओरल हेल्थ को लेकर जागरूकता की कमी है जिसके कारण बच्चों के दांतों में होने वाली दिक्कत का पता देर से चलता है और उनका इलाज करने में दिक्कत होती है। वहीं उन बच्चों को दांतों की साफ सफाई एवं उनके रेगुलर चेकअप को लेकर जागरूकता के लिए व स्वस्थ दांत जागरूकता के लिए आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि वह इसके अलावा भी जिले में कैंप लगाती हैं और बच्चों को दांत को स्वस्थ रखने के प्रति जागरूक करती हैं जिसके लिए कोई भी शुल्क नहीं चार्ज किया जाता है। उपस्थित सुमन राय ने बताया की बच्चे अपने दांतों के साफ सफाई के प्रति बिल्कुल भी जागरूक नहीं होते हैं और इस कारण उनके दांतों में दिक्कत होती है जिन्हें जागरूक करने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है।

# 'संविधान बचाओ तानाशाही हटाओ' आरम्भ



जयंती

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पथरडीह (धनबाद) :** भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 134 वां जन्मदिवस धनबाद जिला झरिया विधानसभा के डिगवाडीह में रविवार को आम आदमी पार्टी कार्यालय के उद्घाटन करते हुए 'संविधान बचाओ तानाशाही हटाओ' का कार्यक्रम का आरंभ हुआ। वहीं, बाबा साहेब के तस्वीर पर माला पहनकर व पुष्प अर्पित कर मनाया गया। तत्पश्चात भारत के संविधान का प्रस्तावना सभी लोगों को पढ़ाया गया तथा सभी लोगों ने शपथ लिया कि भारत के संविधान तथा लोकतंत्र को बचाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी धनबाद जिला संरक्षक महेंद्र सिंह, जिला महासचिव मदन राम, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार, बुद्धिजीवी मंच के सचिव रविंद्र नाथ सिंह, सकीला बानो, सायरा बेगम, आयशा खातून, नूरेसा खातून, कुरेशा खातून, मोहम्मद अहमद, अलीम अंसारी, शमशाद अंसारी, मुन्ना खरवार, आदित्य नारायण, मोहम्मद सदीक, राजेश सरकार, महेंद्र कुमार, अनवर अंसारी, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष रॉकी मंडल तथा भोजपुरी मैथिली संस्कृति बचाओ मंच से जितेंद्र पासवान, जसीम अंसारी, आलोक खरवार, संतोष महफूज आलम, राजू पंडित, सूरज कुमार आदि उपस्थित थे।

## डॉ भीमराव अम्बेडकर व शहीद गुरुदास चटर्जी के चित्र पर संयुक्त मोर्चा ने दी पुष्पांजलि



**तिसरा (धनबाद) :** रविवार को बेरा कोलियरी में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जयंती एवं शाहिद गुरदास चटर्जी का श्रद्धांजलि कार्यक्रम संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में मजदूर एवं प्रबंधन की ओर से मनाया गया तथा दोनों के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मजदूर नेता आनंद मय पाल ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर हमेशा गरीब मजदूर किसान नौजवानों के लिए सोचते थे, संविधान का रचयिता थे। जबकि शाहिद गुरदास चटर्जी को आज ही के दिन असामाजिक तत्वों के लोग और माफिया ने गोविंदपुर देवली में गोली मारकर हत्या कर दिया गया था, वे धनबाद से मजदूरों का बैठक कर जा रहे थे। गुरदास चटर्जी हमेशा मजदूर और किसान के लिए संघर्ष किया ,हम लोगों को उनके बताए गए मार्ग पर चलकर मजदूर आंदोलन को आगे बढ़ाना यही सच्ची श्रद्धांजलि है। मौके पर प्रबंधन की ओर से बीडी सिंह जबकि अन्य लोगों में आसित चटर्जी, प्रभास पाल, पतित पावन माजी, रामबदन राम, महेश कुमार, लीला चौहान, ललन कुमार, आनंद लाल महतो, नरेश रजक, रूपलाल बेलदार आदि थे।

## हाड़ी जाति समाज सुधार समिति के कार्यालय में मनी डॉ. भीमराव अम्बेदकर की जयंती



**जोड़ापोखर (धनबाद):** हाड़ी जाति समाज सुधार समिति, सामाजिक संस्था ने भागा आजाद नगर स्थित कार्यालय में डॉ. भीम राव अंबेडकर की 133 वीं जयंती मनायी गई। संविधान निमार्ता बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इधर माल्यार्पण करनेवालों में मुख्य रूप से जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी, कार्यालय सचिव नारायण हाड़ी ,रक्षा मंत्री भोला हाड़ी, संगठन साविव बादल हाड़ी, कार्यकारणी सदस्य शिबू हाड़ी, प्रदीप हाड़ी,फरहान, शहनवाज, पिंटू खान, अजय सिंह, राजु सिंह, मिथलेश रविदास, वकील राम, मधु सेन, युवा अध्यक्ष अमित किशोर हाड़ी,सचिव दिनेश हाड़ी, मीडिया प्रभारी पप्पू हाड़ी,महासचिव अजय हाड़ी, संगठन सचिव भरत हाड़ी, विकास हाड़ी, श्रवण हाड़ी, राकेश हाड़ी मौजूद थे। इस जयंती के अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहेब की जीविनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब को भारतीय संविधान का जनक भी कहा जाता है। उनका जन्म 14 अप्रैल, 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक दलित महार परिवार में हुआ था। वह एक विश्व स्तरीय वकील, समाज सुधारक थे, जिन्होंने आजादी के बाद देश को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया था। उनकी जयंती पर हम सभी उनके विचार उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लेते हैं।

## जिनागोरा खिलान धौड़ा में बाबा साहेब भीमराव अम्बेदकर की जयंती मनी

**अलकडीहा (धनबाद):** रविवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य पर जिनागोडा समिति द्वारा खिलान धौड़ा में उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर जयंती मनायी गई।
इस अवसर पर विद्यार्थी सिंह ने कहा कि बाबा साहेब की बाते सदैव याद रखी जाएगी ऐसे महापुरुष सदियों में जन्म लेते है और उनके विचारों द्वारा वो सदैव याद रखे जाएंगे। इस मौके पर सुरेश पासवान, विधार्थी सिंह, टिंकू पासवान, उमेश पासवान, अजय यादव, दिपक पासवान, विजेन्द्र सिंह, शिवम कुमार पासवान, अनिल भुईयां, सुभाष महतो समेत कई अन्य गणमान्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को छठ व्रतियों ने दिया अर्घ्य

चैती छठ

**धनबाद :** लोक आस्था एवं नियम निष्ठा का महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन रविवार को व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया। झरिया, धनबाद कोयलांचल के विभिन्न तालाबों व नदियों के किनारे अपराह्न बेला से ही छठव्रतियों एवं दर्शनार्थियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था।बड़ी संख्या में छठव्रती पूरे परिवार एवं गाजे-बाजे के साथ तालाब व नदी घाट पर पहुंचे। शाम को पूरे विधि-विधान से सूर्यदेव एवं छठमाता की आराधना की। सोमवार 15 अप्रैल की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रत का समापन हो जायेगा। आचार्य बलदेव पांडेय के अनुसार छठ का पहला अर्घ्य अस्ताचलगामी सूर्य को दिया जाता है। माना जाता है कि सूर्य की एक पत्नी का नाम प्रत्युषा है और यह अर्घ्य उन्हीं को दिया जाता है। संध्या समय का अर्घ्य विशेष फलदाई होता है। गौरतलब है कि शनिवार को खरना का प्रसाद ग्रहण करने के साथ छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया। व्रतियों के घर दिनभर छठ मइया के गीतों से गूंजायमान रहे। शहर में अर्घ्य देने के लिए छोटे बड़े सभी तालाब के घाट को सजाया गया है। सड़कों पर भी आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। विकास नगर तालाब, बरमसिया तालाब, रानी बांध, बेकर बांध, पंपू तालाब, सरायढेला राजा बांध, धैया रानी बांध व मनईटांड़ छठ तालाब, झरिया राजा तालाब, बनिया हीर तालाब, भगतडीह तालाब में अधिक भीड़ हुई।

## चैती दुर्गा पूजा को लेकर भव्य पंडाल का हो रहा निर्माण

**बाघमारा (धनबाद) :** राजगंज बजरंगबली दल सह चैती दुर्गा पूजा समिति के द्वारा राजगंज हनुमान मंदिर प्रांगण में चैती दुर्गा पूजा को लेकर भव्य पंडाल बनाया जा रहा हैं। जिसे पश्चिम बंगाल के कारीगर पंडाल को बनाने में तन मन से लगे हुए हैं। उक्त पंडाल पश्चिम बंगाल मायापुर का इस्कॉन मंदिर का प्रारूप दिया जा रहा है। पूजा को लेकर समिति के सदस्य सक्रिय दिख रहे हैं। उक्त मंदिर से रामनवमी के दिन अखाड़ा भी निकाला जाता है, जिसमें काफी संख्या में राजगंज के ग्रामीण अखाड़ा जुलूस में शामिल होते हैं। मां दुर्गा की प्रतिमा अमित कुमार और नरसिंह गोस्वामी द्वारा बनाया जा रहा है। मां दुर्गा की प्रतिमा कि ऊंचाई 18 फीट और चौड़ाई 12 फीट बनाया जा रहा है। साथ ही सप्ताह व्यापी मेले का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें मीना बाजार, टावर झूला, ब्रेक डांस, मौत का कुआं सहित खाने पीने की दुकानें लगी रहती है। साथ ही घूमने आए लोग मेले का आनंद उठाते हैं। इधर समिति की ओर से भी छौ नृत्य, झूमर, भक्ति जागरण, कवि सम्मेलन सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित की जाती है। 15 अप्रैल को चैती दुर्गा पूजा उत्सव का समापन होगी। ज्ञात हो की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुंवारी कन्याओं एवं महिलाओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकल जायेगी।

## पार्किंसन्स बीमारी में शारीरिक गतिविधि और व्यायाम से अविश्वसनीय लाभ : डॉ. अरुण



**जमशेदपुर :** अकसर बैठे-बैठे आपका हाथ या पैर तेजी से कांपने लगता है और शरीर को बेहतर तरीके से कंट्रोल करने में दिक्कत होती है तो यह पार्किंसन्स बीमारी होने की संभावना हो सकती हैं। इस रोग से बचने के लिए शारीरिक गतिविधि और व्यायाम से अविश्वसनीय लाभ होता हैं। ये बातें ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तामोलिया, जमशेदपुर के सीनियर कंसल्टेंट- न्यूरोलॉजी डॉ अरुण कुमार ने कही। बुधवार को जारी प्रेस विज्ञाप्ति में डॉ. अरुण कुमार ने पार्किंसंस रोग के लिए शारीरिक गतिविधि और व्यायाम के लाभ की चर्चा करते हुए बताया कि इस रोग में मस्तिष्क के तंत्रिका कोशिकाओं में समस्या होती है, जो गतिविधियों को नियंत्रित करती है। इस रोग में नर्व सेल्स या तो डेड हो जाती हैं या खराब हो जाती हैं, जिससे डोपामाइन नामक एक महत्वपूर्ण रसायन के उत्पादन की क्षमता प्रभावित होती है। डॉ. अरुण कुमार के अनुसार पार्किंसंस रोग शरीर में कई प्रकार की समस्याओं का कारण बन सकती है। कंपकंपी या हाथ-पैर और जबड़े का अनैच्छिक रूप से हिलना। मांसपेशियों में अकड़न, कंधों या गर्दन में दर्द सबसे आम है। मानसिक कौशल या प्रतिक्रिया के समय में कमी। पलकों के झपकने की गति में कमी। अस्थिर चाल या संतुलन में दिक्कत होना। अवसाद या डिमेंशिया का जोखिम। यदि आपके परिवार में पहले किसी को यह समस्या रही है तो आपमें भी इसका जोखिम हो सकता है। इसके अलावा महिलाओं की तुलना में पुरुषों में पार्किंसंस रोग विकसित होने की आशंका अधिक होती है। कुछ शोध में पाया गया है कि जो लोग विषाक्त पदार्थों के संपर्क में अधिक रहते हैं उनमें भी इसके होने का जोखिम हो सकता है। डॉ. अरुण कुमार का कहना हैं कि पार्किंसंस रोग के रोगियों की स्थिति के आधार पर दवाइयों और थेरपी के माध्यम से इसके लक्षणों को नियंत्रित करने और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। कुछ शोधों से पता चला है कि नियमित एरोबिक एवं व्यायाम से पार्किंसंस रोग का खतरा कम हो सकता है। डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि डोपामाइन-उत्पादक कोशिकाओं की 80 प्रतिशत या उससे अधिक हानि वाले रोगियों में पार्किंसंस के लक्षण विकसित होते हैं। एक अनुमान के मुताबिक हर साल पार्किंसंस रोग के 60,000 नए मामलों का निदान किया जाता है। यह स्थिति आमतौर पर 55 वर्ष की आयु के बाद विकसित होती है हालांकि 30-40 वर्ष के लोगों को भी ये प्रभावित कर सकती है।

# बंगाली कल्याण समिति ने बंगाली नववर्ष पर निकाली भव्य प्रभात फेरी

फेरी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को बंगाली नववर्ष 1431 का स्वागत करने की एक अनोखी प्रयास बंगाली कल्याण समिति द्वारा किया गया। प्रति वर्ष की भांति बंगाली कल्याण समिति ने एक भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया था जिसमे करीब 500 लोग शामिल हुए। प्रभात फेरी का प्रारंभ जेसी मल्लिक रोड से हुआ। मनीष मेडिकल, पार्क मार्केट, हीरापुर बाजार समिति, शक्ति मेडिकल होते हुए हरी मंदिर में प्रभात फेरी का समापन हुआ। इस प्रभात फेरी को बड़े ही खूबसूरती से बंगला गीत और नृत्य से सजाया गया था। इसमें धनबाद के विशिष्ट संगीत शिल्पी इंद्रजीत चैटर्जी, अरूण बनर्जी, श्याम बनर्जी, कुमकुम बनर्जी शामिल थे। साथ ही मास्टर कुशान सेनगुप्ता, मास्टर अरिजित बनर्जी, मास्टर निर्झर बक्शी एवं अनुश्री बनर्जी ने मनमोहक गीत प्रस्तुत किए। इसमें धनबाद के 8 नृत्य विद्यालय के बच्चे शामिल थे। बच्चों ने अति उत्तम नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। नृत्य विद्यालय की मेंटर संचिता बक्शी, समृद्ध चौधरी, अंकिता बनर्जी, शम्पा बनर्जी, आरती साव, सास्वती सेन एवं स्रोतोस्विनी रॉय को समिति ने विशेष रूप से सम्मानित किया। डॉक्टर सुजाता चैटर्जी और सुजीत राय के कंठ में कविगुरु रवींद्रनाथ की कविता अभिसार का स्वर पाठ और जोली घोष की उस कविता का आंगिक रूप सबको बेहद पसंद आया। सभी गुणी शिल्पी को समिति के सम्मानित सदस्यों द्वारा स्मारक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर वीणा अग्रवाल उपस्थित थीं। उन्होंने बंगाली कल्याण समिति को नववर्ष की सुभेच्छा देते हुए समिति के इस कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की। बंगाली कल्याण समिति के सभी पुरुष और महिला सदस्यों के योगदान से यह अनुष्ठान सफल हुआ। महिलाएं पारंपरिक लाल पाड सफेद साड़ी और पुरुष कुर्ता पजामा में दिखे। इस अनुष्ठान में हमारे सहायक थे पार्क मार्केट चेंबर ऑफ कॉमर्स, चिरागोरा चैंबर ऑफ कॉमर्स, हीरापुर हरी मंदिर, मारवाड़ी युवा मंच और शक्ति मेडिकल। समिति ने सभी के लिए जलजोग का आयोजन किया था। अनुष्ठान का संचालन बिकास कांति और संगीता गांगुली द्वारा किया गया।

# गुरुदास चटर्जी के शहादत दिवस पर उमड़ा जनसैलाब



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** गोविंदपुर देवली स्थित कॉ० गुरुदास चटर्जी के 24 वीं शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रविवार को किया गया। अध्यक्षता मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो व मंच संचालन दिल मोहम्मद अंसारी ने किया।
सर्वप्रथम स्मृति स्थल स्थित छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।
सभा को संबोधित करते हुए मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा गरीब, मजदूर, शोषित के सच्चे हितैषी थे कॉ० गुरुदास चटर्जी, उन्होंने माफिया, पूंजीपतियों के खिलाफ लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। वे आज भी कोयलांचल के मजदूर, किसान, शोषित के आदर्श हैं। देश में व्याप्त भ्रष्टाचार, बेराजगारी, महंगाई के खिलाफ केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया। मौके पर उपस्थित रहे मासस केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी सहित काफी संख्या में आम लोग एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। देवली स्थित शहादत स्थल पर सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। भीषण गर्मी के बावजूद लोगों ने शाहिद चटर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया।

# धनबाद में डॉ. भीमराव अम्बेदकर की जयंती पर हुए समारोह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**झरिया (धनबाद) :** डॉ भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती पर रविवार को भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने बस्ताकोला स्थित आंबेडकर चौक पर बाबासाहेब को माल्यार्पण किया। इस दौरान ढुल्लू महतो ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का संविधान ही है कि जो एक गरीब का बेटा आपके बीच है। मुझे सेवा का मौका दिजिये मैं आपके लिए हमेशा खड़ा रहूंगा। श्री महतो ने कहा कि संविधान ने हमें व अधिकार दिया है और हम अपना हक ले सकें। उन्होंने कहा कि मैं कार्यकर्ताओं के लिए जेल गया हूं और आगे जरूरत पड़ी तो एक एक कार्यकर्ता के लिए जेल जाने को तैयार हूं। लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर के बताए रास्ते में चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि है। आज देश उनके लिखे संविधान के कारण ही बढ़ रहा है।

श्रद्धा सुमन

### डॉ भीमराव ने हमें अपने अधिकार के लिए लड़ना सिखाया : रागिनी सिंह

भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि हम सभी बाबासाहब के अनुयायी हैं। उन्होंने दबे कुचले समाज के लिए लड़ना सिखाया है। उन्होंने हर समाज को अपने अधिकार के लिए लड़ना सिखाया है। इस दौरान लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार, विधानसभा संयोजक राजकुमार अग्रवाल, रामसेवक पासवान, श्रीराम यादव, राजकिशोर जेना, उमेश यादव, स्वरूप भट्टाचार्य, उचित महतो, गोपाल यादव, नवल किशोर पासवान, संतोष शर्मा, रिंकू शर्मा, रामदेव शर्मा, संजय रवानी, कुंदन यादव, राहुल गुप्ता, प्रतिमा गिरी, पप्पू पासवान, दिनेश पासवान, अनिल नोनिया, काजू राय, उपेंद्र सिंह, मनोज गोप, प्रदीप पासवान, राजू दास, रंजीत दास, मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी उपस्थित थे।

## डॉ. भीमराव अम्बेदकर की 133वीं जयंती पर किया याद



**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद) :** रविवार को भारतीय जनता पार्टी सिंदरी नगर के द्वारा सिंदरी में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती रोडाबांध चौक में धूमधाम से मनाई गई। सारे कार्यकर्ताओं ने उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। धनबाद ग्रामीण के जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने कहा कि बाबा साहेब के बताए मार्गो पर चलकर ही हम विकसित भारत की कल्पना कर सकते हैं। सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी श्रीमती तारा देवी ने अंबेडकर साहब की जीवन एवं संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणा लेने की बात कही। नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने कहा कि आज केंद्र की मोदी सरकार आंबेडकर जी के सपनो को साकार कर रही है और तीसरी टर्म की सरकार बनने के बाद और तीव्र गति से उनके सपनो को पूरा किया जायेगा।

## अम्बेदकर जयंती समारोह में शामिल हुईं विधायक



**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के सलगा में बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सुश्री अंबा प्रसाद भी मुख्य रूप से शामिल हुई। सर्वप्रथम विधायक ने बाबा साहेब की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अंबा प्रसाद ने सभी को आंबडेकर जयंती की बधाई दी। मौके पर विधायक ने कहा कि, हम सभी लोग बाबा की जयंती मनाने के लिए एकत्रित हुए है। इसलिए बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। बाबा साहब ने संविधान की रचना की है। जिसके चलते सभी को एक समान जीने का अधिकार मिला है। आगे विधायक ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीम राव आंबेडकर आजादी के बाद भारत की सांस्कृतिक और राजनीतिक गतिविधियों के केंद्र बिंदु थे। उन्होंने समाज के विशेष वर्ग के उत्थान को लेकर जीवनभर काम किया। समाज को आगे ले जाने के लिए कई प्रयास किये।

## बरकट्ठा में धूमधाम से मनी बाबा साहब की जयंती



**बरकट्ठा :** प्रखंड के अलग-अलग क्षेत्रों में रविवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की १३३वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। पहला कार्यक्रम बरकट्ठा अडवार स्थित स्टेडियम में अंबेडकर युवा वाहिनी के तत्वाधान में भव्य तरीके से कार्यक्रम का आयोजन किया गया मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि बगोदर विधायक विनोद सिंह, पूर्व विधायक बरकट्ठा जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया स्थानीय मुखिया अब्बास अंसारी, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ महासचिव डा. प्रकाश कुमार, पूर्व मुखिया संघ के अध्यक्ष बसंत साव, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल,जिप प्रतिनिधि सीके पाण्डेय, भाकपा माले विधानसभा प्रत्याशी भुवनेश्वर केवट, भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद रविदास, पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी, भाकपा माले प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद, चीतों दास व महेश मांझी ने संयुक्त रूप से बाबा साहब अंबेडकर की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कि गई। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पधारे विनोद सिंह ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर कोई सामान्य मनुष्य नहीं बल्कि एक ऐसी विभूति थे जिन्होंने भारत को विश्व का सबसे विशाल संविधान दिए जिसे सुरक्षित रखना और बाबा साहब के बताये मार्गो पर चलना ही बाबा साहब के लिए सच्ची जयंती होगी। वहीं लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि महामानव बाबा साहब ने दलितों, शोषितों और पीड़ितों को अपने हक अधिकार और समानता दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन सर्वस्व न्योछावर कर दिए। और अंततः भारत को एक विशाल और मजबूत संविधान दिए। जिसमें दलितों शोषितों और पीड़ितों को समानता का अधिकार एवं कई मौलिक अधिकार मिले हैं। जिससे दलितों की आर्थिक और सामाजिक जीवन शैली में थोड़ा बहुत सुधार हुआ।

## 133वीं जयंती पर याद किये गये संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेदकर



**धनबाद :** रविवार को संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की 133वीं जयंती मनायी गई।हाड़ी जाति समाज सुधार समिति, सामाजिक संस्था ने न्यू कार्मिक नगर में स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर समिति के जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी ने कहा कि बाबा साहेब को भारतीय संविधान का जनक भी कहा जाता है। उनका जन्म 14 अप्रैल, 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक दलित महार परिवार में हुआ था। वह एक विश्व स्तरीय वकील, समाज सुधारक थे, जिन्होंने आजादी के बाद देश को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया था। उनकी जयंती पर हम सभी उनके विचार उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लेते हैं। युवा अध्यक्ष अमित किशोर हाड़ी ने कहा कि साल 1947 में भारत को आजादी मिलने के बाद, बी.आर. अंबेडकर देश के पहले कानून मंत्री बने थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सामाजिक और आर्थिक मुद्दों के समाधान के लिए विभिन्न कानूनों और सुधारों का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, सचिव दिनेश हाड़ी, मीडिया प्रभारी पप्पू हाड़ी ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर भारतीय न्यायविद्, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे।

## डॉ भीमराव अम्बेदकर की जयंती पर बाबा साहब को किया याद

**बाघमारा (धनबाद) :** रविवार को बाघमारा क्षेत्र के कोने कोने में देश रतन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की134 वीं जयंती मनाई गई। वही केशलपुरा, निचितपुर, बरोरा, श्यामडीह, भटनूना सोनार डीह बाघमारा महुदा सुरियाडीह तेतुलमारी कतरास पचगाड़ी बाजार, मालकेरा के अलावे राजगंज में डॉ भीमराव अंबेडकर का 134 वीं जयंती मनाई गई। जिसमें निचितपूर और कैसलपुर में मासस के केंद्रीय महासचिव कामरेड हालदार महतो ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माला चढ़ाकर लोगो के बीच मिठाईयां बांटी।

## अम्बेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धा-सुमन अर्पित



**सिन्दरी (धनबाद) :** रोहडाबांध स्थित अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विभिन्न संगठनो ने अंबेडकर जी की जयंती मनाई। अंबेडकर वादी सत्येंद्र मरांडी ने कहा कि अंबेडकर जयंती ताबीज नही जिसे धारण कर अंबेडकर वादी बन जाएंगे। बुद्धिजीवी जन कल्याण मंच के महासचिव सुरेश प्रसाद ने चिंतक भंते करुणाकरण को उद्धृत करते हुए कहा कि हमलोग मूर्ति को माला पहनाते हैं और विचारों पर ताला लगाते हैं, ऐसी स्थिति मे अंबेडकर जयंति मनाने का कोई औचित्य नहीं, सुखलाल हांसदा, राम गोविंद राम, उमेश महतो, ललिता देवी, चांदो देवी ने श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। राष्ट्रीय जनता दल ने सिंदरी स्थित जिला कार्यालय मे अंबेडकर जी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया । जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव सहित सभी लोगों ने संविधान बचाने का संकल्प लिया,और कहा कि संविधान के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। मौके पर महानगर अध्यक्ष मुमताज कुरैशी, विनय सिंह, प्रदीप पाल, मुनेश्वर यादव, डीसी चौधरी थे।

## एक झलक

### भार्गव सेना ने परशुराम मंदिर के लिए एक और गाने का किया विमोचन

**मेदिनीनगर :** पलामू राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा झारखण्ड के पलामू की धरती मथुरा बाड़ी रेड़मा में भगवान परशुराम जी के मन्दिर का निर्माण करवा रही है, इस मंदिर को लेकर पूरे भक्त गण भक्ति में सराबोर हैं इसी भक्तिमय माहौल को चार चांद लगाने के लिए बीते दिवस राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा मंदिर निर्माण को लेकर एक और नए गाने का विमोचन किया गया, इस गाने को अपने स्वर से झारखण्ड के लोकप्रिय गायक भांगड़ भोला फेम महानायक उमाशंकर मिश्रा ने सजाया हैं। इस गाने को एक साथ सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक सहित कई अन्य प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया गया,ताकि सभी श्राद्धलूओं तक आसानी से यह गीत पहुँच जाय, आप सभी को ज्ञात है इससे पहले भी भगवान परशुराम मंदिर निर्माण को लेकर दो गाने का विमोचन भार्गव सेना के तत्वावधान में हो चुका है।इस गाने के विमोचन कार्यक्रम की शुरूवात मन्त्रों उच्चारण के साथ किया गया जहां भार्गव सेना के पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने महानायक उमा शंकर मिश्रा को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि परशुराम मंदिर को लेकर पूरे राज्य में भक्तिमय माहौल है इसी को ध्यान में रखते हुए लगातार गाने की लॉन्चिंग की जा रही है आगे आने वाले दिनों में कई और एक से बढ़ कर एक गाने की धुन आप सब को सुनने को मिलेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश संरक्षक अजय तिवारी, प्रदेश संरक्षक परमेश तिवारी, प्रदेश संरक्षक मुकेश तिवारी, प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ब्राह्मण, प्रमंडलीय संयोजक संजीत पांडे, प्रमंडलीय कोषाध्यक्ष अंकित पांडे, सहित काफी संख्या में परशुराम भक्त उपस्थित रहे।

### एस-ड्राइव में दो वारंटी गिरफ्तार

**हरिहरगंज/पलामू :** वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने एस ड्राइव अभियान चलाकर कर थाना कांड संख्या 90/23 के प्राथमिक अभियुक्त सेमरबार गांव निवासी दशरथ पासवान और कांड संख्या 126/23 के प्राथमिक अभियुक्त रजवार टोला निवासी नंदू भुइयां को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि पुलिस को काफी दिनों से उक्त वारंटीयों की तलाश थी। सूचना मिलते ही दोनों वारंटीयों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उन्होंने ने बताया कि एस ड्राइव चलाकर वारंटियों को गिरफ्तार करने का काम जारी रहेगा।

### चैती छठ के मौके पर छठ व्रत का आयोजन

**गुमला :** आस्था का पर्व चैती छठ का चलन गुमला में भी बढ़ता जा रहा है तालाब घाट की अच्छी व्यवस्था नहीं होने के कारण छठ व्रत करने वाले लोग अपने घर के आसपास ही छोटा सा तालाब का निर्माण कर रहे हैं। जहां छठ पर्व सुविधा पूर्वक मनाया जा सके गुमला शहर से दूर बेलगांव में छठ का व्रत धूमधाम से मनाया गया छठ घाट पर छठ व्रत अर्चना देवी ने किया साथ में आरती सोनी राजलक्ष्मी लकड़ा सुरेंद्र प्रसाद त्रिपाठी करुणा निधि ठाकुर संतोष झा आयुष कुमार शारदा कुमारी रलक्ष्मी कुमारी इशिका कुमारी अंशिका कुमारी आशा देवी मीता देवी सीता देवी जीत मनी देवी आण्वी कुमारी एवं बच्चे उपस्थित थे।

### लक्ष्मण नगर में चोरों का आतंक

**गुमला :** शहर से सटे लक्ष्मण नगर स्थित रौतिया भवन के समीप विश्वनाथ सिंह के घर में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने बाउंड्री लांघकर कुएं में लगे पानी मोटर की चोरी कर ली। सुबह घर वाले मोटर चलाने लगे तभी उन्हें चोरी की घटना का पता चला। वहीं पड़ोस के रहने वाले मोहन सिंह के घर से भी चोरों ने घर में घुसकर बकरी की चोरी कर ली। मामले को लेकर गुमला थाना में शिकायत करने की बात कही।

# बाबा साहेब के त्याग, बलिदान व परिश्रम की देन है संविधान



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के विवेकानंद पार्क में स्थित डॉ0 भीमराव अम्बेड्कर की प्रतिमा पर बसपा के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसका नेतृत्व पार्टी के जिला प्रभारी मुनेश्वर राम ने किया। इस अवसर पर मुनेश्वर राम ने कहा कि बाबा साहेब के अथक प्रयास, बलिदान और त्याग के कारण ही आज हमारा संविधान है, जिसे हम सभी देशवासी गर्व करते हैं। उन्होंने अपना जीवन देश के लिए जनता के लिए गरीब गुरबा के लिए संघर्ष किया। सुख सुविधा त्याग करके, इन्होंने जो अनुभव प्राप्त किया, उसी के आधार पर इन्होंने संविधान लिखा। उस संविधान का देन है कि आज हम समाज में उठ बैठ सकते हैं ,बराबरी का दर्जा मिला है। लातेहार विधानसभा प्रभारी प्रकाश राम ने संबोधित करते हुए बताया कि आज अंबेडकर जयंती पर हम सभी को संकल्प लेना चाहितए कि हम सभी उनके विचारों को अपना अपनाएं , जिससे समाज और देश में शांति व्यवस्था बने रहे, उनकी भावना उनकी जयंती का सच्चा है। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी प्रकाश राम अमरेश कुमार कमलेश कुमार उमेश कुमार इग्नेश लकड़ा योगेंद्र कुमार ठाकुर छोटू राम मृत्युंजय और धनंजय समाजसेवी बिगावन राम सहित कई लोग शामिल थे।

## भाजपा ने मनायी बाबा भीमराव अम्बेदकर जयंती



**लातेहार :** जिला भाजपा कार्यलय में रविवार को भारतीय संविधान के निमार्ता भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जन्म-जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में सर्व प्रथम बाबा साहब के चित्र पर दिप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित किया गया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार, विधिवेत्ता, समाज सुधारक,भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का देश के प्रति उनके समर्पित भाव को भुलाया नही जा सकता है। पर जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, विधानसभा प्रभारी रामदेव सिंह, प्रदेश कार्यसमिति कल्याणी पाण्डेय, महामंत्री बंसी यादव, नगर अध्यक्ष सीतामणी तिर्की, प्रदेश कार्यसमिति मुकेश पाण्डेय, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष महताब, विष्णु गुप्ता, जिला कार्यसमिति आनंद सिंह, पिंटू रजक, मनोज प्रसाद, नागमणि, सुरेंद्र राम, अवधेश चंद्रवंशी, मंटू पासवान, वीरेंद्र पासवान, बिनोद यादव, गुलाब सिंह, निरंजन सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बाबा साहब जयंती पर इंडिया गठबंधन ने लिया संविधान-लोकतंत्र बचाने का संकल्प




**झुमरीतिलैया :** बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। जयंती पर जिलेभर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झुमरीतिलैया में सुभाष चौक के समीप अंबेडकर पार्क और तिलैया बस्ती स्थित अंबेडकर चौक पर इंडिया गठबन्धन ने बाबा साहब की जयंती मनाई। गठबन्धन के नेताओ ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और जय भीम-जय संविधान का नारा बुलंद किया। इंडिया गठबन्धन के नेताओ ने जयंती पर संविधान-लोकतंत्र बचाने का संकल्प लिया। राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि पिछले 10 सालों से भाजपा केंद्र की सत्ता में है। भाजपा के अनगिनत नेताओ ने संविधान बदलने हटाने की बात खुलेआम कह रहे है।सोशल मीडिया में कई भाजपा नेताओं का बयान वायरल है, जो 400 पार का नारा का मतलब सीधे सीधे संविधान बदलने के लिए कह रहे है। दिल-दिमाग मे जिनके मनुस्मृति है, वो लोग आज संविधान बदलने की बात कह रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता के अहंकार में डूब गई है, भाजपा के लिए संविधान से ज्यादा मनुस्मृति ज्यादा जरूरी है।देश की जनता संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए भाजपा को सत्ता से इसबार बेदखल जरूर करेगी। जेएमएम जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय,जिला सचिव श्यामदेव यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान, आप जिलाध्यक्ष दामोदर यादव, भाकपा-माले नेता संदीप कुमार, राजद युवा जिलाध्यक्ष मनोज रजक ने कहा कि बाबा साहब ने देश को एक रास्ता दिखाया, देश के वंचित, गरीबो,शोषितो और गरीबो को अधिकार दिया। धर्म-लिंग, जातिवादी रूढ़िवाद के नाम पर शोषण को समाप्त कराने के लिए कानून बनाया। लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार आरएसएस की मनुस्मृति विचारधारा को संविधान को हटाकर लागू करने के लिए साजिशें रच रही है। उन्होंने कहा कि संविधान देश की आत्मा और सम्मान है।इसके साथ भाजपा या आरएसएस खिलवाड़ करेगी तो जनता न्याय करना जानती है। चुनाव में मतदान करने का अधिकार बाबा साहब ने दिया है, जनता संविधान और भाजपा में संविधान को चुनेगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि देश मे संविधान-लोकतंत्र बचाने के लिए इस बार बढ़चढ़ कर मतदान करें।

## डॉ. भीमराव अम्बेदकर की जयंती भाजपा कार्यकर्ताओं ने समरसता दिवस के रूप में मनायी



**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर के अंबेडकर पार्क में संविधान निमार्ता के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयन्ती को समरसता दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर पार्टी ने विभिन्न बूथ स्तर पर कार्यक्रम किए। मेदिनीनगर के वार्ड 24 स्थित अम्बेडकर पार्क पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने उपस्थित होकर डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब न केवल हमारे देश में, बल्कि पूरे विश्व प्रसिद्ध हैं। उनके किए गए कार्यों की समूचे संसार में प्रशंसा होती है। आज हमारी सरकार ने अंतोदय के माध्यम से उस वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम किया है, जिसकी लड़ाई बाबा साहब लड़ते थे। डॉ अंबेडकर ने न सिर्फ दलितों के लिए संघर्ष किया, बल्कि संपूर्ण समाज को संविधान के माध्यम से बराबर का अधिकार दिया। उनकी बदौलत ही हमारा संविधान विश्व में सर्वश्रेष्ठ है। हमें बाबा साहब का सदैव स्मरण करना चाहिए। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि श्रद्धेय डा.भीमराव अंबेडकर ने समाज के वंचित वर्ग को शिक्षित व सशक्त करने का काम किया और हमें न्याय व समता पर आधारित एक ऐसा प्रगतिशील संविधान दिया, जिसने देश को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया। ईश्वर का मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रेम सिंह परशुराम ओझा नरेंद्र पांडे अविनाश वर्मा विभाकार नारायण पांडे उदय शुक्ला प्रफुल्ल सिंह दुर्गा जौहरी ज्योति पांडे जितेंद्र तिवारी सुरेंद्र विश्वकर्मा सोमेश सिंह रीना किशोर छोटू सिन्हा अनिल सोनी कुमार गौरव प्रदीप पासवान अनिमेष सिंह एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया बाबा साहब का जन्मदिन



**बरवाडीह/लातेहार :** रविवार को बरवाडीह प्रखंड में धूमधाम से विभिन्न सामाजिक और राजनितिक के द्वारा बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जंयती समारोह मनायी गई। प्रखंड मुख्यालय के बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर अम्बेडकर विचार मंच के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, समेत अन्य अतिथियों ने शिरकत की जहाँ अम्बेडकर विचार मंच के द्वारा गाजेबाजे के साथ अतिथियों के बाबा साहब की प्रतिमा स्थल तक लाया गया जहाँ विधायक और जीप सदस्य के साथ बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, बिधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, विजय बहादुर सिंह मनोज जयसवाल, अन्य अतिथियों के बाबा साहब की प्रतिमा का मालयर्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया और सभी ने बाबा साहब अमर रहे के नारे लगाए। अम्बेडकर विचार मंच के द्वारा रैन बसेरा परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे यूपी से आयी गायिका पूजा ने अपने गीतों से मौजूद लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस दौरान अम्बेडकर विचार मंच के रविद्र राम, अवधेश मेहरा, श्री राम दीपक राम, रवींद्र पासवान, सुमन कुमारी, अजय दास समेत अन्य के द्वारा अतिथियों को सम्मानित किया गया। वही दूसरी ओर भाजपा मंडल कमिटी के द्वारा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के नेतित्व में सभी शक्ति केंद्र में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जंयती कार्यक्रम कर लोगों को बाबा साहब के द्वारा समाज में लोगों के अधिकार को लेकर लाये गये मजबूत कानून के प्रति जागरूक किया गया इस दौरान खुरा पंचायत के खुरा गाँव में सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद के नेतित्व में कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब की जंयती मनायी गई जिसमे भाजपा नेता सुनील सिंह, विकास सिंह पारस जयसवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# भगवान भास्कर को अर्पित किया गया अस्ताचलगामी अर्घ्य



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** जिले में जगह-जगह लोक आस्था का महापर्व चैती छठ श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया गया। चैती छठ के तीसरे दिन आज व्रतियों के द्वारा अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्ध्य अर्पित किया गया। छठ व्रती श्रद्धालुओं ने घाटों पर पहुंच कर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्ध्य दिया। लोक आस्था का महापर्व छठ वर्ष में दो बार श्रद्धा और विश्वास के मनाया जाता है। चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी पर मनाए जाने वाले छठ पर्व को चैती छठ और कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी पर मनाये जाने वाले पर्व को कार्तिकी छठ कहा जाता है। यह पारिवारिक सुख-समृद्धि मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए मनाया जाता है। स्त्री पुरुष समान रूप से इस पर्व को मनाते हैं। जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में धुमधाम के साथ व्रतियों और श्रद्धालुओं ने सज-धज कर घाट पहुंचे और भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। छठ समितियों के द्वारा भी व्रतियों के सुविधा के लिए कई तरह से व्यवस्था किया गया है, ताकि व्रतियों को परेशानी ना हो। कल सुबह उदीयमान भगवान को अर्घ्य देने के साथ लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व का समापन हो जायेगा।

### प्रखंड मुख्यालय के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में चैती छठ शांतिपूर्ण और धूमधाम तरीके से मनाया गया

**बरवाडीह :** रविवार को प्रखंड मुख्यालय के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में आस्था का महापर्व चैती छठ शांतिपूर्ण और धूमधाम तरीके से मनाया गया, छठ वर्तियों के द्वारा अपने आस पास के छठ घाट के साथ घरो में भी छठ पर्व को किया गया वही कई लोग अपनी मन्नत को लेकर बिहार के देव में भी छठ पर्व करने को पुरे परिवार के साथ गये। प्रखंड के मंगरा घाट पर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह की पत्नी और पूर्व जिला परिषद सदस्य इंदु देवी ने भी छठ पर्व को किया और डूबते सुर्य को अर्ग देते हुए अपने पुरे परिवार के साथ अपने सभी शुभचिंतको और सभी राज्य वासियो के लिए प्रार्थना की, वही दूसरी ओर रेलवे कॉलोनी में स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी की पत्नी और रेलवे क्लब की उपाध्यक्ष सुधा दुबे ने अपने घर की छत पर ही पुरे विधि विधान से छठ पर्व को करते हुए डूबते सुर्य को अर्ग दिया इस दौरान जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर समेत कई रेल अधिकारी भी शामिल हुए।

# आदिशक्ति महावीर मंदिर की तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा की कलश यात्रा के साथ शुरुआत



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बरवाडीह/लातेहार :** रविवार को प्रखंड मुख्यालय के बस स्टैंड स्थित महावीर चौक में नवनिर्मित आदिशक्ति महावीर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत कलश यात्रा से की गई जिसमे स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह, जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर समेत सैकड़ो की सख्या में महिला पुरुष श्रद्धांलुओं ने शिरकत की। कलश यात्रा की शुरूआत मुख्य पुजारी सुरेंद्र मिश्रा के द्वारा मुख्य जजमान को विशेष पूजा अर्चना कराने के बाद श्रद्धांलुओं के बीच कलश वितरण कर के कलश यात्रा को गाजेबाजे के साथ रवाना किया गया जहाँ कलश यात्रा मुख्य मार्ग से नगर भर्मण करते हुए आदर्श नगर के धड़धडी नदी में पूजा अर्चना कर कलश में जल लेते हुए भगवान के जयकारे के उद्घोष के साथ नगर भर्मण कर कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंची जहां कलश पुजन के बाद कलश को स्थापित किया गया। वही आज सोमवार को मंदिर में स्थापित होने वाली माँ दुर्गा और भगवान महावीर की प्रतिमा की पूजा अर्चना और नगर भर्मण के बाद प्रतिमा की स्थापना की जायेगा जिसको लेकर मंदिर समिति की सभी तैयारी पूरी कर लीं गई है।

# पूरे देश में चल रही बदलाव की लहर : रुचिर तिवारी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**पलामू :** रविवार को गढ़वा जिला के रमणा प्रखंड अंतर्गत मुखर्जी नगर में भाकपा पलामू के लोकसभा उम्मीदवार अभय कुमार भूईंया पलामू जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने जनसंपर्क अभियान किया जहां पर उनका जोरदार स्वागत माला पहनाकर किया गया। सभा को गढ़वा जिला सचिव राजकुमार राम, राज्य कार्यकारिणी सदस्य गणेश राम, रामेश्वर प्रसाद अकेला ने किया। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि पूरे देश में बदलाव की लहर बह रही है और पलामू लोकसभा सीट भी इसबार बदलाव के लिए तैयार है। इस बार पलामू के बाहरी प्रत्याशी को हराकर यहां की जनता बक्सर एवं जमशेदपुर उनको वापस भेजने का काम करेगी एवं पलामू धरती पुत्र अभय कुमार भुइंया को हंसुआ बाली छाप पर बटन दबाकर जिताएगी। 10 वर्ष से पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों को भाजपा के सांसद ने सिर्फ छलने का काम किया है। देश के प्रधानमंत्री मोदी जी की तरह भाजपा के सांसद भी आम जनता को झूठा दिलासा दिला कर अंतिम समय में उद्घाटन और शिलान्यास करने का काम कर रहे हैं, जिसको जनता समझ चुकी है।

## रामनवमी पर्व को लेकर गारू थाने में हुई शांति समिति की बैठक

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलानेवालों पर होगी कार्रवाई : सोनू कुमार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गारू/लातेहार :** रामनवमी पर्व को लेकर रविववार को गारू थाना परिसर में शांति-समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पूजा समितियों के साथ निकलने वाली जुलूस को लेकर चर्चा की गई।इस दौरान डीजे को लेकर विशेष निर्देश जारी किया गया। रामनवमी को लेकर पुलिस पुरी तरह से अलर्ट है।थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक को थाना प्रभारी सोनू कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने पूजा समितियों के साथ निकलने वाले जुलूस को लेकर चर्चा किया। इस दौरान सभी समितियों ने अपना जुलूस रुट बताया। जुलूस के दौरान डीजे बजाने को लेकर आवश्यक निर्देश जारी किया गया। रामनवमी पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। बता दें कि रामनवमी को लेकर शहर में धूमधाम से जुलूस पुरे प्रखंड क्षेत्र में निकाली जाती है। जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। वहीं थाना प्रभारी श्री कुमार ने कहा कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार के गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मतदानकर्मियों का द्वितीय चरण के दूसरे दिन का चुनाव प्रशिक्षण सम्पन्न



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशिरंजन के आदेशानुसार एवं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद के निर्देश के आलोक में मेदिनीनगर के एमकेडीएवी एवं गिरिवर+2 उच्च विद्यालय में मतदानकर्मियों का द्वितीय चरण के दूसरे दिन का चुनाव प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया।एक सौ मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण के पहले दो दिनों में डीएवी में 4228 पीठासीन पदाधिकारी एवं गिरिवर स्कूल में 2200 द्वितीय मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। डीएवी में प्रशिक्षण का अनुसमर्थन जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी व अमरेन्द्र पाठक तथा गिरिवर स्कूल में रामानुज प्रसाद व अशोक सिंह तथा प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम ने किया।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अमरेन्द्र नारायण, कमलेश दूबे, आलोक तिवारी, देवेन्द्र मिंज, मृत्युंजय कुमार व सरोज कुमार आजाद सहित एक सौ प्रशिक्षकों के द्वारा मतदानकर्मियों को उनके कार्य-दायित्व व ईवीएम संचालन के साथ मतदान प्रक्रिया की सांगोपांग जानकारी दी गयी।

# 10 वर्षीय लड़की की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में बिना अल्ट्रासाउंड जांच किए ही बच्ची का इलाज कर दिया गया जिससे कारण 10 वर्षीय बच्ची अंजलि कुमारी की मौत हो गई।उक्त आरोप मृतक के परिजनों ने लगाया है। बता दे बच्ची को हल्का पेट दर्द था जिसे लेकर परिजन शुक्रवार को सदर अस्पताल पहुंचे थे जहां पर डॉक्टर कलडुलना को दिखाने के बाद डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड जांच करने की बात कही। अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था सदर अस्पताल में होने के बावजूद भी बच्ची का अल्ट्रासाउंड समय पर नहीं हो पाया और बिना अल्ट्रासाउंड जांच देखें ही डॉक्टर के द्वारा बच्ची का इलाज कर दिया गया जिसके कारण बच्ची की मौत हो गई इधर परिजनो ने बच्ची का मौत का कारण डॉक्टर का लापरवाही बताया है।

**क्या कहते हैं परिजन**

**मृतक** बच्ची के पिता सत्य धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह में बच्ची का पेट दर्द ज्यादा बढ़ गया था जिसको लेकर हम लोग तकरीबन 3:00 बजे सदर अस्पताल पहुंचे जहां ओपीडी पर बैठे डॉक्टर कलडुलना ने बच्ची कि स्थिति को देखते हुए अल्ट्रासाउंड करने की बात कही। बच्ची को आईसीयू में एडमिट कर दिया गया था। अल्ट्रासाउंड के लिए हम लोग इधर से उधर भटकते रहे मगर डॉक्टर की सुविधा नहीं होने के कारण मेरी बच्ची का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पाया और बिना अल्ट्रासाउंड हुए ही डॉक्टर ने बच्ची का इलाज कर दिया जिसके कारण बच्चों की मौत हो गयी।

**क्या कहते हैं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक**

**जब** इस मामले को लेकर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक अखिलेश्वर प्रसाद पुछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी मिली कि शुक्रवार को बच्ची तकरीबन 3:00 बजे पेट दर्द की शिकायत को लेकर सदर अस्पताल में आई थी जिसे डॉक्टर कलडुलना देखे थे और उन्होंने जांच रिपोर्ट भी लिखा था इसमें सभी जांच हो गए लेकिन एक जाँच अल्ट्रासाउंड नहीं हुआ था और बच्ची को आईसीयू में रखा गया था बच्ची की स्थिति भी ठीक थी लेकिन बच्ची की मौत कैसे हुई यह कहां नहीं जा सकता है की इलाज के लापरवाही से हुई है या किसी और कारण से जांच करने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है

**क्या कहती हैं बच्ची की मां**

**बच्ची** की मां ने कहा कि अगर मेरी बच्ची का समय में अल्ट्रासाउंड हो जाता तो आज मेरी मेरे पास होती लेकिन सिस्टम की एक लापरवाही के कारण मेरी बच्ची की जान चली गई।

### 04 बदमाश गिरफ्तार, 03 कट्टा व 09 गोली बरामद

**गुमला :** पुलिस ने पटेल चौक के नजदीक लूटपाट की घटना को अंजाम देने पहुंचे चार बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम मुन्ना साहू, सूरज कुमार सिंह, शुभम कुमार और बबलू साहू है। सभी जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के चपका के रहने वाले हैं। इनके पास से तीन देशी कट्टा, .303 एमएम की चार गोली, .315 एमएम की तीन गोली और 12 बोर का दो गोली पुलिस ने बरामद की है। गुमला एसपी शंभु कुमार सिंह ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि शनिवार रात सूचना मिली कि गुमला थाना क्षेत्र के पटेल चौक के पास चार संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुए हैं। सूचना पर गुमला थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो चारों बदमाश भागने लगे।

## एक झलक

### दाल लदी ट्रक खाई में गिरी, चालक की मौत

**कोडरमा :** कोडरमा थाना अंतर्गत नौवां माइल के पास दाल लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट कर खाई में गिर गयी। रविवार सुबह नौ बजे हुई इस दुर्घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि परिचालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अपना भाई ग्राम छपरा के चालक सुनील सिंह (38,) और परिचालक राम सावक सिंह कोलकाता से ट्रक में दाल लोड करके छपरा जा रहे थे। कोडरमा घाटी स्थित नौवा माइल के पास उनकी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट कर खाई में गिर गयी। दुर्घटना में चालक सुनील की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर कोडरमा पुलिस थाना प्रभारी सुजीत कुमार और पैंथर व दमकल मौके पर पहुंचे और दोनों को कोडरमा सदर अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने सुनील के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### अभ्यास शिविर स्थल का किया गया उद्घाटन

**कोडरमा :** लाठी चलाने के अभ्यास तलवार चलाने के अभ्यास रामनवमी के शुभ अवसर पर अभ्यास सत्र का उद्घाटन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति झारखंड प्रांत के सह प्रमुख सुषमा सुमन और समाज सेवी गायत्री देवी डॉ मनोज कुमार सुभाष गुप्ता मुरली मोदी राखी सिन्हा प्रदीप कुमार सुमन पतंजलि परिवार के योग शिक्षक प्रमिला देवी पुष्पा देवी नमिता देवी सुधारानी संयुक्त रूप से दीप प्रजवालित किया और फीता काटकर अभ्यास शिविर स्थल का उद्घाटन किया गया, स्थान ग्राडं सूर्या होटल के पास सुबह 5:00 बजे से 8:00 तक चली अभ्यास सत्र शाम 4:00 बजे से 6:30 तक चलेगी यह कार्यक्रम योग क्रांति अखाड़ा समिति के द्वारा किया जा रहा है और प्रशिक्षक कोलकाता से आए हुए आशीष घोष के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है यह निशुल्क प्रशिक्षण शिविर है।

### सीटू ने डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर उन्हें किया याद



**कोडरमा :** सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) ने बाबा साहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। महावीर मुहल्ला में जयंती पर बाबा साहेब के चित्र माल्यार्पण करते हुए सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि बाबा साहेब ने भारत का संविधान बनाने के समय मजदूर वर्ग को ध्यान में रखा। सभी दलित आदिवासी, पिछड़े व दबे कुचले गरीबों के साथ साथ महिलाओं को बराबरी का अधिकार दिया। आज संविधान के साथ छेड़छाड़ की कोशिश की जा रही है और गरीबों के अधिकार को छीना जा रहा है। इसलिए भारत का संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हम सब को एकजुट होना होगा। इस अवसर पर सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, आंगनबाड़ी सेविका रेखा कुमारी, सौरभ पासवान, अभिषेक कुमार, सुरज कुमार, सौरभ सागर, अभिषेक पासवान, शिवानी पासवान, अभिषेक पासवान, चाहत कुमारी, नैतिक कुमार आदि मौजूद थे।

# युवाओं को अम्बेदकर के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए : डीसी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लोहरदगा :** अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिलेवासियों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर डीसी डा.प्रसाद कृष्ण वाघमारे ने कहा कि संविधान के रचयिता,ज्ञान और विलक्षण प्रतिभा संपन्न डॉ. अम्बेडकर ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी एक शिक्षाविद, कानूनी विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के रूप में काम किया। लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए,खास कर युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। एसपी हारिश बिन जमा ने कहा कि बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर ने संविधान की रचना की है और जब संविधान को पढेंगे तो बहुत कुछ समझ में आता है।उनका मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" हमेशा प्रासंगिक रहेगा.बाबा साहब अम्बेडकर का पूरा जीवन प्रेरणाश्रोत है.विधाथियों को उनके विचारों,आदर्शो को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यता है। इस अवसर पर समाहरणालय मैदान के पास स्थित अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों ने श्रद्धा सूमन अर्पित किया।

## इंडिया गठबंधन के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न बाबा साहब की मनायी गयी जयंती



**कोडरमा :** कार्यक्रम की अध्यक्षता कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने किया, सर्वप्रथम कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की तस्वीर पर माला अर्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि भारतीय राजनीतिज्ञा और समाज सुधारक बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 14 अप्रैल1891 में जन्म हुआ था भारतीय संविधान के निमार्ता व शिल्पकार और देश के दलित एवं पिछड़े वर्गों के लोगों के मसीहा डॉक्टर भीमराव साहब ने प्रारंभिक शिक्षा लेने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ा था लेकिन अंबेडकर ने न केवल उच्च शिक्षा हासिल की बल्कि स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री बने उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के नाम समर्पित कर दिया था डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी समाज में दलित वर्गों को सामान्य दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे देश से जाति प्रथा जैसी कुव्यवस्था को हटाने के लिए बाबा साहब ने तमाम आंदोलन किया ! कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने अपने संबोधन में कहां की विश्व की महान विभूतियां में शामिल युग प्रवर्तक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने विश्व के बदलने का वातावरण में एक नई ऊर्जा आर्थिक नीति के माध्यम से सामाजिक व आर्थिक क्रांति को विश्व पटल पर रखा डॉक्टर अंबेडकर का आर्थिक चिंतन आकलन की दृष्टि से आर्थिक सामाजिक राजनीतिक और सांस्कृतिक आधारमान हैं, कार्यक्रम के संचालन झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे ने किया संचालन के दौरान अपना संबोधन में कहा कि एक विधि वेद समाज शास्त्री गरीबों वंचितों के मसीहा राष्ट्रीय नायक प्रेणता सामाजिक और आर्थिक समानता के प्रबल समर्थक संवैधानिक लोकतांत्रिक भारत के राष्ट्रपिता डॉक्टर अंबेडकर अविस्मरणीय न्यायवादी के दिलों में विराजमान है अंबेडकर जी की बोली गई, लिखी गई छाप, में आज भी ऊर्जा है जो सामाजिक ताजगी और समाज को आकर्षक करने की शक्ति प्रदत्त करती है। कार्यक्रम को संबोधित झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला सचिव श्यामदेव यादव जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह कांग्रेस नेता सईद नसीम केंद्रीय समिति सदस्य झारखंड मुक्ति मोर्चा संजय पांडे जिला महासचिव कांग्रेस आशीष पांडे अल्पसंख्यक जिला कांग्रेस अध्यक्ष फैयाज केसर जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस फैयाज अब्बू केसर राजद नेता मनोज रजक जिला सोशल मीडिया प्रभारी चांद आलम हृदयनंद मिश्रा सुभाष सिंह यादव ने भी संबोधित किया जबकि मुख्य रूप से उपस्थित रणधीर रावत उमाशंकर दास कुंदन साहू बजरंगी राम दिलीप राम सुनील साहू बसंत कुमार मंतोष गुड्डू कुमार मनोज साह विकास कुमार सिताराम पासवान लक्की कुमार इत्यादि सैकड़ो लोग हुए शामिल।

## रजक कल्याण समिति के तत्वावधान में संविधान के जनक की 133वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनी



**कोडरमा :** रजक कल्याण समिति, लोचनपुर, कोडरमा के तत्वाधान में संविधान के जनक डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभ आरंभ अध्यक्ष अर्जुन रजक के द्वारा बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए आरंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए समिति के सचिव दिनेश कुमार के द्वारा बाबा साहब अपने पूरे जीवन समाज में जातिवाद एवं उसे उत्पन्न भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किये। उन्हें भारत के संविधान के जनक के रूप में माना जाता है ,क्योंकि उन्होंने भारत के स्वतंत्रता के बाद एक लिखित संविधान का निर्माण किए। बाबा साहब के अनुसार जो व्यक्ति अपने अधिकार से वंचित है वह समाज से भी वंचित है। समिति के सचिव श्री कुमार के द्वारा बाबा साहब के द्वारा दिए गए नरा शिक्षित बनो , संगठित रहो,संघर्ष करो पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया ।कार्यक्रम के दौरान समिति के अध्यक्ष अर्जुन रजक संबोधित करते हुए कहे की बाबा साहब ने एक ऐसा संविधान का निर्माण किए जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगों को समान अधिकार प्राप्त है।

## डीसी-डीडीसी ने बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेदकर के चित्र पर किया माल्यार्पण



**बोकारो :** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133 वी. जयंती.के अवसर पर रविवार को उपायुक्त आवास के गोपनीय कार्यालय में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की चित्र पर उपायुक्त विजया जाधव, डीडीसी संदीप कुमार, अपर नगर आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, सहायक निदेशक डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्त्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण/पुष्प अर्पित किया गया।कमौके पर डीसी विजया जाधव एवं डीडीसी श्री संदीप कुमार ने आमजनों को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिखाएं मार्ग पर चलने एवं उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कहीं। साथ ही, संविधान में दिए गए अधिकारों एवं नियमों का अनुपालन करने को कहा। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती वंदना शेजवलकर, एलआरडीसी चास प्रभास दत्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहार जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, जिला योजना पदाधिकारी राजेश शर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्यों ने बाबा साहब की चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## अम्बेदकर जयंती पर आप ने किया प्रतिमा पर माल्यार्पण



**बोकारो :** रविवार को आम आदमी पार्टी बोकारो जिला इकाई के तत्वावधान में सेक्टर चार डी स्थित भारत रत्न डा भीमराव अम्बेडकर की जयंति पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आप जिला संयोजक विधान चंद्र राय के नेतृत्व में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत बाबा साहब की जयंति को संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में आप के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने कहा कि आज बाबा साहब अम्बेडकर को याद करते हुए संविधान, लोकतंत्र और देश बचाने का समय है। जिस प्रकार से तानाशाह सत्ता विपक्ष के नेताओं को बिना सबूत जेल भेज रही है, उसका जवाब लोकसभा चुनाव में वोट की ताकत से देना है। बोकारो जिला संयोजक विधान चंद्र राय ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। इसको बचाने के लिए देश भर में आम आदमी पार्टी कार्यक्रम कर रही है। आप के धनबाद जिला संयोजक अशोक महतो ने कहा कि बाबा साहब के संविधान को बचाने के लिए भाजपा को उखाड़ फेंकना होगा। बोकारो जिला महासचिव राजेश सिंह ने कहा कि जनता के पास 2024 में तानाशाह सरकार को सत्ता से बाहर करने का सुनहरा अवसर है। वोट से उसे चोट दें। कार्यक्रम में आप बोकारो महिला प्रकोष्ठ संयोजक मंजुला देवी, जिला प्रवक्ता अरविंद विकास, किसान प्रकोष्ठ संयोजक आनंद कुमार मंडल, युवा प्रकोष्ठ संयोजक प्रदीप झा, आजाद कुमार, मदन पाठक, सुमन सिंह, सुमन सिंह मिद्ध, श्रीपति रजवार सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला मुख्यालय में सम्मान समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- चतरा प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों को किया गया सम्मानित
- पत्रकार समाज के आईना हैं, इनके योगदान अतुलनीय : विकास केसरी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** जिला मुख्यालय में सम्मान समारोह आयोजित पर चतरा प्रेस क्लब के नवगठित कमेटी को कई संगठनों ने सम्मानित किया। जिला मुख्यालय के गंदौरी मंदिर स्थित जलछाजन परिसर में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला ताइक्वांडो संघ, टेबल टेनिस, खेल संघ, टेबल सोकर संघ, पतंजलि योगपीठ, क्रीड़ा भारती चतरा इकाई और तलवारबाजी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एजाज अहमद व संचालन ताइक्वांडो संघ के विकास केसरी ने की। चतरा प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों को संघ की ओर से सम्मानित किया गया।

## भाजपा की सोशल मीडिया कार्यशाला सम्पन्न

## लोस स्तर पर सोशल मीडिया वोलेंटियर मीट का होगा आयोजन : सुभाष



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** राविवार को भाजपा जिला कार्यालय तपेज में सोशल मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला लोकसभा संयोजक सुभाष सिंह के नेतृत्व में किया गया ।कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रदेश सह प्रमुख विवेक सिंह शामिल हुए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विवेक सिंह ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में सोशल मीडिया पर पार्टी को सक्रिय रहने की जरूरत है। चुनावी समर में सोशल मीडिया तंत्र को मोबाईल को हथियार बनाकर पूरे ताकत से लड़ने की जरूरत है। पार्टी की गतिविधि, केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी कार्यों और राज्य सरकार की भ्रष्ट नीतियों, नाकामियों को जन जन के मोबाईल फोन तक पहुंचाना है। आज के समय में लगभग 81 प्रतिशत पुरूषों और 72 प्रतिशत महिलाओं के पास मोबाईल फोन है ऐसे में चुनाव प्रचार अभियान में सोशल मीडिया का रोल अहम है। सुभाष सिंह ने विधान सभा संयोजकों को लोकसभा स्तर पर होने वाले सोशल मीडिया भोलेंटियर मीट की तयारी में लग जाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा सह संयोजक अशोक शर्मा, जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता,सोशल मीडिया सह संयोजक राजीव रंजन पांडे, लातेहार जिला संयोजक पंकज पांडे , महीला संयोजक गंगा देवी चतरा जिला संयोजक चंदन केशरी विधान सभा संयोजक, दिनेश यादव, राजा मालाकार, उज्जवल पांडे, अशीष मिश्रा, विवेक केशरी, काली यादव, प्रदीप ठाकुर, संतोष सिंह, विवेक गुप्ता, शिवकुमार राणा, अभिषेक सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्थानीय रौनियार भवन धर्मशाला में ईद मिलन समारोह का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** गुमला पालकोट रोड स्थित रौनियार धर्मशाला भवन में सर्वधर्म सद्भावना मंच द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समाजसेवियों बुद्धिजीवियों हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी वर्गों के लोगों को आमंत्रित किया गया था इस मौके पर मंच के अध्यक्ष अधिवक्ता एमपी श्रीवास्तव उर्फ पप्पू बाबू ने गर्म जोशी के साथ अतिथियों का स्वागत किया इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर गुमला नगर परिषद के उपाध्यक्ष कलीम अख्तर उर्फ कल्लन, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष अधिवक्ता मुशाहिद आजमी उर्फ पम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा आमंत्रित किए गए थे इन दोनों समाजसेवियों ने सर्व धर्म सद्भावना मंच की ओर से ईद के मौके पर मिलन समारोह आयोजन करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मंच द्वारा कई वर्षों से गुमला शहर में जैसा कि हम सब जानते हैं इसे अमन का शहर भी कहा जाए यह खेल नगरी के रूप से भी लोग जानते हैं और पहचानते हैं यहां हर वर्ग के लोग सद्भावना के साथ रहते हैं हम सब आशा करते हैं सद्भावना मंच द्वारा आने वाले दिनों में भी इसी तरह के विभिन्न धर्मो के लोगों को आमंत्रित कर सद्भावना का दीप जलते रहेंगे अंजुमन इस्लामिया गुमला सर्व धर्म सद्भावना मंच का दिल से इस्तकबाल करती है वहीं मुख्य अतिथि कलीम अख्तर ने कहा कि सद्भावना मंच द्वारा जो कार्य किया जा रहे हैं इससे आपसी प्रेम और भाईचारा को मजबूती प्रदान मिलेगी।

## कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने भाजपा के संकल्प पत्र को सराहा

## मोदी की गारंटी देगी विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि : अन्नपूर्णा देवी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री और कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि ह्लमोदी की गारंटी संकल्प पत्र 2024ह्व केवल संकल्प पत्र नहीं, बल्कि यह मोदी पर भरोसा और नये संकल्पों की सिद्धि का प्रण है। भाजपा ने आज संकल्प पत्र राष्ट्र के समक्ष रखा है और पिछले 10 वर्षों का ट्रैक रिकॉर्ड देखते हुए बिना किसी संदेह के यह कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी, किसान, युवा एवं अन्य सभी वर्गों के सशक्तिकरण के संकल्प पूर्ण होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास देश के विकास का एक विजन है, उस विजन को क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक इच्छाशक्ति, संगठन और नेतृत्व है दूसरी ओर, इंडी गठबंधन के पास इन सभी चीजों का सर्वथा अभाव है नेतृत्व तय करना तो उनके बस का है ही नहीं, देश के विकास का कोई विजन और उसे क्रियान्वित करने की इच्छाशक्ति का भी घोर अभाव है सबसे बड़ी बात, जिस गठबंधन क हर दल अलग-अलग घोषणा पत्र जारी कर रहा हो और जिनमें भयंकर विरोधाभास हो, वैसे गठबंधन से समन्वित विकास की उम्मीद भला कैसे की जा सकती है। बीते 10 वर्षों में मोदी के नेतृत्व में भारत ने खूबसूरती के साथ विविधता में एकता के मंत्र को आत्मसात कर-के सांस्कृतिक एकता से भारत की एकात्मकता का रास्ता तय किया है। अब भाजपा ने देशवासियों के संतुष्टिकरण का रास्ता चुनते हुए, 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। मोदी 3.0 में 'विकसित राष्ट्र' के संकल्प की पूर्ति के लिए कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। भाजपा ने मोदी 3.0 में 3 करोड़ पक्के मकान बनाने का संकल्प लिया है, भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयन्ती के अवसर पर 2025 जनजातीय गौरव वर्ष होगा, गरीबों के साथ साथ मध्यम वर्ग को भी पक्के मकान की गारंटी होगी, भारत मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा, 18 सेक्टर्स में हम दुनिया में टॉप 5 पर होंगे, इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होगा और इस प्रक्रिया में निवेश से रोजगार का सृजन होगा, 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा।

## तीन शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार

### पांच मोबाइल, पांच एटीएम और सात सिम बरामद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**देवघर :** देवघर पुलिस ने तीन शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से पांच मोबाइल, पांच एटीएम और सात सिम बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों के नाम महाराष्ट्र के नासिक जिले के सिडको स्थित त्रिमूर्ति चौक निवासी तोयेश संजय पाटिल, सारवां थाना क्षेत्र के बिशनपुर निवासी प्रफुल रवानी और मोहनपुर थाना क्षेत्र के घोरमारा निवासी रितिक रोशन है। देवघर पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपित करीब डेढ़ वर्ष से देवघर स्थित रेस्टोरेंट में मैनेजर की नौकरी कर रहे थे और इस आड़ में साइबर अपराध की घटना को अंजाम देते थे। आरोपितों के एक खाते से एक माह में 70-80 लाख रुपये ट्रांजेक्शन की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस ने बताया कि आरोपित टेलीग्राम समूह के माध्यम से सट्टा बाजार में निवेश कराने, बैंक क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ता को झांसे में लेकर क्रेडिट कार्ड के विवरण प्राप्त कर ठगी करने का काम करते थे। आरोपितों के पास से बरामद मोबाइल से साइबर क्राइम के 15 अपराध लिंक पुलिस को मिले है, जिसकी जांच की जा रही है।

## रामनवमी जुलूस में अश्लील, भड़काऊ वक्तव्य एवं गाना बजाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा : एसडीओ




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** जिले में रामनवमी के दिन शोभायात्रा व झांकी निकाले जाने को लेकर अखाड़ा समितियों एवं डीजे के प्रतिनिधियों के साथ सदर एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता एवं एसडीओ बेरमो तेनुघाट मनोज कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के कई अखाड़ा समितियों एवं डीजे के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में रामनवमी जुलूस के दौरान शहर में विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर सभी अखाड़ा समितियों के साथ विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा आदर्श आचार सहिंता में त्योहारों के आयोजन में अपनाए जाने वाले नियम-कानून की जानकारी एसडीओ ने दी*। साथ ही उन्होंने कहा कि आसन्न लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करने को कहा इसके लिए डीजे संचालकों को स्वघोषित घोषणा पत्र देना होगा। बैठकों में निर्णय लिया गया कि रामनवमी शोभा यात्रा में आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से झांकी निकाली जायेगी। झांकी में आदर्श आचार संहिता के मापदंडों का सख्ती से पालन किया जाएगा। *झांकी के दौरान डीजे बजाने पर पूरी तरह सरकारी नियमों का पालन करना होगा, जिसका ध्वनि तीव्रता (आवाज) 60 डेसिबल से नीचे हो*। बता दें कि रामनवमी के दिन शहर समेत जिले के कई गांवों में शोभा यात्रा व भव्य झांकी निकाली जाती है। लेकिन, लोकसभा चुनाव को लेकर लगे आदर्श आचार संहिता लागू होने के चलते इस बार कई तरह के प्रतिबंध लागू होंगे। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से इसे लेकर आवश्यक तैयारी पूरी की जा रही है ।बैठक के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे सहित जिले के विभिन्न अखाड़ा समितियां के सदस्य एवं डीजे के संचालक को उपस्थित थे।

## झामुमो ने चम्पाई सोरेन को किया साइड लाइन : अमर बाउरी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने रविवार को कहा कि झामुमो ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को साइड लाइन कर दिया है, इसीलिए उन्हें सरायकेला में उनके विधानसभा क्षेत्र भेज दिया गया है। वह यहां कार्यक्रम कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव की अहम जिम्मेदारी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन संभाल रहीं हैं। अमर कुमार बाउरी ने भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सवाल किया कि वह (कल्पना सोरेन) ऐसा किस हैसियत से कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती रही है कि झामुमो में परिवारवाद हावी है। कल्पना सोरेन के आगे आने से यह सही साबित हुआ है। बाउरी ने कहा कि चंपई सोरेन कहते हैं कि इंडी गठबंधन सभी 14 सीट जीतेगा। वह हताशा में बयान दे रहे हैं। मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं।

# डॉ. भीमराव अम्बेदकर की मनायी गयी 133वीं जयंती

एजेंसी

**अररिया** : बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेदकर की जयन्ती के अवसर पर रविवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित बाबा साहब के आदमकद प्रतिमा पर डीएम इनायत खान एवं एसपी अमित रंजन द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस क्रम में उपस्थित जिले के सभी वरीय पदाधिकारी एवं प्रबुद्धजन द्वारा बारी-बारी से बाबा साहब के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर जिलाधिकारी इनायत खान ने कहा कि हम सब को उनके आदर्शों और जीवन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेंना चाहिए।इस अवसर पर अपर समाहर्ता आपदा अररिया जन्मजय शुक्ला, वरीय कोषागार पदाधिकारी विजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामपुकार सिंह,डीएसपी हेडक्वार्टर फकरे आलम, सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई शंभू कुमार रजक, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नितेश कुमार पाठक, सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण सुबोध कुमार, बंदोबस्त पदाधिकारी नारायण बैठा सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं समाहरणालय अररिया के कर्मी उपस्थित थे।


संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेदकर की जयन्ती पर डीएम एसपी समेत अधिकारियों ने किया नमन

## संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेदकर की मनायी गयी 133वीं जयंती

**किशनगंज** : संविधान निमार्ता भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 133वीं जन्म जयंती के मौके पर विशाल अंबेडकर नगर भवन परिसर में लगी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विशाल प्रतिमा पर नगर परिषद के चियरमेन इंद्रदेव पासवान, पूर्व चियरमेन त्रिलोक चंद जैन, शम्भु कुमार रविदास और सदर अस्पताल के मुख्य चिकित्सक सह डीआईओ डा. देवेंद्र कुमार, मारवाड़ी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डा. अरविंद दास, समाज सेवी सोहन पासवान, सुदामा पासवान, देव बाबू, प्रदीप रविदास, जय नारायण भारती, रिकी पासवान, आदि लोग ने बाबा साहेब डा. अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल हुए।मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रदेव पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर जी का जयंती पूरे विश्व के लिए एक प्रेरणा है। जो अछूत समाज से पैदा होकर के और इस समाज को मुक्ति दिलाने के लिए जो बलिदान बाबा साहब ने दिया है वह विश्व का सर्वप्रथम व्यक्ति हैं और उनके बिना दलित समाज के आजादी की परिकल्पना नहीं की जा सकती थी।उन्होंने कहा कि हम मांग करते हैं कि सभी जाति समाज के लोग इस जयंती को और भव्य पैमाने पर मनाया जाए। वहीं डा देवेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिवस पूरे दलित के साथ-साथ देश के लिए, पूरे विश्व के लिए महत्वपूर्ण है। आज का दिन पूरे विश्व में वर्ल्ड नॉलेज के रूप में भी मनाया जाता है और बाबा साहब सर्वश्रेष्ठ ग्राम ज्ञानी रहे हैं। बाबा साहब जिन्हे वर्षो पूर्व बैठने नहीं दिया जाता था पढ़ने नहीं दिया जाता था, और तो और कुआं के साथ-साथ तालाब का पानी भी नहीं पीने दिया जाता था। बाबा साहब उस स्थिति से निकालकर पूरे दुनिया को संदेश दिया है। जो एक मिसाल है।डॉ.अरविंद दास ने कहा कि बाबा साहब जो हमारे समाज को जो कुछ भी दिए हैं हमें उस पर गर्व होता है।

## एक झलक

### नशीली दवाई के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अररिया** : जिले के नरपतगंज प्रखंड के बेला में बसमतिया पुलिस और एसएसबी ने संयुक्त रूप से गुप्त सूचना पर शनिवार की रात छापेमारी कर 45 ग्राम ब्राउन शुगर और नशीली इंजेक्शन और अन्य दवाईयों के साथ तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।पुलिस और एसएसबी की कार्रवाई में कारोबार में उपयोग में लाए जाने वाले अपाची मोटरसाइकिल के साथ दो मोबाइल भी बरामद किया।जिसकी पुष्टि फुलकाहा थानाध्यक्ष अमर कुमार ने भी की।मामले में बसमतिया थाना क्षेत्र के बेला गांव के वार्ड संख्या आठ निवासी रुपेश कुमार पिता -स्व.कृष्ण यादव को गिरफ्तार किया है।मामले की जानकारी देते हुए फुलकाहा थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बेला गांव के रुपेश कुमार के द्वारा नशा और नशीली दवाईयों का अवैध कारोबार के साथ तस्करी की जाती है।सूचना के बावत एसएसबी के जवानों के साथ बेला स्थित उनके घर पर रात में छापेमारी की तो घर में स्टॉक किया हुआ 45 ग्राम ब्राउन शुगर,99 पीस प्रतिबंधित नशे का इंजेक्शन,एक लाल रंग का अपाची मोटरसाइकिल और दो मोबाइल बरामद किया गया।पुलिस ने रुपेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया और कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि रुपेश कुमार ने पाने स्वीकारोक्ति बयान में नशा का कारोबार के साथ साथ इन नशीली चीजों की तस्करी नेपाल करता है।उल्लेखनीय हो कि बेला गांव में इससे पहले भी कई बार अलग अलग स्थानों में छापेमारी कर एसएसबी और पुलिस ने प्रतिबंधित कफ सिरप,नशे की दवाइयों के खेप के साथ शराब और ब्राउन शुगर की बरामदगी की जा चुकी है।गांव के एक दर्जन से अधिक लोग नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त बताए जाते हैं।

### बेतिया में शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**बेतिया** : बेतिया पुलिस ज़िला स्थित शिकारपुर पुलिस ने कटघरवा गांव में छापेमारी कर एक सौ लीटर चुलाई शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान कटघरवा गांव निवासी राधा देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने रविवार को बताया कि उक्त महिला को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। हालांकि अन्य धंधेबाज भागने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि महिला के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्जकर उसे जेल भेज दिया गया है।

### ट्रक पर लदे 622 किलो गांजा जब्त

**औरंगाबाद** :औरंगाबाद में मुफस्सिल थाना क्षेत्र में जीटी रोड से ट्रक पर लदे बड़ी मात्रा में गांजा को पटना की नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने पकड़ा है। एनसीबी की टीम ने ट्रक चालक और सहचालक को मौके से ही गिरफ्तार किया है। ट्रक से करीब 622 किलो गांजा जब्त किया गया है। अब पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। एनसीबी के अधिकारियो ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र में जीटी रोड से ट्रक पर लदे बड़ी मात्रा में गांजा को पटना की नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने रविवार की रात पकड़ा है। ट्रक को जप्त कर मुफस्सिल थाने में लाया गया है। एनसीबी की इस कार्रवाई से जिला पुलिस की सूचना और लोकसभा चुनाव को लेकर मादक पदार्थ और शराब के खिलाफ की जा रही नियमित कार्रवाई पर अब सवाल भी उठ रहा है। चर्चा है कि एनसीबी की टीम को गांजा की सूचना मिल गई और पकड़ भी लिया, पर जिला पुलिस की टीम को कोई जानकारी नहीं मिली।
यह कार्रवाई एनसीबी की टीम ने की है, गांजा लदे ट्रक को कहां से पकड़ा गया है और किन लोगों को गिरफ्तार किया गया हैं। इस कार्रवाई के बारे में कोई विशेष जानकारी तहा पुलिस को नहीं है। सूत्रों के अनुसार पकड़े गए ट्रक चालक और सहचालक को एनसीबी की टीम अपने साथ पटना ले गई है।

## अग्निशमन विभाग के शहीद हुए 66 कर्मियों को श्रद्धांजलि



**किशनगंज** : अग्निशमन विभाग के द्वारा अग्निशमन सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसकी शुरूआत रविवार को खगड़ा स्थित अग्निशमन कार्यालय से की गई।पहले दिन अग्निशमन पदाधिकारी बिजेंद्र कुमार के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग के शहीद हुए 66 कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद कार्यालय व संस्थानों में जाकर लोगों को पिन फ्लैग लगाया गया। इसके बाद एमजीएम मेडिकल कॉलेज में अग्निशमन पदाधिकारी के नेतृत्व में अग्निशमन सप्ताह के तहत मॉक ड्रिल कार्यक्रम आयोजित किया गया। फायर अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी के निदेशांनुसार अगिशमन सेवा सप्ताह 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाएगा। मुंबई के बंदरगाह पर 14 अप्रैल 1946 को शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों के प्रति शोक व्यक्त किया गया। इसके बाद अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गए।

## सिटी सेंटर शतरंज में धान्वी बनी चैंपियन

एजेंसी

**किशनगंज** : सिलीगुड़ी में द्वितीय सिटी सेंटर ओपन प्राइज मनी रैपिड शतरंज प्रतियोगिता संपन्न हुआ। इसमें नेपाल, सिक्किम, दार्जिलिंग, अलीपुरद्वार, रायगंज, सिलीगुड़ी, जलपाईगुड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों से कुल 281 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनके बीच प्रतिस्पर्धा कर अंडर 10 आयुवर्ग में अपने जिला तथा चेस क्रॉप्स की खिलाड़ी धान्वी कर्मकार चैंपियन बनी।उपरोक्त जानकारी रविवार को जिला शतरंज संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव, चेस क्रॉप्स के सीईओ एवं घान्वी के पिता सह कोच कमल कर्मकार ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के ओपन विभाग में सौरभ कुमार को 5वां एवं मुकेश कुमार को 7वां



स्थान प्राप्त हुआ। अंडर 8 आयुवर्ग में हार्दिक प्रकाश छठवें तथा अथर्व राज 10वें स्थान पर रहे। 60 आयु वर्ग में महासचिव शंकर नारायण दत्ता को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। इन सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं नगद इनाम प्राप्त हुआ।अंडर 8 विभाग में सार्थक आनंद तथा अंडर 10 विभाग में जयब्रतो दत्ता एवं अन्य भी पुरस्कृत किए गए। अपने जिले की टीम के विजेताओं को विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष तथा संघ के वरीय उपाध्यक्ष मनोज गट्टानी सहित अन्य उपाध्यक्षगण यथा अविनाश अग्रवाल, डा. शैलेंद्र, रूपेश कुमार झा, रिंकी झा, सुरेश तामांग, आयेशा खातून, मनोज मजूमदार, विशाल जैन, एजाज सोहेल, पूर्ण कुमार सिंह, निशान सिंह एवं अन्य ने बधाई दी। मौके पर उपाध्यक्ष बासुकी नाथ गुप्ता, अभिभावक सत्यम कुमार साहा, मयंक प्रकाश एवं अन्य उपस्थित थे।

## चाकू के प्रहार से अपने समधी और पुत्र को किया घायल

एजेंसी

**अररिया** : अररिया नगर थाना क्षेत्र के पैकटोला के बड़ी घाट मियां चौक पर आपसी विवाद में समधी ने अपने सगे समधी के पेटे में चाकू से प्रहार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया।आनन फानन में घायल मो.महू और मो.फिरोज को अररिया सदर अस्पताल में भर्ती किया गया,जहां गंभीर हालत में प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने मो.महू को बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया रेफर कर दिया गया।घटना में 55 वर्षीय मो.महू और 35 वर्षीय मो.फिरोज घायल हो गया। घटना शनिवार देर रात की बताई जाती है।
मामले की जानकारी देते हुए घायल मो.महू के दामाद मो.लतीफ ने बताया कि तीन साल पहले उनकी मंझली बेटी की शादी गांव के ही मो.जब्बार का बेटा मो.जमाल से हुई थी।शादी के बाद से ही मो.जमाल का परिवार उनकी बेटी अफसाना खातून के साथ मारपीट और प्रताड़ित करता था,जिसको लेकर गांव में कई बार पंचेती भी हुई लेकिन पंचेती के फैसले का मो.जमाल और उनके परिवार पर कोई असर नहीं हो रहा था,जिसको लेकर शनिवार को रात मो.महू बाड़ी घाट मियां चौक अपने समधियाना गए थे,जहां विवाद में मो.जब्बार ने मो.महू के पेट में चाकू से प्रहार कर उन्हे घायल कर दिया।बचाव में बेटा फिरोज गया तो उनको भी चाकू मारकर घायल कर दिया गया।फिरोज का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

## यूसीएमएएस ने अपना 13वां झारखंड राज्य स्तरीय अबेकस व मानसिक अंकगणित प्रतियोगिता का किया आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : दुनिया के सबसे बड़े अबेकस आधारित मस्तिष्क विकास कार्यक्रम यूसीएमएएस ने अपना 13वां झारखंड राज्य स्तरीय अबेकस एवं मानसिक अंकगणित प्रतियोगिता का आयोजन किया।
प्रतियोगिता मंगलम बैंक्वेट, चेशायर होम रोड, रानी बागान, बरियातू, रांची में आयोजित की गयी थी। झारखंड के स्टेट हेड उदित सुरेका ने बताया कि झारखंड राज्य के विभिन्न शहरों से आये 400 से अधिक बच्चों ने इस आयोजन में भाग लिया। प्रतियोगिता 09 स्तरों पर आयोजित की गयी, जिसमें अंकगणित के 200 प्रश्न, बच्चों द्वारा मात्र 08 मिनट में हल किये गये। इसका मतलब है कि एक बच्चे के पास एक प्रश्न के लिए लगभग 2.4 सेकेंड हैं। इन बच्चों को प्रदर्शन करते देखना चमत्कार है। हर्ष नाथ मिश्रा, डाइरेक्टर पर्सनेल सीसीएल, मेहर गुप्ता (हैदराबाद) से, जो अबेकस शिक्षा में निपुण है, सम्मानीय मुख्य अतिथि अतिथि के रूप में, विभिन्न विद्यालयों एवं सामाजिक क्षेत्र के अन्य गणयमान्य व्यक्ति भी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए उपस्थित थे।

### पुरस्कार वितरण

सीनियर वर्ग श्रवण के लिए श्रीनिका सिंह और जूनियर वर्ग के लिए देबोप्रिया मैती, को राज्य चैंपियन से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ वर्ग के लिए चैम्पियन ऑफ चैम्पियन दिव्यांश जैन (अपर बाजार), जूनियर वर्ग के लिए सौम्या सिंह, श्रेया राय, समय कुमार को राज्य चैंपियन से सम्मानित किया गया। यूसीएमएएस 05 से 13 वर्ष की आयु के बच्चों को तेज करने के लिए 03 साल का कोर्स आयोजित करता है **संज्ञानात्मक कौशल।** इसके परिणामस्वरूप बच्चे की संज्ञानात्मक क्षमताएं ; जैसे एकाग्रता, अवलोकन, स्मृति और निर्णय कौशल आदि मजबूत होते हैं, जिससे बच्चों को अधिक गति मिलती है, ताकि वे प्रश्नों को मानसिक रूप से संसाधित करें। यूसीएमएएस में आज दुनिया भर में करीब 5500 केन्द्रों के साथ 6.5 लाख से अधिक बच्चे हैं और वैश्विक स्तर पर 80 देश। यूसीएमएएस केन्द्र अब अपर बाजार, कांके, रातू रोड, मोरहाबादी, हेहल, बरियातू, कटहलमोड, पी पी कम्पाउंड, लोहरदगा, रामगढ़, पटना, गया, भागलपुर, फॉर्बेसगंज में मौजूद हैं।

## नवरात्रि के छठे दिन महाकाल मंदिर में हुई माता कात्यायनी की पूजा-अर्चना

**किशनगंज** : चैत्र नवरात्रि के छठे दिन रविवार को माता कात्यायनी की पूजा रुईधाशा स्तिथ महाकाल मंदिर में की गई। महाकाल मंदिर के पुरोहित गुरु साकेत ने बताया कि मां दुर्गा के इस स्वरूप का अवतार कात्यायन ऋषि की पुत्री के रूप में हुआ था, इसलिए इन्हें माता कात्यायनी कहा जाता है।मां कात्यायनी को शहद और पीले रंग का भोग अत्यंत प्रिय है। कात्यायनी मां का शरीर सोने की तरह चमकीला है। कात्यायनी मां शेर पर सवार चार भुजाएं वाली हैं, इनके बायें हाथ में कमल, तलवार व दाहिनें हाथों में स्वास्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा लिए हुए हैं।



माता कात्यायनी की पूजा में पीले रंग के वस्त्र पहनने की मान्यता है। गुरु साकेत ने बताया कि मां कात्यायनी ने महिषासुर का वध किया था। महिषासुर का संहार करने के कारण इन्हें दानवों, असुरों और पापियों का नाश करने वाली

**क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नमः। कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।। ॐ देवी कात्यायन्यै नमः॥ कात्यायनी महामाये, महायोगिन्यधीश्वरी। नन्दगोपसुतं देवी, पतिं मे कुरु ते नमः।।**

देवी महिसासुरमर्दिनी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के छठे दिन मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूजा करें। सुबह नहाने के बाद पीले रंग का वस्त्र धारण करें। मंदिर या पूजा की जगह को गंगाजल से शुद्ध कर लें। पूजा प्रारंभ करने से पहले मां को स्मरण करें और हाथ में फूल लेकर संकल्प लें।

## पुलिस ने अपराध की योजना की नाकाम, दो गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण** : जिला पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियो को हथियार सहित गिरफ्तार किया है।
जिला पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार उक्त कारवाई एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर चकिया डीएसपी सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में हुई। बताया गया है,कि सूचना मिली कि डुमरियाघाट के बनपरूआ से दो अपराधी मोटरसाईकिल पर सवार होकर केसरिया थाना क्षेत्र के सागरचुरामन गांव में किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में आ रहे है।सूचना के आलोक में डीएसपी के नेतृत्व में केसरिया थाना पुलिस ने त्वरित कि है

## मोदी ने 10 वर्षों में देश को किया बेहाल : तेजस्वी

**नवादा** : बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि देश का संविधान बचाने के उद्देश्य तथा बिहार के विकास के लिए लोकसभा चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी अंडा बेचने वाला श्रवण कुशवाहा को वोट दें। ताकि बिहार का बेहतर विकास हो सके। वे रविवार की को नवादा के गोबिंदपुर विधानसभा क्षेत्र के कौआकोल प्रखंड के पाण्डेयगंगौत इंटर स्कूल के मैदान में महागठबंधन की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल झूठ बोलकर जुमलेबाजी पर टिके है।उन्होंने तो इसी मैदान में सभी के खाते में 15 -



15 लाख रुपए काला धन विदेश से मंगवाने की घोषणा की थी। लेकिन क्या 15 लख रुपए मिल गए ।उन्होंने कहा कि केवल झूठ बोलकर तथा सांप्रदायिक भावना को भड़काकर गद्दी हथियाने की कोशिश की जा रही है। जो देश समाज हित में उचित नहीं है ।उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 56 इंच का सीना रखने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विकास की गारंटी दे रहे हैं लेकिन वह मेरे पलटू चाचा की गारंटी नहीं दे सकते कि वे उन्हें रख पाएंगे या नहीं।

## भारत स्काउट एंड गाइड ने किया जागरूकता रैली का आयोजन

**सहरसा** : स्थानीय जिला स्कूल के प्रांगण से मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान में रविवार को रैली निकाली गई। इस रैली को सचिव शंभु प्रसाद यादव,भारत स्काउट एंड गाइड के जिला संगठन आयुक्त रवि रंजन, जिला स्कूल प्राचार्य कपिलदेव यादव,स्काउटर, राजकिशोर गुप्ता,आनंद झा,प्रमोद कुमार झा, ब्रजेश,रोहित अन्य द्वारा हरी झंडी देकर जिला पदाधिकारी कार्यालय एवं जिला में भ्रमण के लिए विदा किया गया।लोकतंत्र की इस महापर्व में शामिल भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा इस मतदाता



जागरूकता अभियान में स्काउट ने बढ़ चढ़ कर मतदाता को जागरूक करने का काम किया।इस रैली में रोवर स्काउट सुशांत,सागर, गणेश,सारफराज खान,आदित्य,सक्षम,अमन एवं अन्य का सहयोग रहा। जिला में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता को लेकर स्काउट एंड गाइड हमेशा साथ है।

## लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर पुलिस पदाधिकारी का प्रशिक्षण

**सहरसा** : लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी वैभव चौधरी की अध्यक्षता में प्रेक्षागृह में मतदान कार्य में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों हेतु प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। उक्त अवसर पर सभी प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को उनके कार्यो एवं दायित्वों के संबंध में अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी, ने उक्त अवसर पर सबोधित कर कहा कि उत्कृष्ट चुनावी प्रबंधन में सेक्टर पदाधिकारी की भूमिका अत्याधिक महत्वपूर्ण होती है। वे पीठासीन पदाधिकारी,मतदान पदाधिकारी तथा जिला निर्वाचन पदाधिकारी के बीच सेतु के रूप में कार्य करते हैं। सेक्टर पदाधिकारी का दायित्व निर्वाचन की घोषणा के दिन से निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति तक होता है। मतदान प्रारभं होने के न्यूनतम सात दिन पूर्व सेक्टर पदाधिकारी को विशेष कार्यपालक दण्डाधिकारी की शक्ति प्रदान की जाती है।तदनुसार उन्हें अपने-अपने आवंटित भौगोलिक क्षेत्रों के प्रत्येक स्थल से परिचित होना चाहिए ताकि मतदाता बिना किसी रोक-टोक के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। प्रशिक्षण के क्रम में



निर्देश दिया गया कि सभी प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी भौतिक रूप से मतदान केन्द्रो का सतत निरीक्षण कर मतदान केन्द्रों में उपलब्ध संसाधनों का अवलोकन करेगें एवं आवश्यक न्यूनतम सुविधा के संदर्भ में जानकारी प्राप्त कर किसी प्रकार की कमी की स्थिति में अविलंब सूचित करेंगे ताकि ससमय मतदान के पूर्व सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकें।क्षेत्र भ्रमण के क्रम में सेक्टर पदाधिकारी को यदि किसी भी प्रकार की समस्याआती है तो इस संबंध में अविलंब संबंधित पदाधिकारियों को अवगत कराना

■ **भौतिक रूप से मतदान केन्द्रों का सतत निरीक्षण कर मतदान केन्द्रों में उपलब्ध संसाधनों का अवलोकन**

सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू संचालन हेतु विधि व्यवस्था के संदर्भ में यथोचित दिशा-निर्देश दिये गये है। निर्वाचन प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों की सूची तैयार करने एवं उनके विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। जिले के चुनाव कार्य से संबंधित चारों विधान सभा सहरसा, महिषी, सिमरी बख्तियारपुर,सोनवर्षा के सेक्टर पदाधिकारियों को कहा गया कि अपने निर्वाचन दायित्वों का निष्पादन करते हुए यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार-प्रसार जन-सम्पर्क कार्यक्रम में शामिल नहीं होना है एवं रूट चार्ट के अनुसार मतपेटिका, मतदान दल को लेकर जाएंगे तथा मतदान समाप्ति के पश्चात सभी सेक्टर दण्डाधिकारी अपने क्षेत्र से संबंधित मतदान दल को अपने साथ सुरक्षा घेरे मे रिसीविंग सेन्टर तक लाना सुनिश्चित करेंगे। उक्त अवसर पर पुलिस अधीक्षक,अपर समाहर्ता,अनुमंडल पदाधिकारी, सदर,सहरसा सहित अन्य उपस्थित थे।

## बिहार में चार आईएएस अधिकारियों को सौंपी गयी नयी जिम्मेवारी

**पटना** : बिहार में चार आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेवारी सौंपी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने शनिवार को इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव दयानिधान पांडेय को लघु जल संसाधन विभाग का सचिव बनाया गया है। वहीं लघु जल संसाधन विभाग की सचिव आशिमा जैन को नगर विकास एवं आवास विभाग का सचिव बनाया गया है। वर्तमान में नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे स्वास्थ्य विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह को अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। ईखायुक्त गिरिवर दयाल सिंह को राजस्व पर्षद का सचिव बनाया गया है।

## एक झलक

### अब करीब 10 दिनों तक नहीं खेल पायें धवन

**मुल्लांपुर** : पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन चोटिल होने के कारण अब करीब 10 दिनों तक नहीं खेल पायें। धवन का नहीं खेलना पंजाव के लिए करारा झटका है क्योंकि अब तक इस सत्र में धवन ने टीम की ओर से सबसे अधिक रन बनाये हैं। धवन चोटिल होने के कारण ही राजस्थान रॉयल्स से खिलाफ मुकाबल में भी नहीं उतरे थे। इसी के बाद टीम के मुख्य कोच संजय बांगड़ ने कहा कि धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन खेल से बाहर रहेंगे। धवन इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल पाये थे और उनकी जगह सैम कुरेन ने कप्तानी की थी। बांगड़ ने कहा, ह्यउसके कंधे में चोट लगी है और इस कारण वह अभी कुछ दिन तक बाहर रहेगा। धवन जैसे अनुभवी सलामी बल्लेबाज की कमी टीम को खेलेगी। उन्होंने कहा, ह्यअब देखना होगा कि वह कब तक फिट होते हैं। इस समय तो लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिन नहीं खेल पायेंगे। धवन के बाहर होने के कारण ही रॉयल्स के खिलाफ सैम कुरेन ने कप्तानी की थी।

### विराट ऑरेंज और चहल पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे

**मुम्बई** : आईपीएल के 2024 सत्र में अब तक सबसे अधिक रन बनाकर आरसीबी के बल्लेबाज विराट कोहली ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग और संजू सैमसन दूसरे व तीसरे नंबर पर हैं। दूसरी ओर पर्पल कैप को लेकर राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल और मुम्बई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बीच कड़ा मुकाबला है। पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच के बाद एक बार फिर चहल ने पर्पल कैप के लिए अपनी दावेदारी बढ़ा दी है। चहल ने पंजाब के खिलाफ एक विकेट लेकर आईपीएल सत्र में इस बार सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। वहीं गुमराह अब दूसरे नंबर पर फिसल गये हैं। लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने इस लिस्ट में मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पछाड़ा है। वहीं ऑरैंज कैप पर अभी भी विराट का कब्जा है। विराट 319 रनों के साथ इस सूची में नंबर एक स्थान पर हैं ।वहीं रियान पराग 284 रनों के साथ दूसरे जबकि सैमसन 264 रनों के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गए हैं।

### पंजाब की हार से निराश नजर आयीं प्रीति जिंटा

**मल्लांपुर** : पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग के 27वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अंतिम ओवर में हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में एक समय पंजाव एक समय जीत रही थी जिससे टीम की मालकिन प्रीति जिंटा खुशी थी पर शिमोन हेटमायर ने दो छक्के लगाकर पास पलटते हुए राजस्थान टीम को जीत दिला दी। इस मैच में प्रीति जिंटा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 147 रन बनाये थे। इसके बाद हेटमायर ने अंतिम ओवर में दो छक्के लगाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। पंजाब टीम के नियमित कप्तान शिखर धवन के चोटिल होने से इस मैच में सैम कुरेन ने कप्तानी की। धवन के नहीं होने से टीम तेज शुरूआत नहीं कर पायी। आशुतोष सिंह ने अच्छी बल्लेबाजी कर टीम को 147 रन तक पहुंचाया। प्रीति मैच के अंतिम समय तक खुश थी। वह राजस्थान के विकेट गिरने से उत्साहित थीं पर अंतिम ओवर में दो खराब गेंदों से टीम हार गयी।

### मेसी ओर सुआरेज के गोल से जीती इंटर मियामी

**कैंसास सिटी** : लियोनेल मेसी के शानदार गोल से इंटर मियामी सीफ ने मेजर लीग फुटबॉल (एमएलएस) में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हरा दिया। मेसी ने इस मैच में एक गोल किया जबकि एक गोल में लुइस सुआरेज की सहायता की। वहीं टीम की ओर से तीसरा गोल डिएगो गोमेज ने किया। मेसी और सुआरेज के होने से इस लीग का आकर्षण बढ़ा और भारी तादाद में लोग मैच देखने पहुंचे। एमएलएस लीग में दर्शकों से भरे स्टेडियम में मेसी ने इस इंटर मियामी की ओर से सत्र का अपना पांचवां जबकि सुआरेज ने छठा गोल दागा।

# आईपीएल 2024 : आरसीबी और सनराइजर्स का मुकाबला आज




**एजेंसी**

**बेंगलुरु** : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) सोमवार को यहां आईपीएल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी। आरसीबी की टीम का प्रदर्शन इस सत्र में बेहद खराब रहा है और वह केवल एक मैच ही जीत पायी है। इससे टीम अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। ऐसे में उसका लक्ष्य घरेलू मैदान पर इस मैच में जीत दर्ज कर अपनी लय हासिल करना रहेगा। टीम की विफलता का कारण बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोर प्रदर्शन रहा है। बल्लेबाजी के दौरान अब तक केवल विराट कोहली ही रन बना पाये हैं जबकि अन्य बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। वहीं गेंदबाजी भी प्रभावहीन रही है। वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स का प्रदर्शन उसके मुकाबले कहीं अच्छा रहा है और वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। सनराइजर्स ने अब तक 5 में से 3 मैच जीते हैं। सनराइजर्स पिछले 2 मैच जीती है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। उसने इस सत्र में आईपीएल का सबसे बड़ स्कोर भी बनाया है। ऐस में बेंगलुरु की एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर उसे रोकना आरसीबी के लिए बेहद कठिन रहेगा। इस मैदान पर गेंदबाजों को खासा संघर्ष करना पड़ता है। गेंद बल्ले पर आसानी से आती है वहीं मैदान भी काफी छोटा है, जिसके कारण जमकर चौके और छक्के लगते हैं। स्पिनर्स को हालांकि यहां कुछ सहायता मिलती है। जिसका लाभ दोनो ही टीमों के स्पिनर उठाना चाहेंगे। इस पिच पर पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन का टारगेट भी जीत के लिए पर्याप्त नहीं होता। आईपीएल के इतिहास में इस मैदान पर अब तक कुल 91 मैच खेले गए हैं, जिसमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 38 जबकि दूसरी बार बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 49 में जीत दर्ज की है। ऐसे में आरसीबी को इस मैच में जीत दर्ज करनी है तो विराट के अलावा उसके कप्तान फाफ डु प्लेसी और अन्य बल्लेबाजोंको भी रन बनाने होंगे। वहीं सनराइजर्स के पास ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन जैसे बल्लेबाज हैं जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को धवस्त कर सकते हैं।

**दोनों टीमों का स्वरूप**

**सनराइजर्स हैदराबाद** : जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

## अभी संन्यास का इरादा नहीं : रोहित



**एजेंसी**

**मुम्बई** : मुम्बई इंडियंस टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा है कि वह अभी संन्यास नहीं लेंगे और खेलते रहेंगे। 36 साल के रोहित ने कहा, मैं इस समय अच्छा खेल रहा हूं और मैं कुछ और वर्षों तक इसे जारी रखने के बारे में सोच रहा हूं। मैं इस बार टी20 विश्व कप जीतना चाहता हूं। साथ ही कहा कि 50 ओवर का विश्व कप ही वास्तविक विश्व कप है। हम 50 ओवर का विश्व कप खेल देखकर बड़े हुए हैं। अगले साल 2025 में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल होगा और उसमें भी हमें फाइनल में पहुंचने की उम्मीद है। उम्मीद है, हम वहां पहुंचेंगे। रोहित ने टीम का नेतृत्व करने के अपने कौशल से हार्दिक को भी सहायत की है। इसी कारण मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभालने के बाद हार्दिक के नेतृत्व में टीम खराब शुरूआत से उबरने लगी है। पहले तीन मैचों में मिली हार के बाद टीम ने पिछले दो मुकाबले जीते हैं। इसके अलावा रोहित अपने मजाकिया अंदाज के लिए भी जाने जाते हैं। हाल ही में एक बार फिर इसका उदाहरण देखने को मिला जब रोहित अपनी आईपीएल टीम मुंबई की बस की ड्राइविंग टीम पर बैठे दिखे। इस दौरान रोहित ने लोगों को पीछे हटने के लिए भी कहा, जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है।

## धवन के कंधे में चोट के कारण करेन ने कप्तानी की : बांगड़



**एजेंसी**

**मल्लांपुर** : पंजाब किंग्स के मुख्य कोच संजय बांगड़ ने कहा है कि नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे में चोट के कारण इस मैच में नहीं उतर सके। इसके अलावा इस मैच में तेज गेंदबाज सैम करेन के कप्तानी करने को लेकर हुए विवाद को बांगड़ ने आधारहीन बताते हुए कहा है कि ये पहले ही तय था कि करेन कार्यवाहक कप्तान की भूमिका निभाएंगे। इस मैच में सभी का अनुमान था कि उपकप्तान जितेश शर्मा टीम की कमान संभालेंगे पर ऐसा नहीं हुआ। जिसे देखकर टीम के प्रशंसक भड़ गये। उनका मानना था कि जितेश को उप कप्तान होने के नाते कप्तानी मिलनी चाहिये थी पर इस मैच में ऐसा नहीं हुआ। बांगड़ ने रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच के बाद कहा कि जितेश को टीम का उपकप्तान नहीं बनाया गया था। बांगड़ ने जितेश को कप्तानों के फोटोशूट में पंजाब की ओर से भेज जाने का भी कारण बताया है। उन्होंने कहा, ह्य जितेश नामित उप कप्तान नहीं थे। हम बिल्कुल स्पष्ट थे कि यदि जरूरत पड़ी तो करेन कार्यवाहक कप्तान होंगे। उन्होंने पहले भी हमारे लिए ये काम किया है। उन्हें भारत पहुंचने में देरी हो गई थी इस कारण जितेश को भेजा गया था। बांगड़ ने कहा, आईपीएल का नियम कहता है कि आप केवल एक खिलाड़ी को नामित कर सकते हैं. इसलिए हमने उनकी जगह जितेश को कप्तानों के फोटोशूट सेमिनार में भेजा था।


## ऋषभ 3000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर बने



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ आतिशी पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। ऋषभ ने इस मैच में 24 गेंदों में ही 41 रन बना दिये। इस पारी के बल पर दिल्ली की टीम ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 6 विकेट से हराकर इस सत्र में अपनी दूसरी जीत दर्ज की है। इस मैच में ऋषभ ने दिल्ली कैपिटल्स की ओर से 3000 रन भी पूरे कर लिए। लखनऊ के खिलाफ नौ रन बनाते ही ऋषभ ने अपने 3000 रन पूरे किये। ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले खिलाड़ी हैं। इससे पहले दिल्ली का कोई भी खिलाड़ी आईपीएल में इतने रन नहीं बना पाया है। ऋषभ के नाम अब दिल्ली की ओर से कुल 3032 रन हो गये हैं। दिल्ली के लिए अब तक दूसरे सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम है। वॉर्नर ने 89 मैचों में कुल 2570 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 2 शतक भी लगाये हैं। वहीं तीसरे नंबर पर वीरेंद्र सहवाग हैं। सहवाग ने दिल्ली के लिए 87 मैचों में 2382 रन बनाए हैं। वहीं चौथे नंबर पर 2375 रन के साथ श्रेयर अय्यर हैं और पांचवे नंबर पर 2066 रन के साथ शिखर धवन है। दिल्ली अब आईपील में नौवें स्थान पर पहुंच गयी है।

## यशस्वी की नेटवर्थ 16 करोड़ से अधिक पहुंची



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का बल्ला अब तक खामोश है पर जहां तक उनकी कमाई की बात है। वह तेजी से बढ़ती जा रही है। अपने करियर के शुरूआत दौर में कमजोर आर्थिक हालात के कारण संघर्ष करने वाले यशस्वी के पास आज करोड़ों की संपत्ति है। यशस्वी की नेटवर्थ आज लगभग 16 करोड़ से अधिक है जबकि पिछले साल ये करीब 12 करोड़ रुपये थी जबकि साल 2019 में उनका नेटवर्थ लगभग 2 करोड़ था जो साल 2020 में बढ़कर 5 करोड़ पहुंच गयी। वहीं 2021 में यह 8 करोड़ जबकि 2023 तक यह बढ़कर यह 12 करोड़ से ज्यादा हो गयी थी। पिछले साल यशस्वी जायसवाल ने मुंबई में एक आलीशन फ्लैट भी खरीदा था। यशस्वी को घरेलू क्रिकेट से भी अच्छी कमाई होती है। बीसीसीआई 21 प्रथम श्रेणी मैचों से कम खेलने वाले खिलाड़ियों को 40000 रुपये प्रति दिन देती है। इसके अलावा वह लिस्ट ए और टी20 मैचों से भी अच्छी खासी रकम हासिल करते हैं। वह विज्ञापन से भी लगभग एक करोड़ रुपये हर साल कमाते हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट से ही वह लगभग 24 लाख से ज्यादा कमा चुके हैं।

## बडोनी ने अपनी अच्छी बल्लेबाजी का श्रेय कप्तान और कोच को दिया



**एजेंसी**

**लखनऊ** : लखनऊ सुपर जाइंट्स के युवा बल्लेबाज आयुष बडोनी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपनी अच्छी पारी का श्रेय कप्तान केएल राहुल और कोच जस्टिन लैंगर को दिया है। बडोनी ने कहा कि राहुल और लैंगर ने जिस प्रकार से खराब दौर में उनका साथ दिया। उससे उनका हौंसला बढ़ा है। बडोनी ने इस मैच में 35 गेंद में 55 रन बनाए जिसकी सहायता से लखनऊ ने सात विकेट पर 167 रन बनाए हालांकि दिल्ली ने ये मैच जीत लिया। बडोनी ने कहा, ह्यसत्र की शुरूआत अच्छी नहीं हुई पर मैं नेट पर अच्छा खेल रहा था। मैं राहुल और लैंगर का अभारी हूं जिन्होंने लगातार मेरा हौंसला बढ़ाया। उन्होंने कहा, ह्यमैं बल्लेबाजी करते समय देर तक टिककर खेलने के बारे में सोच रहा था। इसके बाद भी मुझे लगता है कि हम 20 रन पीछे रह गए। उन्होंने कहा, ह्यमैने राहुल से काफी बात की और उन्होंने हमेशा मेरा मनोबल बढ़ाया है। वह कहते हैं कि तुम सर्वश्रेष्ठ हो और फिनिशर की भूमिका निभा सकते हो। इसके अलावा कोच ने भी मेरा अच्छा तालमेल है। मैं पिछले साल ऑस्ट्रेलिया गया था और वहां भी कई चीजें सीखीं थीं। मैं वहां जस्टिन के साथ दस दिन के एक शिविर में रहा जिससे भी मुझे सहायता मिली। दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आम्रे का मानना है कि पहली बार आईपीएल में खेल रहे जैक फ्रेसर मैकगुर्क की पारी से टीम को लाभ मिला। मैकगुर्क ने 35 गेंद में ही 55 रन बना दिये। आम्रे ने कहा, ह्यजैक ने शानदार पारी खेली। साथ ही कहा कि उसकी पारी से इस मैच में अंतर आया।

## ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पंघाल पुरुष मुक्केबाजी टीम में शामिल



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : मुक्केबाज अमित पंघाल को बैंकाक में अगले माह 25 मई से दो जून तक होने वाले आंखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये भारतीय मुक्केबाजी टीम में शामिल किया गया है। अब पंघाल के पास दूसरे ओलंपिक में जगह बनाने का ये अंतिम अवसर है। पंघाल के अलावा राष्ट्रीय चैम्पियन सचिन सिवाच 57 किलो को भी टीम में शामिल किया गया है। वहीं अबिनाश जामवाल 63.5 किलो वर्ग में शिव थापा की जगह खेलेंगे जबकि अभिमन्यु लाउरा को 80 किलो में लक्ष्य की जगह शामिल किया गया है। अभी तक भारत के किसी भी पुरूष मुक्केबाज ने ओलंपिक कोटा हासिल नहीं किया है केवल महिला वर्ग में निकहत जरीन 50 किलो, प्रीति पंवार 54 किलो और परवीन हुड्डा 57 किलो व लवलीना बोरगोहेन 75 किलो ने ही ओलंपिक कोटा हासिल किया है। दूसरी ओर महिला वर्ग से अंकुशिता बोरो 60 किलो, अरूंधति चौधरी 66 किलो वर्ग में शामिली की गयी हैं। पुरूष : अमित पंघाल (51 किलो), सचिन सिवाच जूनियर (57 किलो), अबिनाश जामवाल (63.5 किलो), निशांत देव (71 किलो), अभिमन्यु लाउरा (80 किलो), संजीत (92 किलो) और नरेंदर बरवाल (प्लस 92 किलो) महिला : अंकुशिता बोरो (60 किलो), अरूंधति चौधरी (66 किलो)।

## लखनऊ विवि को हरा कर यूनिटी कॉलेज का खिताब पर कब्जा




**एजेंसी**


**लखनऊ** : लखनऊ विश्वविद्यालय मूट कोर्ट एसोसिएशन ने सफलतापूर्वक अंतर-कॉलेज मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के विधि संकाय के साथ ही उससे संबंद्ध महाविद्यालयों की 32 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल में विश्वविद्यालय को हराकर यूनिटी कॉलेज ने खिताब पर कब्जा कर लिया। वहीं सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता का पुरस्कार लखनऊ विवि की वैष्णवी ने जीता। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद, क्वार्टर फाइनल राउंड के लिए 8 टीमों का चयन किया गया। इन प्रतिस्पर्धी टीमों में से चार टीमें सेमीफाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई कर गईं। फाइनल राउंड का मुकाबला लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम (उर्वशी सिंह, कोमल तिवारी और सौम्या वर्मा) और यूनिटी कॉलेज की टीम (रबाइका सिद्दीकी, यासिर हुसैन आबिदी और प्रिया कश्यप) के बीच हुआ। विजेता टीम यूनिटी कॉलेज की टीम थी, और उपविजेता टीम लखनऊ विश्वविद्यालय की थी। सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल का पुरस्कार लखनऊ विश्वविद्यालय की एक टीम ने जीता, जिसमें आयुषी द्विवेदी, अभिराम पांडे और कुमार प्रसंग शामिल थे। सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता का पुरस्कार लखनऊ विश्वविद्यालय की वैष्णवी रस्तोगी ने जीता। सर्वश्रेष्ठ मूटर का पुरस्कार मां वैष्णो देवी लॉ कॉलेज की मानसी द्विवेदी ने जीता। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समापन समारोह में उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि हर साल बार में शामिल होने वाले अधिवक्ताओं की भारी संख्या आम आदमी को न्याय प्राप्त करने में मदद करेगी। छात्रों को यह विश्वास लेकर पढ़ाई करनी चाहिए कि उनकी पढ़ाई न केवल उनकी मदद करेगी, बल्कि समाज की भी मदद करेगी।

# राजस्थान ने मुकाबले में पंजाब को तीन विकेट से हराया



**एजेंसी**

**चंडीगढ़** : आईपीएल 2024 के 27वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया है। इस सीजन पांचवी जीत दर्ज करने के साथ राजस्थान की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। उसके 6 मैच में अब 10 अंक हो गए हैं। दूसरी ओर पंजाब को 6 मैच में चौथी हार का सामना करना पड़ा। उसे सिर्फ 2 मैचों में ही जीत मिली है। अंक तालिका में पंजाब की टीम आठवें पायदान पर है। चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में स्थित महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को खेले गए मुकाबले में राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पंजाब ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 147 रन बनाए। जवाब में राजस्थान की टीम ने शिरोमन हेटमायर की छोटी लेकिन निर्णायक पारी की मदद से 19.5 ओवर में 7 विकेट पर 152 रन बनाकर मैच को जीत लिया। हेटमायर ने अर्शदीप सिंह के आखिरी ओवर में 2 छक्के लगाकर टीम को जीत दिला दी। अर्शदीप 20वें ओवर में 10 रन नहीं बचा सके। हेटमायर 10 गेंद पर 27 रन बनाकर नॉटआउट रहे। उन्होंने एक चौका और 3 छक्के लगाए। राजस्थान के लिए हेटमायर के अलावा यशस्वी जायसवाल ने 39, तनुष कोटियान ने 24 और रियान पराग ने 23 रन बनाए। कप्तान संजू सैमसन ने 18 रन का योगदान दिया। रोवमन पॉवेल 11 और ध्रुव जुरेल 6 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब की तरफ से कगिसो रबाडा और सैम करन ने 2-2 विकेट लिए, जबकि अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बराड़ और लियाम लिविंगस्टोन को 1-1 सफलता मिली। इससे पहले, राजस्थान के गेंदबाजों ने इस मैच में कमाल का प्रदर्शन किया और पंजाब को 150 रन के आंकड़े तक भी नहीं पहुंचने दिया।



अस्टिन में मोटो जीपी में भाग लेते हुए मेवरिक विनालेस।

## एक झलक

### भारत ने 2023-24 में 18.48 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी

**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** भारत ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 18.48 गीगावाट की रिकॉर्ड नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी है। सरकार ने कहा कि यह इससे पिछले वित्त वर्ष में जोड़ी गई 15.27 गीगावाट क्षमता से 21 प्रतिशत अधिक है। नवीन एवं नवीकरणीय मंत्रालय के ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगले छह साल तक सालाना कम से कम 50 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की जरूरत है। आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च, 2024 तक भारत की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 143.64 गीगावाट है। इसमें 47 गीगावाट की बड़ी जलविद्युत क्षमता शामिल नहीं है। उन्होंने बताया कि बड़ी पनबिजली परियोजनाओं सहित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता फिलहाल लगभग 190 गीगावाट है। इसलिए भारत को अगले छह साल में 310 गीगावाट या प्रतिवर्ष औसतन 50 गीगावाट क्षमता जोड़ने की जरूरत है। केंद्रीय बिजली एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था, आप देखिए, नवीकरणीय ऊर्जा की हमारी स्थापित क्षमता लगभग 190 गीगावाट है।


### एलन मस्क अपनी एआई कम्पनी में इंजीनियर व डिजाइनर करेंगे नियुक्त

**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** एलन मस्क ने शनिवार को युवा प्रतिभाशाली लोगों से उनके कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उद्यम एक्सएआई में शामिल होने के लिए कहा। उनकी एक्सएआई कंपनी वर्तमान में उत्पाद, डेटा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों के अलावा इंजीनियरों और डिजाइनरों की भी नियुक्ति कर रही है। टेक अरबपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया कि एक्सएआई से जुड़ें। कंपनी जिसने ग्रोक नामक एआई चैटबॉट का अनावरण किया है, एआई ट्यूटर्स को भी नियुक्त कर रही है। कंपनी के अनुसार हम एआई शोधकताओं और इंजीनियरों की एक टीम हैं, जो एआई सिस्टम बनाने के मिशन पर हैं और मानवता को दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकते हैं। मस्क का एआई उद्यम अमेरिका और लंदन में सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र और पालो ऑल्टो में नियुक्तियां कर रहा है। एक्सएआई के अनुसार हालांकि हम व्यक्तिगत रूप से काम करना पसंद करते हैं, लेकिन हम असाधारण उम्मीदवारों के लिए दूरस्थ कार्य के अवसर भी प्रदान करते हैं।

### 'बादल पे पांव हैं' में मुख्य भूमिका में अमनदीप सिद्धू-सोनी सब

**अच्छे** कॉन्टेंट, खास तौर पर सशक्त महिला नायिकाओं को प्रदर्शित करने वाली कहानियों के लिए, पारंपरिक मानदंडों को नया आकार दिया है। 'बादल पे पांव हैं' का अनावरण किया है, जो सपनों और दृढ़ संकल्प की कहानी है। पावरहाउस निमार्ता जोड़ी, सरगुन मेहता और रवि दुबे द्वारा निर्मित, यह शो एक उत्साही लड़की की जीवनयात्रा को दर्शाता है। बेहद प्रतिभाशाली अमनदीप सिद्धू अभिनीत बानी अरोड़ा से मिलें। हमेशा चुनौतियों का डटकर सामना किया है, और समस्याओं के आगे कभी भी नहीं झुकी है।

# सात कम्पनियों का मार्केट कैप 59,404 करोड़ बढ़ा





**मुंबई (ईएमएस) :** पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 59,404.85 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसमें सबसे अधिक मुनाफा भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 19,029.37 करोड़ रुपये बढ़कर 6,92,861.27 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 15,363.23 करोड़ रुपये बढ़कर 7,75,447.63 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 10,250.02 करोड़ रुपये बढ़कर 19,85,797.70 करोड़ रुपये, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 7,507.53 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 14,47,343.55 करोड़ रुपये, आईटीसी की बाजार हैसियत 2,809.06 करोड़ रुपये बढ़कर 5,36,967.87 करोड़ रुपये, इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 2,303.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,424.57 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 2,141.91 करोड़ रुपये बढ़कर 6,84,294.62 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के विपरीत एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 23,170.58 करोड़ रुपये घटकर 11,53,894.76 करोड़ रुपये रह गई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 13,440.62 करोड़ रुपये घटकर 6,14,252.15 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 8,153.08 करोड़ रुपये घटकर 5,24,663.73 करोड़ रुपये रह गया। प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, इन्फोसिस, एलआईसी, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

## भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, कम्पनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

**मुंबई (ईएमएस) :** बाजार विश्लेषकों का कहना है कि इस सप्ताह भू-राजनीतिक घटनाक्रम, वृहद आर्थिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का होगा। बुधवार को रामनवमी पर्व पर बाजार में अवकाश रहेगा। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि यह सप्ताह बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इसकी वजह यह है कि ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष की आशंका पैदा हो रही है। दोनों के बीच तनाव बढ़ने से वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहटपूर्ण बिकवाली देखने को मिल सकती है। इसके अलावा बाजार की नजरें कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी, जो भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह इन्फोसिस, बजाज ऑटो और विप्रो की तिमाही नतीजे आने हैं जिन पर निवेशकों की नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े, अमेरिका के खुदरा बिक्री के आंकड़े और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल के अलावा डॉलर सूचकांक की दिशा बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। सोमवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर पर सभी की नजर रहेगी। कंपनी ने शुक्रवार को अपनी जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे पेश किए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी का मुनाफा बीते वित्त वर्ष की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में नौ प्रतिशत बढ़कर 12,434 करोड़ रुपये रहा है।

## देश के कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमत में हुआ बदलाव




**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 85.66 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 90.45 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। भारत में हर सुबह 6 बजे ईंधन के दामों में संशोधन किया जाता है। हरियाणा में रविवार को पेट्रोल की कीमत में 30 पैसे और डीजल में 29 पैसे की तेजी आई है। पंजाब में पेट्रोल 30 पैसे और डीजल 34 पैसे महंगा हो गया है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक और गुजरात में पेट्रोल-डीजल की कीमत में तेजी देखने को मिल रही है। दूसरी ओर राजस्थान में पेट्रोल 39 पैसे और डीजल 34 पैसे सस्ता हो गया है। महाराष्ट्र में भी पेट्रोल-डीजल की कीमत में 10 पैसे से ज्यादा की गिरावट है। केरल, गोवा और ओडिशा में भी पेट्रोल-डीजल के भाव गिरे हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 94.34 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 94.66 रुपये और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 94.53 रुपये और डीजल 87.61 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 94.52 रुपये और डीजल 87.61 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.58 रुपये और डीजल 92.51 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने बढ़ायी ब्याज दर

**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** सरकारी क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने एमसीएलआर को बढ़ा दिया है। पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो रेट 6.5 फीसदी पर स्थिर रखा गया था। इसके बाद भी अब बैंक की ओर से ब्याज दर में बढ़ोतरी की गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने 12 अप्रैल से अपने मार्जिनल कॉस्ट फंड बेस्ड लेंडिंग रेट (एमसीएलआर) को 4 टेन्योर में 0.05 फीसदी तक बढ़ाया है। अब ये नई दरें लागू होने के साथ ही ओवरनाइट एमसीएलआर 8.10 फीसदी है, जो पहले 8.05 फीसदी था। अब 3 महीने की एमसीएलआर 8.45 फीसदी होगी। यह पहले 8.40 फीसदी थी। छह महीने की एमसीएलआर 8.65 फीसदी है। वहीं एक साल की एमसीएलआर 8.85 फीसदी होगी। इसी तरह सरकारी बैंक इंडियन ओवरसीज बैंक ने भी एमसीएलआर में बढ़ोतरी की है।

## एफपीआई ने अप्रैल में अब तक बाजारों में 13,300 करोड़ किया निवेश




**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** बाजार के जानकारों ने कहा कि घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति तथा आर्थिक वृद्धि की बेहतर संभावनाओं के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अप्रैल के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में 13,300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि आगे चलकर भारत-मॉरीशस कर संधि में बदलावों पर चिंता एफपीआई प्रवाह पर असर डालेगी। यह स्थिति नई संधि के विवरण पर स्पष्टता आने तक बनी रह सकती है। उन्होंने कहा कि एक और बड़ी चिंता पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव है। ईरान-इजराइल के बीच तनाव बढ़ रहा है जिसका असर निकट अवधि में एफपीआई के निवेश पर देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) के पास काफी नकदी है। इसके अलावा खुदरा निवेशक तथा उच्च संपदा वाले व्यक्ति यानी एचएनआई भारतीय बाजार को लेकर आशान्वित हैं। ऐसे में एफपीआई की बिकवाली की भरपाई यहां से हो जाएगी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने इस महीने 12 अप्रैल तक भारतीय शेयरों में 13,347 करोड़ रुपये का निवेश किया है। हालांकि भारत-मॉरीशस कर संधि में बदलाव की आशंका के चलते शुक्रवार को एफपीआई ने 8,027 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि वृद्धि संबंधी चिंताओं के कारण फिच द्वारा चीन की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग परिदृश्य को स्थिर से घटाकर नकारात्मक करने की वजह से भारतीय बाजारों को भारी निवेश मिला है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मानसून सामान्य रहने की उम्मीद तथा मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था के बीच वृद्धि तेज रहने की उम्मीद से भी एफपीआई का भारतीय बाजारों को लेकर आकर्षण बढ़ा है। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने शेयरों के अलावा ऋण या बॉन्ड बाजार में 1,522 करोड़ रुपये का निवेश किया है। जेपी मॉर्गन इंडेक्स में भारत सरकार के बॉन्ड को शामिल किए जाने की घोषणा के बाद से एफपीआई भारतीय बॉन्ड बाजार में पैसा लगा रहे हैं। उन्होंने मार्च में बॉन्ड बाजार में 13,602 करोड़ रुपये, फरवरी में 22,419 करोड़ रुपये और जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये का निवेश किया है। कुल मिलाकर, इस साल एफपीआई अब तक शेयरों में कुल 24,241 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं। ऋण या बॉन्ड बाजार में उनका निवेश 57,380 करोड़ रुपये रहा है।

## डब्ल्यूटीआई कैब्स इस साल अपने बेड़े में 1,000 ईवी जोड़ेगी

**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** बी2बी परिवहन समाधान प्रदाता वाइज ट्रैवल इंडिया लिमिटेड (डब्ल्यूटीआई कैब्स) इस साल अपने बेड़े में 1,000 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) जोड़ने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी हरित परिवहन अभियान के तहत यह कदम उठाने जा रही है। कंपनी देश के दूसरी श्रेणी के शहरों मसलन चंडीगढ़, जयपुर, कोयंबटूर और इंदौर में विस्तार कर रही है। इसके अलावा कंपनी का इरादा सऊदी अरब और सुदूर-पूर्व के देशों के जरिये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उपस्थिति दर्ज कराने का है। उन्होंने कहा कि इस साल हमारा मुख्य लक्ष्य हरित पर है। हम अपने बेड़े में ऐसे वाहनों को शामिल कर रहे हैं जो बिजलीचालित और बायो-सीएनजी हैं। हमारे पास पहले से 300 इलेक्ट्रिक कार हैं। इस साल हम अपने बेड़े में एक हजार से अधिक इलेक्ट्रिक कार और बस शामिल करने जा रहे हैं। कंपनी डब्ल्यूटीआईकैब्स ब्रांड के तहत परिचालन करती है। इसके बेड़े में तीसरे पक्ष और व्यक्तिगत स्वामित्व वाले वाहन भी हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक इलेक्ट्रिक वाहनों की बात है, तो इनमें से ज्यादातर कंपनी के स्वामित्व वाले होंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए करीब 50 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। यह निवेश ऋण और इक्विटी के माध्यम से होगा।

## कर्माधिकारी शनिदेव' के हुए 100 एपिसोड्स



**शेमारू** टीवी के 'कर्माधिकारी शनिदेव' शो ने अपनी कहानी और बेहतरीन प्रदर्शन के बीच एक शानदार उदाहरण स्थापित किया है, जहां उन्होंने हाल ही में 100 एपिसोड्स पूरे कर लिए हैं। इस उपलब्धि को लेकर सेट पर मौजूद सभी कलाकार और क्रू मेंबर्स ने खुशी से जश्न मनाया और अपना उत्साह व्यक्त किया। 'कर्माधिकारी शनिदेव' शो ने दर्शकों के मनोरंजन के साथ उन पर एक गहरा प्रभाव भी छोड़ा है, यह पौराणिक कहानी कर्म के देवता शनिदेव के इर्द-गिर्द घूमती है, जो न्याय के देवता माने गए हैं। वे यह सुनिश्चित करते हैं कि हर किसी को अपने अच्छे और बुरे कर्मों का परिणाम मिले और सभी के साथ पूरी निष्पक्षता से न्याय हो। अभिनेता विनीत कुमार चौधरी और अपर्णा दीक्षित ने अपनी इस खूबसूरत यात्रा और पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों का एक प्रमाण है और दर्शकों के अटूट समर्थन को लेकर मैं उनका आभारी हूं।

## बीते सप्ताह तेल-तिलहन कीमतों में रहा गिरावट का रुख



**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** वैश्विक बाजारों में सोयाबीन डीगम कमजोर होने से आयातित खाद्य तेलों की कीमतें प्रभावित होने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट दर्ज हुई। इस दौरान सरसों, मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट देखने को मिली जबकि किसानों की अपेक्षा के अनुरूप दाम नहीं मिलने के कारण मंडियों में कम बिक्री करने से सोयाबीन तिलहन तथा बाजार में आवक घटने के बीच बिनौला तेल के दाम तेजी के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों का कहना हे कि बंदरगाह सहित अन्य स्थानों पर खाद्य तेलों के कमजोर स्टॉक के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशों में सोयाबीन डीगम तेल के थोक दाम पहले के 1,015-1,020 डॉलर प्रति टन से घटकर 975-980 डॉलर प्रति टन रह गये। इस गिरावट का असर बाकी तेल-तिलहनों पर भी आया और पिछले सप्ताह के मुकाबले समीक्षाधीन सप्ताह में अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 95 रुपये की गिरावट के साथ 5,340-5,380 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 350 रुपये घटकर 10,075 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 45-45 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 1,720-1,820 रुपये और 1,720-1,835 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमशः 170-170 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 4,910-4,930 रुपये प्रति क्विंटल और 4,710-4,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसके विपरीत सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल का भाव क्रमशः 300 रुपये, 400 रुपये और 375 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 10,400 रुपये और 10,050 रुपये और 8,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तिलहन के दाम 75 रुपये की गिरावट के साथ 6,105-6,380 रुपये क्विंटल पर बंद हुए। मूंगफली गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल के भाव भी क्रमशः 250 रुपये और 40 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 14,750 रुपये क्विंटल और 2,240-2,505 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चा पाम तेल (सीपीओ) 25 रुपये की गिरावट के साथ 9,425 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 125 रुपये की गिरावट के साथ 10,625 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 150 रुपये की गिरावट के साथ 9,650 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## पेज एक के शेष

**संकल्प पत्र में अनेक संकल्प...**

की नीति को जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आने पर राष्ट्रीय सहकारिता नीति लायी जायेगी, श्री अन्न पर बल दिया जायेगा, पश्चिमी भारत के बाद पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी भारत में बुलेट ट्रेन लायी जायेगी, वंदे भारत का मेट्रो, स्लीपर और चेयरकार तीन रूपों में विस्तार किया जायेगा।

लोकसभा चुनाव-2024 के संकल्प पत्र के विमोचन के दौरान प्रधानमंत्री ने युवा, महिला, किसान और गरीब चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को यह संकल्प पत्र सौंपा। भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में दाल, खाद्य, तेल और सब्जियों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को जारी रखने की बात कही गयी है। मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए गुणवत्तापूर्ण एवं सुविधा युक्त जीवन के अवसर प्रदान करने की दिशा में प्रतिबद्धता दिखायी गयी है। रियल एस्टेट से जुड़े सुधार लाकर सस्ते आवास उपलब्ध कराये जाने की भी बात कही गयी है। कामकाजी महिलाओं के लिए औद्योगिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में हॉस्टल का निर्माण किया जायेगा, जिसमें शिशु ग्रह जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी। ट्रक चालकों के आराम और अन्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हाइवे पर आरामगृह बनाये जायेंगे। एक विशेष अभियान चला कर सर्वाइकल कैंसर को दूर किया जायेगा। नारी शक्ति बंधन अधिनियम को व्यवस्थित रूप से लागू कर लोकसभा राज्य विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जायेगा।

संकल्प पत्र समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कहा कि 2014 या फिर 2019 में मोदीजी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने हर संकल्प पूरा किया है। 2019 के संकल्प पत्र में हमने आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर भारत की एक संकल्पना के साथ-साथ 2047 के भारत की रूपरेखा भी रखी थी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 05 सालों में हमने संकल्पित भारत सशक्त भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में सफलतापूर्वक कार्य किया है। अब हम 140 करोड़ नागरिकों के सामने नया संकल्प पत्र प्रस्तुत करने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र तैयार करने के लिए तीन माध्यम से सुझाव प्राप्त हुए हैं। बड़ी संख्या में ऑनलाइन इनपुट्स आए हैं चार लाख सुझाव नमो ऐप के माध्यम से भी आये हैं करीब 10 लाख सुझाव वीडियो के माध्यम से आये हैं। कुल मिला कर 15 लाख सुझाव समिति के पास आये, जिनमें से कुछ मुख्य विषय ढूंढे गये और उन पर कार्य किया गया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हर बार चुनाव के समय पर भारतीय जनता पार्टी अपनी वैचारिक यात्रा आगे बढ़ती है। एकात्मानवाद से अंत्योदय तक और प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को जोड़ते हुए भाजपा ने अपनी नीतियां आगे बढ़ायी हैं। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने गांव, गरीब और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए काम किया है। जनसंघ के समय से ही भाजपा ने डॉ. अम्बेडकर के पथ पर चलते हुए सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने के लिए दिशा में कार्य किया है। उन्होंने कहा कि 10 साल भारतीय जनता पार्टी का शासन इस बात का प्रमाण है कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी है।

**चुनावी सभाओं में जम कर झूठ बोल रहे प्रधानमंत्री : प्रियंका गांधी...**

के बहाने दो-दो मुख्यमंत्री जेल में हैं। उन्होंने कहा कि 10 सालों से किसानों, महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। न रोजगार मिल रहा है, न किसानों को कुछ मिल रहा है। जिस तरह उद्योगपतियों के लोन माफ हो रहे हैं, देश की सम्पत्तियां इनको दी जा रही हैं, हम चाहते हैं कि ये सभी आपको वापस मिलें। आपको सिर्फ झूठ बताया जा रहा है, सच्चाई आपको नहीं बतायी जाती। देश में जो 30 लाख पद खाली हैं, उनको हम भरेंगे।

**अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर की फायरिंग...**

घटना की जानकारी मिलते ही बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन कर रही है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी। सलमान खान के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। पुलिस सीसीटीवी के जरिये आरोपियों की तलाश कर रही है। इस बीच फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर की गयी हवाई फायरिंग के लिए प्रयोग में लायी गयी मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इसकी फोरेंसिंक जांच की जा रही है। इस घटना के बाद कुख्यात लारेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट अपलोड कर घटना की जिम्मेदारी ली है। अनमोल विश्रोई ने सोशल मीडिया पर कहा है कि अगली बार गोलियां घर पर नहीं चलेंगी।

इस घटना के बाद इस घटना के आरोपितों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए 15 पुलिस टीमें गठित की गयी हैं। इस घटना के बाद मुंबई के संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध शाखा) लक्ष्मी गौतम और मुठभेड़ विशेषज्ञ दया नायक सहित मुम्बई के शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने मौके पर जाकर मुआयना किया है। इस घटना के बाद घटनास्थल के आस पास 70 से अधिक सीसीटीवी खंगाले जा चुके हैं। फायरिंग करनेवाले दोनों बदमाश मुंबई सेंट्रल की ओर से बांद्रा स्थित सलमान खान के आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट तक पहुंचे थे और पश्चिमी हाईवे से दहिसर की फरार हुए थे।

इस घटना के बाद सलमान खान के परिवार वालों को भी सुरक्षा प्रदान कर दी गयी है। अब तक सलमान खान को वाई स्तर की सुरक्षा मिलती थी, जिसे बढ़ा कर वाई प्लस कर दिया गया है। साथ ही, घर के आस-पास पुलिस की संख्या बढ़ा दी गयी है। अब तक की छानबीन में पता चला है कि दोनों बदमाशों ने सलमान खान के आवास पर कुछ छह गोलियां चलायी थीं। इनमें से एक गोली अभिनेता के घर की गैलरी के अंदर पायी गयी है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में गोलीबारी की घटना की जिम्मेदारी ली है। मुम्बई पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और अनमोल बिश्नोई के सोशल मीडिया हैंडल की जांच कर रही है। जानकारी मिली है कि इस मामले में पुलिस की टीम जेल में बंद लारेंस बिश्नोई से भी पूछताछ कर सकती है।

मुंबई के डीसीपी राज तिलक रौशन ने बताया कि मामले की छानबीन जारी है। पिछले साल सलमान खान को कनाडा स्थित भगोड़े गैंगस्टर गोल्डी बरार से धमकी भरा ई-मेल मिला था। उन्होंने खुले तौर पर घोषणा की थी कि खान उनके गिरोह की हिट-लिस्ट में था। राज तिलक रौशन ने कहा कि जांच हर ऐंगल से की जा रही है। बहुत जल्द हम नतीजे तक पहुंचेंगे।

**भाजपा ने बाबा साहब के योगदान को नयी पहचान दी : नरेन्द्र मोदी...**

के रूप में स्थापित कर रही है।

उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेदकर को जो सम्मान कांग्रेस ने कभी नहीं दिया, वह सम्मान करने का सौभाग्य मोदी सरकार को मिला। कांग्रेस ने सदैव बाबा साहब अम्बेदकर को अपमानित किया है। डॉ. अम्बेदकर द्वारा बनाये गये संविधान के कारण ही, गरीब मां का बेटा मोदी आपसे तीसरी बार सेवा का आशीर्वाद मांग रहा है। बाबा साहब के दिए हुए संविधान के कारण एक आदिवासी परिवार की बेटी आज देश की राष्ट्रपति बनी है। जिस समाज को सबसे अंत में रख कर, वंचित रखा गया, उस समाज की बेटी आज देश की प्रथम नागरिक है। भाजपा ने बाबा साहब के मात्र विचारों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि आधुनिक भारत में उनके योगदान को नयी पहचान दी है। आज देश की जनता मोबाइल के माध्यम से जिस यूपीआई के जरिये भुगतान कर रही है, उसका नाम बाबा साहब के सम्मान में भीम यूपीआई रखा गया है।

मोदी ने कहा कि देश की आजादी और राष्ट्र निर्माण में आदिवासी समाज का बहुत समृद्ध योगदान रहा है। कांग्रेस ने आदिवासी समाज के योगदान को कभी भी स्वीकार नहीं किया। आजादी के अनेक दशक तक एक ही परिवार ने सीधे और रीमोट कंट्रोल से सरकार चलायी और उसी परिवार ने देश में आपातकाल की घोषणा भी की थी। कांग्रेस ने देशभर की लोकतांत्रिक सरकारों को पत्ते के महल की तरह गिराने का काम किया। कांग्रेस ने अपने हिसाब से इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा और मन-मुताबिक उसे लिखवा कर स्वयं का ही महिमामंडन करवाया। कांग्रेस के हिसाब से पहले लोकतंत्र ठीक चल रहा था, लेकिन जब एक गरीब घर का बेटा प्रधानमंत्री बना, तो कांग्रेस ने अफवाह फैलानी शुरू कर दी कि मोदी आया है, संविधान और लोकतंत्र खत्म हो जायेगा। शायद कांग्रेस को पता नहीं कि बाबा साहब के संविधान के कारण ही मोदी इस पद पर पहुंचा है। कांग्रेस का शाही परिवार धमकी दे रहा है कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बना, तो देश में आग लग जायेगी। कांग्रेस में 2014 और 2019 के चुनावों के साथ राम मंदिर उद्घाटन और 370 के हटने पर भी देश में आग लगने की बात कही, मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ।

**जो लोग खुद ही बेल पर हों, वह क्या मोदी जी को जेल में भेजेंगे : राजनाथ सिंह...**

जमुई में जनसभा को सम्बोधित करने के बाद राजनाथ सिंह बांका के लिए रवाना हो गये। बांका के शंभुगंज स्थित हाई स्कूल मैदान में दोपहर 2.30 बजे उन्होंने दूसरी चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। दूसरे चरण में निर्धारित बांका लोकसभा सीट से एनडीए ने जदयू के गिरधारी यादव को उम्मीदवार बनाया है। तेजस्वी यादव के हेलीकॉप्टर में मछली खाने पर कहा कि आपको कुछ भी खाना हो, खाओ लेकिन दिखाने की क्या जरूरत है ? मैं लालू यादव से कहूंगा कि ऐसे लोगों को सम्भालिए। रक्षा मंत्री बांका में जनसभा को सम्बोधित करने के बाद देवघर होते हुए वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गये।

**नयी सरकार बनते ही भारत को मिलेंगे नये थल सेना, वायु सेना और नौसेना प्रमुख...**

तक नौसेना को नया प्रमुख मिल जायेगा, क्योंकि 25वें प्रमुख एडमिरल हरि कुमार 30 अप्रैल को अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। रक्षा मंत्रालय की चयन समिति ने पांच वरिष्ठ नौसेना अधिकारियों के नाम नियुक्ति पर निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) को भेजे हैं। उम्मीद है कि एसीसी जल्द ही अगले नौसेना प्रमुख की घोषणा करेगी।

वरिष्ठता को देखते हुए नौसेना स्टाफ के वर्तमान उप प्रमुख वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी प्रमुख दावेदार हैं। वाइस एडमिरल त्रिपाठी जुलाई 1985 में नौसेना में शामिल हुए। उन्हें संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में विशेषज्ञता हासिल है और उन्होंने फ्रंटलाइन युद्धपोतों पर सिग्नल संचार अधिकारी और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अधिकारी के रूप में भूमिकाएं निभायी हैं। उन्होंने अपने नेतृत्व में परिचालन क्षमताओं को बढ़ाते हुए भारतीय नौसेना के जहाजों आईएनएस विनाश, आईएनएस किर्च और आईएनएस त्रिशूल की कमान सम्भाली है।

इसके साथ ही सरकार को नए डीआरडीओ प्रमुख की भी तलाश है, क्योंकि एजेंसी के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामथ करीब तीन साल के कार्यकाल के बाद 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। भविष्य के युद्ध के लिहाज से डीआरडीओ उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकियों को विकसित करने में लगा है। स्क्रीनिंग कमेटी ने डीआरडीओ के तीन वरिष्ठ वैज्ञानिकों के नाम सुझाये हैं, जिनमें इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार प्रणाली के महानिदेशक डॉ. बीके दास, माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कम्प्यूटेशनल सिस्टम और साइबर सिस्टम के महानिदेशक सुमा वरुघीस और मिसाइल और रणनीतिक सिस्टम के महानिदेशक उम्मालनेनी राजा बाबू दास हैं।

## एक झलक

### छह की हत्या करनेवाले की हुई पहचान

**सिडनी** : सिडनी के एक भीड़भाड़ वाले शॉपिंग सेंटर में चाकू से हमला कर 6 लोगों की हत्या करने वाले हमलावर की पहचान पुलिस ने कर ली है। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) पुलिस ने यह दावा करते हुए रविवार को बताया कि शहर के बॉण्डी जंक्शन में वेस्टफील्ड शॉपिंग सेंटर में शनिवार दोपहर को किए गए हमले के लिए जोएल कॉची (उम्र 40) जिम्मेदार है। एक पुलिस अधिकारी ने इस घटना के बाद उसे गोली मारकर ढेर कर दिया था। एनएसडब्ल्यू के सहायक पुलिस आयुक्त एंथनी कुक ने पत्रकारों को बताया कि घटना को अंजाम देने वाला कॉची मानसिक रूप से बीमार था और पुलिस जांचकर्ता इसकी आतंकवादी घटना के तौर पर जांच नहीं कर रहे हैं।

### नेपाल में विदेशी नाम वाले स्कूलों की मान्यता होगी रद्द

**काठमांडू** : काठमांडू महानगरपालिका की चेतावनी के बाद करीब पौने दो सौ स्कूलों के विदेशी नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। काठमांडू के मेयर ने नेपाली मौलिकता और संस्कृति वाले नाम नहीं रखने पर नए शैक्षिक सत्र से विद्यालय की मान्यता रद्द करने की चेतावनी दी है। काठमांडू महानगरपालिका के मेयर ने करीब दो महीने पहले देश के 370 विदेशी नाम वाले विद्यालयों से अंग्रेजी नाम हटाने और नेपाली मौलिकता वाले नाम रखने का आग्रह किया गया था। महानगरपालिका की तरफ से लगातार तीन बार इस तरह की सूचना जारी करने के बाद भी स्कूल प्रशासन ने अनसुनी की। करीब 15 दिन पहले जब विद्यालयों की मान्यता रद्द करने की चेतावनी सहित पत्र भेजा गया तब जाकर कई स्कूलों ने नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू की है।

### इजराइली जहाज को ईरान ने लिया कब्जे में

**तेहरान** : ईरान ने इजरायल से जुड़े एक मालवाहक जहाज को अपने कब्जे में ले लिया है, जिसमें 17 भारतीयों के होने की जानकारी दी गई है। इस सूचना के बाद से ही भारत सरकार एक्टिव हो गई है और इस मामले पर बारीक नजर रखे हुए है। भारत ने संबंधित अधिकारियों से संपर्क भी साधा हुआ है। इजराइली मालवाहक जहाज को ईरान द्वारा कब्जे में लेने की अमेरिका ने निंदा की है। इसके साथ ही अमेरिका ने इस बात की पुष्टि भी की है कि जहाज के चालक दल में भारतीय सदस्य भी मौजूद हैं। यह संभवतः पहली दफा हो रहा जबकि जहाज पर भारतीयों की मौजूदगी की सार्वजनिक तौर पर पुष्टि की गई है। व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिनी वाटसन ने अपने बयान में कहा, कि हम अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में पुर्तकाली ध्वज वाहक, ब्रिटिश स्वामित्व वाले एमएससी एरीज पर ईरानी कब्जे की कड़ी निंदा करते हैं।

### भारत-पाक सैनिकों ने ईद पर नहीं किया मुंह मीठा

**इस्लामाबाद** : भारत और पाकिस्तान के मध्य जारी तनाव के चलते दोनों देशों के सैनिकों के बीच मिठाई अदान-प्रदान भी बंद है। दरअसल खबर यह है कि इस दफा ईद के मौके पर अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात दोनों देशों के सैनिकों ने एक दूसरे को सद्भावना स्वरुप मिठाई का आदान-प्रदान भी नहीं किया है। इसके साथ ही सालों से जारी सद्भावना परंपरा भी टूट गई है। गौरतलब है कि भारत-पाक सीमा पर भारत की ओर से सीमा सुरक्षा बल और दूसरी तरफ पाकिस्तान रेंजर्स के जवान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात रहते हैं। पिछले अनेक सालों से यह परंपरा रही है कि दोनों बल धार्मिक त्योहारों एवं राष्ट्रीय उत्सवों के अवसर पर एक दूसरे को सद्भावना प्रकट करते रहे हैं। यहां यह भी बतलाते चलें कि मोदी सरकार द्वारा साल 2019 में कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने पर पाकिस्तान ने नाराजगी जाहिर की है। इससे देशों देशों के संबंध लगातार खराब हुए हैं। इसका सबसे ज्यादा असर पिछले महीने तब देखने को मिला था, जबकि होली के अवसर पर पाकिस्तानी रेंजर्स और बीएसएफ के बीच मिठाई बितरित नहीं की गई।

# विकसित भारत की नींव है भाजपा का संकल्प पत्र : योगी

## अपराधी प्रभु श्रीराम के मार्ग पर चलें या फिर उनका होगा राम नाम सत्य : आदित्यनाथ

एजेंसी

**देहरादून** : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओर से जारी भाजपा के लोक कल्याण संकल्प पत्र को विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला, आत्मनिर्भर भारत को आगे बढ़ाने वाला, युवा, महिला, किसान और गरीब का आधार बताया। 2047 तक भारत दुनिया की सबसे बड़ी ताकत और ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित हो, ऐसे भारत के निर्माण के लिए भाजपा ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है।

पौड़ी गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र में श्रीनगर स्थित एनआईटी के मैदान रविवार को आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता संकल्प पत्र को पढ़े और जन-जन के बीच रखें। भाजपा ने मोदी की गारंटी को आधार बनाया है। मोदी ने 2014 में आने के साथ ही कहा था कि हमारी योजनाएं किसी व्यक्ति, जाति, मत और मजहब के लिए नहीं होगा। योजनाओं का आधार होगा। सबका साथ सबका विकास होगा। आज का संकल्प पत्र भी नेशन फर्स्ट बनाम फैमिली फर्स्ट के बीच में है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुझे 1998 से गोरखपुर से पांच बार सांसद रहने का अवसर प्राप्त हुआ। कांग्रेस के उस काल को भी मैंने देखा था। कोई नेशनल एजेंडा नहीं था, न युवा था, न महिलाएं थीं, न गरीब था, न किसान था। उनका एजेंडा स्वार्थ पर आधारित था। देश को फिर से विघटन की ओर ले जाने वाला था, लेकिन पिछले 10 वर्षों के हमने अंदर बदलते भारत को देखा है। वैश्विक मंच पर सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। उत्तराखंड ने तो पहला और द्वितीय सीडीएस भी देश को दिया है। गढ़वाल सीडीएस जनरल स्व. विपिन रावत की जन्मभूमि है।

कांग्रेस शासनकाल में देश के अंदर आंतरिक सुरक्षा की स्थिति क्या थी? लगभग 150 जनपद देश के ऐसे थे, जो भीषण नक्सलवाद की चपेट में थे। आज बमुश्किल तीन-चार जनपदों में है। आप मोदी को तीसरा कार्यकाल दीजिए फिर देखिए नक्सलवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा। कश्मीर में आतंकवाद की समस्या का समाधान हो गया है। अनुच्छेद-370 समाप्त हो गया है। लोग लोकतंत्र की मुख्यधारा से जुड़कर मोदी की गारंटी पर विश्वास कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर के अंदर ये परिवर्तन है।



■ विजय संकल्प रैली में योगी-योगी के गूंजे नारे

■ भाजपा उम्मीदवार त्रिवेन्द्र के पक्ष में की मतदान की अपील

**हरिद्वार** : उत्तराखंड की हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार त्रिवेन्द्र सिंह रावत के पक्ष में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रुड़की में विजय संकल्प रैली में इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा और मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को भगवान के बताए मार्ग पर चलना होगा। प्रभु श्रीराम को मानना होगा जो अपराधी श्रीराम को नहीं मानेगा, उसका राम नाम सत्य होगा। रुड़की के नेहरू स्टेडियम में आयोजित विजय संकल्प रैली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना भाषण गंगा मैया की जय के साथ शुरू किया। उन्होंने कहा कि वह देवभूमि को नमन करते हैं। आज बाबा साहब की जयंती है और उन्हें असली सम्मान भाजपा ने दिलाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने भगवान श्रीराम का मंदिर बनवाया। जबकि कांग्रेस ने श्रीराम को मानने से ही इंकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री रहते हुए उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कई मामलों का निस्तारण किया। उत्तराखंड में पिछली सरकारों ने जो नुकसान पहुंचाया दोनों भाजपा सरकारों ने उसे सुलझाया। योगी ने कहा कि अयोध्या की तर्ज पर हरिद्वार को बनाया जाएगा।

# नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत का झंडा पूरी दुनिया में हुआ ऊंचा : धामी

एजेंसी

**पीलीभीत** : भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में भारत ने दुनिया में अपना स्थान बनाया है। भारत का झंडा पूरी दुनिया में ऊंचा हुआ है।

मुख्यमंत्री धामी ने प्रबुद्धजनों के सम्मेलन में कहा कि आज आवश्यक हो गया है कि हम सबको एकजुट होकर क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार को जिताना है। आपका पड़ोसी होने के नाते मैं आप सबसे मिलने आया हूं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से यदि देश और जनता के लिए इतनी लगन से सर्वाधिक कार्य किया है तो वह नरेन्द्र मोदी हैं। यही बात जन-जन तक पहुंचानी है। पूरी दुनिया का डिजिटल ट्रांजेक्शन का 50 फीसदी अकेले भारत में होता है। यह सब



इसलिए संभव हो पा रहा है क्योंकि हमारे पास सशक्त एवं दृढ़ निश्चय वाला व्यक्ति नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने जब यूपीआई को बढ़ावा देकर डिजिटल ट्रांजक्शन की बात की तो विपक्षी मजाक बना रहे थे। कहते थे कि यहां कम पढ़े-लिखे लोग हैं। वे कैसे डिजिटल ट्रांजेक्शन करेंगे। तब मोदी ने कहा था कि ऐसा बोलने वालों को देश की जनता खुद जवाब देगी। वही हुआ। आज हर ठेले पर भी यूपीआई से ट्रांजेक्शन हो रहा है।

धामी ने मोदी सरकार की उज्ज्वला योजना, जनधन योजना समेत तमाम योजनाओं का जिक्र कर इसे जनता के जीवन में बदलाव लाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने जो कभी नहीं सोचा था, पीएम मोदी ने वह भी करके दिखाया। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त किया। तीन तलाक समाप्त हुआ। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। सीएए लागू किया। इस कानून के लागू होते ही शरणार्थियों का जीवन बदल गया। पड़ोसी देशों से आए विस्थापित अल्पसंख्यक भाइयों को बड़ी राहत मिलेगी। आज देश पर कोई हमला करता है तो भारतीय सेना सर्जिकल स्ट्राइक करके जवाब देती है। आज यह बदलाव हुआ है। इस बदलाव को देश और दुनिया के लोग महसूस कर रहे हैं।

### लाहौर में सरबजीत के हत्यारे की हत्या

**नयी दिल्ली** : लाहौर में अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अमीर सरफराज वही है, जिसने आईएसआई के इशारे पर पाकिस्तान की जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत की हत्या की थी। पाकिस्तान की कोट लखपत जेल में अमीर सरफराज ने सरबजीत की पॉलीथिन से गला घोंटकर और पीट- पीट कर हत्या कर दी थी। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के कहने पर अमीर ने सरबजीत को तड़पा-तड़पा कर मारा था। पंजाब के सरबजीत को पाकिस्तान में जासूसी के आरोप में पाकिस्तानी सेना ने पकड़ा था।

## उत्तराखंड में मौसम का ऑरेंज अलर्ट

# गर्जन के साथ भिगोयेंगी बौछारें ऊंची चोटियों पर होगी बर्फबारी

■ मौसम हुआ खुशनुमा, तेज हवाएं चलने से गर्मी से मिली राहत

एजेंसी

**देहरादून** : उत्तराखंड में अब फिर मौसम का मिजाज खराब रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने 15 अप्रैल तक प्रदेश में तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि और बिजली चमकने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कुछ मैदानी इलाकों के साथ पर्वतीय जिलों में 40 से 50 किलोमीटर की तेज रफ्तार से हवा चलेंगी। चार हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी होने की भी संभावना है। रविवार को मौसम का मिजाज बदलने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। मौसम भी खुशनुमा हो गया है। 15 अप्रैल तक तेज हवाएं चलने से तपती गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। हल्की बारिश होने से मौसम में भी बदलाव आएगा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 14 अप्रैल रविवार को उत्तराखंड राज्य के सभी जनपदों में ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आज राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम का मिजाज बिगड़ने की संभावना है।

# बाबा साहब के सपनों को साकार करनेवाली सरकार चुनें : मायावती

एजेंसी

**लखनऊ** : बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को कहा कि इस लोकसभा चुनाव में ऐसी सरकार चुननी है जो बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सपनों को साकार करने वाली हो। मायावती ने डॉ. आंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जारी बयान में मायावती ने देश और खासकर उत्तर प्रदेश में रहने वाले बहुजन समाज के लोगों को बाबा साहब का वह मिशनरी वाक्य याद दिलाया कि अपनी एकजुटता व राजनीतिक शक्ति के बल पर सत्ता



की मास्टर चाबी प्राप्त करो जिससे तरक्की के तमाम बंद दरवाजे खुल जाते हैं।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब के इस महान उद्देश्य के लिए आजीवन कड़ा संघर्ष व उनके इस मिशनरी संदेश का वर्तमान लोकसभा चुनाव के समय बहुत महत्व है। क्योंकि जातिवादी पार्टियों की यहां अब तक रही सरकारों में न केवल उनके कल्याणकारी संविधान को उसकी मंशा के हिसाब से सही से लागू न करके उसकी उपेक्षा करके गरीब, बहुजन विरोधी काम लगातार किया है। जबकि यूपी में रही बसपा सरकारों में समान्य वर्ग की सरकारी नौकरी पर लगी पाबंदी को हटाकर सर्वसमाज को रोजगार के अवसर दिए। मायावती ने कहा कि कांग्रेस का 'गरीबी हटाओं' का नारा सही नीयत व नीति के अभाव में केवल चुनावी स्लोगन बनकर पूरी तरह से विफल रहा।

### केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई आज

**नयी दिल्ली** : दिल्ली शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 15 अप्रैल यानी सोमवार को सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। दिल्ली हाई कोर्ट ने विगत मंगलवार को गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाई कोर्ट ने ईडी की दलील पर गौर करते हुए कहा था कि ईडी के पास केजरीवाल की गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त सबूत हैं।

# हिन्दी सिनेमा में वापसी कर रही हैं निधि अग्रवाल

एजेंसी

**मुंबई** : अभिनेत्री निधि अग्रवाल कुछ अंतराल के बाद हिन्दी फिल्मों में फिर नजर आने वाली हैं। निधि अपनी अपकमिंग ओटीटी डेब्यू फिल्म डंक - वन्स बिटन ट्वाइस शाइ को लेकर बहुंत उत्साहित और पूरी तरह से तैयार हैं। निधि पहली बार बिकनी अवतार में नजर आएंगी। एक्ट्रेस पिछली बार 2017 में हिंदी फिल्म मुन्ना माइकल में नजर आईं थीं।

प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित इस फिल्म में सुचित्रा कृष्णमूर्ति और विनय पाठक के साथ तुषार कपूर और शिविन नारंग भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएगें। डंक के बारे में बात करते हुए निधि ने कहाः तेलुगु, तमिल और हिंदी में अपनी उपस्थिति स्थापित करने के बाद अब मैं एक छोटे अंतराल के बाद हिंदी सिनेमा में वापसी कर रही हूं और साथ ही दक्षिणी फिल्म परिदृश्य पर भी अपना दबदबा बना रही हूं। निधि ने आगे कहा कि उनके पास रोमांचक परियोजनाओं की भरमार है। मैं वर्तमान में महान पवन कल्याण और राजा साब के साथ एक मनोरम पीरियड फिल्म हरि हर वीरा मल्लू में काम कर रही हूं। जहां मैं प्रतिभाशाली प्रभास के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हूं। निधि ने आगे कहा कि दोनों फिल्में इस साल रिलीज होने वाली हैं और मुझे इन दोनों फिल्मों से बहुत अधिक उम्मीद है। निधि ने कहा, दक्षिण में दो नायकों और एक अन्य आशाजनक स्क्रिप्ट के साथ मैं सिनेमाई परिदृश्य में धूम मचाने के लिए तैयार हूं।



# श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में 15 से 18 अप्रैल तक नहीं होगा वीआईपी दर्शन

■ 15 से 18 अप्रैल तक के बीच के ऑनलाइन बने सभी पास किये गये निरस्त

■ ट्रस्ट की अपील राम लला के जन्मोत्सव पर मोबाइल लेकर ना आयें मन्दिर

एजेंसी

**अयोध्या** : रामनवमी पर श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला का वीआईपी दर्शन नहीं हो पायेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की ओर से रामलला के 15 से 18 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन को पूर्ण रूप से प्रतिबंध किया गया है। इस दौरान किसी भी तरह के वीआईपी दर्शन और पहले से बने वीआईपी पास पर रोक लगा दी गई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रविवार को गाइडलाइन जारी किया है। जिसमें 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक किसी भी तरह के वीआईपी दर्शन और वीआईपी पास पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। इस दौरान श्रद्धालु सुगम दर्शन पास और आरती के पास का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक के बीच के ऑनलाइन बना लिये गये पास निरस्त किये गये हैं।

# वैशाखी पर 2,400 सिख तीर्थयात्री पाक पहुंचे

एजेंसी

**लाहौर** : वार्षिक बैसाखी उत्सव में भाग लेने के लिए तकरीबन 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री वाघा सीमा के रास्ते होते हुए शनिवार को लाहौर पहुंचे हैं। आधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय सिख तीर्थयात्री यहां बैसाखी उत्सव में हिस्सा लेंगे। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के पहले सिख मंत्री एवं पाकिस्तानी गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार रामश सिंह ओरारा ने इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वाघा सीमा पर भारतीय सिख तीर्थयात्रियों का स्वागत किया है। ईटीपीबी के



प्रवक्ता अमीर हाशमी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा, कि गुरुद्वारा पंजा साहिब, हसनअबदाल में बैसाखी उत्सव में शामिल होने के लिए तकरीबन 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री यहां पहुंचे हैं। हाशमी ने कहा कि उत्सव का मुख्य कार्यक्रम रविवार को हो रहा है, जिसमें 11,000 से अधिक स्थानीय और विदेशी सिख तीर्थयात्री पंजा साहिब में जुटने के लिए पहुंचे हैं।

# महाराष्ट्र में 05 हजार 617 तृतीयपंथी मतदाता

एजेंसी

**मुंबई** : महाराष्ट्र में इस वर्ष 5617 तृतीयपंथी मतदाता लोकसभा के लिए मतदान करेंगे। यह जानकारी राज्य चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने दी है। जानकारी के अनुसार, सबसे ज्यादा तृतीयपंथी मतदाता ठाणे जिले में 1279 पंजीकृत किए गए हैं। मुंबई उपनगर जिले में 812 और पुणे में 726 तृतीय पंथी मतदाता पंजीकृत किए गए हैं। इसी तरह गोंदिया में 10, गढ़चिरौली में 9, हिंगोली में 7, भंडारा में 5 और सिंधुदुर्ग में 01 तृतीय पक्ष मतदाता पंजीकृत किए गए हैं। तीसरे पक्ष के कार्यकर्ता गौरी सावंत, प्रणीत हट और जैनब पटेल चुनाव स्वयंसेवक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि 2004, 2009 के लोकसभा चुनाव के दौरान तृतीयपंथी मतदाताओं की अलग से एंट्री नहीं होती थी। 2014 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद तीसरे पक्ष के मतदाताओं को पहली बार वोट देने का अधिकार मिला। 2014 के चुनावों के दौरान पहली बार पुरुष मतदाता, महिला मतदाता और तृतीयपंथी मतदाता के रूप में एक तीसरी श्रेणी बनाई गई थी।

# हॉस्टल में लगी भीषण आग, कई झुलसे, 70 छात्र को बचाया

■ एक छात्र खिड़की से कूदा, पैर टूटा, अस्पताल में भर्ती

एजेंसी

**कोटा** : राजस्थान के कोटा शहर में एक हॉस्टल में आग लग गई जिसमें कई छात्र हॉस्टल के अंदर ही फंस गए। जिससे कई छात्र घायल हो गए। छात्र अपनी जान बचाने के लिए एक छात्र हॉस्टल की खिड़की कूद गया जिससे उसका पैर फैक्चर हो गया। सूचना मिलते ही दमकलकर्मियों और पुलिस अधिकारियों की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और सीढ़ी के जरिए दूसरे और तीसरे माले में मौजूद 70 छात्रों को बचाया।

जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह कुन्हारी इलाके के आदर्श हॉस्टल में एक ट्रांसफॉर्मर में विस्फोट होने से आग हॉस्टल लग गई। ग्राउंड फ्लोर पर लगी आग तेजी से ऊपर की ओर फैल गई जिससे हॉस्टल में मौजूद छात्रों में दहशत फैल गई। एक छात्र आग से बचने के लिए कमरे की खिड़की से कूद गया, जिससे उसका पैर टूट गया। उसे अस्पताल में भ्रर्ती कराया गया है।

इस हादसे में सात छात्र मामूली रुप से झुलस गए और उन्हें अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। हॉस्टल में एक छात्र ने बताया कि आग लगने के समय सभी सो रहे थे। आग



लगने का शोर सुना और बाहर भागे क्योंकि आग दूसरी मंजिल तक पहुंच गई थी। हॉस्टल में आग से बचने के कोई सुरक्षा के उपाय नहीं हैं। मौके पर पहुंची दमकल ने बिना आग पर काबू पा लिया, लेकिन छात्रों का सामान पूरी तरह जल गया। हॉस्टल संचालक पर असुरक्षित प्रतिष्ठानों के लिए लापरवाही का आरोप लगाया गया है।

कोटा सिटी एसपी ने पत्रकारों से कहा कि सुबह के साढ़े छह बजे के लगभग लक्ष्मण विहार इलाके के एक हॉस्टल में आग लगने की सूचना मिली थी। पांच माला इस हॉस्टल में 75 कमरे हैं। हादसे के समय 70 छात्र हॉस्टल में सो रहे थे। जिन छात्रों को चोट लगी, उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। 8 छात्रों को अस्पताल भेजा गया था जिसमें से दो को भर्ती किया, बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एफएसएल की टीम मामले की जांच कर रही है। हॉस्टल संचालक के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज कर कानूनी कारवाई की जाएगी। छात्रों को हॉस्टल एसोसियेशन दूसरे हॉस्टल में शिफ्ट करवा रहा है। अब उनकी और अभिभावकों की काउंसलिंग की जाएगी।